CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 08°C

मुरादाबाद, रविवार 8 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 175 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 19 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भारत-अमेरिका व्यापार ढांचा मेक इन इंडिया को देगा नई गति: योगी पेज 2



टी-20 विश्व कप से हर्षित राणा बाहर, सिराज भारतीय टीम में शामिल खेल टाइम्स



एपस्टीन फाइल्स: अनिल अंबानी की चैट सामने आई पेज 11



रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती है शाहिद-रश्मिका की जोड़ी बॉलीवुड

# भारत पर लगा अमेरिकी एक्स्ट्रा टैरिफ हुआ खत्म

**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क की घोषणा की तारीफ की। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है।

पीयूष गोयल ने साफ किया कि इस समझौते में जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) फूड को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 27.18 लाख करोड़ रुपये) के



- **अमेरिका में भारतीय कृषि उत्पादों पर जीरो ड्यूटी**
- **अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई**
- **समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर के बाजार को खोलेगा: पीयूष गोयल**

बाजार को खोलेगा। इसके अलावा भारत ने अगले 5 साल में अमेरिका से 50 हजार करोड़ डॉलर (45 लाख 30 हजार करोड़ रुपये) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई है। भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते (आईटीए) का फ्रेमवर्क जारी किया है। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स 50 फीसदी घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25 फीसदी अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है। पीयूष गोयल ने कहा कि समझौते में साफ किया गया है कि भारत में जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) खाद्य पदार्थों को अनुमति नहीं दी जाएगी। मसाले, चाय, कॉफी, नारियल तेल, काजू, एवोकाडो, केला, आम, अनानास, मशरूम जैसे कई फल-सब्जियां और कुछ बेकरी उत्पाद भी अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात हो सकेंगे। यह द्विपक्षीय व्यापार समझौता 2030 तक भारत-अमेरिका व्यापार को 50 हजार करोड़ डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखता है। दोनों देशों ने कहा कि इस फ्रेमवर्क को जल्द लागू किया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की दिशा में बातचीत आगे बढ़ेगी। भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान के मुताबिक, यह फ्रेमवर्क 13 फरवरी 2025 को शुरू हुई भारत-अमेरिका बीटीए वार्ता को आगे बढ़ाएगा। इस समझौते में आगे चलकर बाजार पहुंच, सप्लाई चेन को मजबूत करने और ट्रेड बैरियर कम करने जैसे प्रावधान शामिल होंगे। पीयूष गोयल ने बताया कि दोनों देशों ने फैसला किया है कि वे इसके कुछ नियम तय करेंगे, ताकि इस समझौते का लाभ मुख्य रूप से अमेरिका और भारत को ही मिले, न कि किसी तीसरे देश को। भारत और अमेरिका का इस व्यापार समझौते में नॉन-टैरिफ बैरियर्स को दूर करने पर खास फोकस है। ये बाधाएं टैरिफ नहीं होतीं, लेकिन व्यापार को मुश्किल बनाती हैं।

## सोनिया गांधी का वोटर लिस्ट केस में कोर्ट को जवाब

**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी ने नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में नाम जोड़े जाने के केस में अपना जवाब दाखिल किया है। शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट को दिए जवाब में कहा उनके खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका गलत और अनुमानित तथ्यों पर आधारित है।

यह याचिका ओछी राजनीति से प्रेरित और कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। स्पेशल जज (सीबीआई) विशाल गोगने की कोर्ट में वकील के जरिये दायर जवाब में सोनिया गांधी ने भारतीय नागरिकता हासिल करने से पहले वोटर लिस्ट में शामिल होने से जुड़े आरोपों का खंडन किया। साथ ही

- **वोटर लिस्ट-नागरिकता सरकार के मसले**
- **क्रिमिनल कोर्ट का निजी शिकायत पर एक्शन लेना सही नहीं**

पुनर्विचार याचिका को खारिज करने की मांग की है। मामले की सुनवाई अब 21 फरवरी को होगी। कहा गया है कि शिकायतकर्ता ने आथेंटिक रिकॉर्ड की जगह अनुमानों, मीडिया रिपोर्टों और व्यक्तिगत धारणाओं के आधार पर लापरवाही से गंभीर आरोप लगाए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मथुरा में बस यात्रियों को कंटेनर ने रौंदा, छह लोगों की मौत

**मथुरा।** सुरीर थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर शनिवार तड़के एक सड़क हादसे में छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र में माइल स्टोन 88 के पास सुबह करीब पौने तीन बजे यह हादसा उस समय हुआ जब दिल्ली के नांगलोई से कानपुर के रसूलाबाद जा रही एक निजी बस यमुना एक्सप्रेस-वे से गुजर रही थी। रास्ते में कुछ यात्रियों ने लघुशंका के लिए चालक से बस रोकने का अनुरोध किया। बताया जा रहा है कि चालक ने निर्धारित ग्रीन जोन में बस न रोककर सड़क किनारे ही बस खड़ी कर दी। इसके बाद कई यात्री बस से उतरकर नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक कंटेनर ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कंटेनर ने बस के पास खड़े यात्रियों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में औरैया के सरवा कटरा निवासी सोनू, बस्ती के अलेवल निवासी देवेश, कन्नौज के गणेश का पुरवा निवासी असलम, दिल्ली के प्रेम नगर निवासी संतोष सहित दो अन्य यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। दो मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है।

### सूरजकुंड मेले में झूला टूटने से इंस्पेक्टर की मौत

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेले में एक झूला गिर जाने से एक की मौत और 13 लोग घायल हो गए। घायलों के इलाज के लिए तुरंत व्यवस्था की गई। इस हादसे में एक इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की मौत हो गई है, जो पलवल में तैनात थे। मेला ड्यूटी पर यहां बुलाए गए थे। झूले वाले एरिया में इंचार्ज थे। बचाव कार्य के दौरान ऐसे दूसरी बार झूला गिरा। जिसके बाद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। झूले में उस समय लगभग 15 लोग सवार थे। हादसा होने पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों की मदद के लिए बचाव कार्य तुरंत शुरू किया गया। इसी बचाव कार्य के दौरान, एक स्टॉल संचालक राघव पर भी झूले की ग्रिल गिर गई, जिससे उनके कंधे में चोट आई। जो मेले में अपना स्टॉल चलाते हैं। राघव ने कहा कि उन्होंने घायलों की मदद करने का प्रयास किया। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई जिला उपायुक्त के मौके पर पहुंचने के बाद, घायलों के इलाज के लिए तत्काल व्यवस्था की गई।


# पीओके और अक्साई चिन भारत का हिस्सा: अमेरिका

## ट्रेड डील के बाद अमेरिका ने इंडियन मैप किया शेयर

**वाशिंगटन, वार्ता**

**भारत और** अमेरिका ने एक अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क घोषित किया। इस घोषणा के साथ अमेरिकी ट्रेड ऑफिस (यूएसटीआर) ने इंडियन मैप शेयर किया। इस मैप में पूरा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) हैं, उन्हें भारत का हिस्सा दिखाया गया है। यह नक्शा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

अमेरिका पहले के नक्शों में पीओके को अलग से दिखाता था। अंतर्राष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में भी विवादित हिस्सों को अलग रंग या डॉटेड लाइन्स से दिखाया जाता है। इस बार ट्रम्प प्रशासन ने जानबूझकर या अनजाने में एक ऐसा नक्शा शेयर किया जो भारत की सीमाओं को पूरी तरह मान्यता देता है। भारत हमेशा से जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता आया है। भारत और पाकिस्तान के बीच पीओके विवाद जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा सबसे पुराना विवाद है। तनाव और कूटनीतिक लड़ाई का कारण बना हुआ है। भारत-पाकिस्तान



- **अमेरिका ने मैप शेयर कर पाकिस्तान को दिया कड़ा संदेश**
- **पाक पीएम ने कहा था: कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा**

विभाजन- भारत के विभाजन के समय जम्मू-कश्मीर एक रियासत (प्रिंसली स्टेट) थी, जिसके महाराजा हरि सिंह हिंदू थे, लेकिन आबादी में मुस्लिम बहुमत में थे। विभाजन के नियम के अनुसार, रियासतें भारत या पाकिस्तान में शामिल हो सकती थीं या स्वतंत्र रह सकती थीं। 1947-48- पहला भारत-पाकिस्तान युद्ध- पाकिस्तान से आए मिलिशिया ने कश्मीर पर हमला किया। महाराजा हरि सिंह ने मदद के लिए भारत से संपर्क किया और 26 अक्टूबर 1947 को इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन (विलय पत्र) पर हस्ताक्षर किए, जिससे जम्मू- कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया। भारत ने सैन्य मदद भेजी। युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने क्षेत्र के पश्चिमी और उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया, जिसे अब पीओके कहा जाता है। 1949 में यूएन की मध्यस्थता से युद्धविराम हुआ और सीजफायर लाइन (बाद में लाइन ऑफ कंट्रोल - एलओसी) बनाई गई, जो दोनों देशों के नियंत्रण को अलग करती है। भारत कहता है कि पूरा जम्मू-कश्मीर (पीओके सहित) उसका अभिन्न अंग है।

## रूस से तेल खरीद पर भारत अपने रुख पर कायम

**नई दिल्ली।** अमेरिका के बार-बार किए जा रहे इन दावों कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा के बीच भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है।

सरकार इस मामले में हां या नहीं के रूप में जवाब देने से बचती रही है। रूस से तेल खरीदने के मामले में वाणिज्य मंत्रालय सवालों को विदेश मंत्रालय के पाले में डाल देता है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को इस सवाल के जवाब में कहा कि इसका उत्तर विदेश मंत्रालय



- **विदेश मंत्रालय ने कहा: देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता**

देगा। मीडिया की ओर से बार-बार यह सवाल पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को एक बार फिर गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में इस सवाल के जवाब में दिए गए वक्तव्य को ज्यों की त्यों दोहरा दिया।

### कूनो नेशनल पार्क में पांच चीता शावकों का जन्म

**नई दिल्ली।** कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से आई चीता आशा ने पांच चीता शावकों को जन्म दिया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि प्रोजेक्ट चीता के लिए यह बहुत गर्व और खुशी का पल है, क्योंकि नामीबियाई चीता आशा दूसरी बार मां बनी और उसने शनिवार को कूनो नेशनल पार्क में पांच शावकों को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि पांच नए शावकों के साथ, भारत में पैदा हुए जीवित शावकों की संख्या 24 हो गई है। भारतीय धरती पर चीतों का आठवीं बार सफल जन्म हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरण के प्रति जागरूक नेतृत्व में शुरू की गई और पोषित भारत की चीता संरक्षण यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## लंदन हाईकोर्ट ने ठुकराया भगोड़े नीरव मोदी का बहाना

**लंदन।** लंदन की हाईकोर्ट ने फरार हीरा व्यापारी नीरव मोदी की बैंक ऑफ इंडिया के बकाया ऋण मामले में ट्रायल स्थगित करने की याचिका खारिज कर दी। मोदी ने अपने स्वास्थ्य कारणों गंभीर दृष्टि दोष, क्लिनिकल डिप्रेशन और जेल की सीमाओं को आधार बनाकर ट्रायल में स्थगन की मांग की थी।

54 वर्षीय नीरव मोदी, जो भारत में

- **भारत से फरार हीरा व्यापारी का दृष्टि दोष और अवसाद के बावजूद 23 मार्च से होगा ट्रायल**

अनुमानित 2 अरब डॉलर के पीएनबी धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रत्यर्पण का सामना कर रहे हैं, ने नॉर्थ लंदन की एचएमपी पेंटनविल जेल से वीडियो लिंक के जरिए 8 मिलियन डॉलर के बीओआई केस के प्री-ट्रायल रिव्यू में हिस्सा लिया। विशेष जज साइमन टिंक्लर ने कहा कि आरोपी को कोई महत्वपूर्ण नुकसान नहीं होगा और आठ दिन के ट्रायल में वह समान अवसर के साथ अपनी दलील पेश कर सकते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने अपने गांव के बुजुर्गों का पूछा हाल बच्चों से संवाद

**पंचूर (पौड़ी गढ़वाल)।** उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने पैतृक गांव पंचूर में रात्रि विश्राम किया। शनिवार सुबह उन्होंने अपने गांव के बड़े-बुजुर्गों का हालचाल जाना और बच्चों को दुलार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बालप्रेम उमड़ आया। उन्होंने गांव के बच्चों पर अपना स्नेह बरसाया, उनसे बातचीत की और उन्हें चॉकलेट भी दी। योगी ने एक बच्चे को अपनी गोद में लेकर उसे प्रेम से खिलाया। बच्चों ने भी सहज भाव से मुख्यमंत्री से बातचीत की।

### सब कुछ अमेरिकी हिसाब से चल रहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार पर निशाना साधा और कहा कि भारत सरकार अमेरिका के टाइम जोन के हिसाब से चल रही है, क्योंकि सारे निर्णय अमेरिका के हिसाब से हो रहे हैं। हमारे लिए इससे ज्यादा खेदजनक बात और कुछ नहीं हो सकती। डील सामने बैठकर तय की जाती है, लेकिन कनपटी पर बंदूक रख, सीडी दिखाकर, ब्लैकमेल कर जो किया जाए- वो सरेंडर होता है। खेड़ा ने कहा कि यह डील उन सभी चीजों के साथ धोखा है, जिनके लिए भारत खड़ा है, उन सभी चीजों के लिए जिनके लिए भारत पिछले 75 वर्षों से खड़ा रहा है। यह ऐसी डील नहीं है जो हमारे हित में हो। यह प्रधानमंत्री का पूरी तरह से सरेंडर है। प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए उन्होंने आगे कहा कि यह व्यक्ति सिर्फ देश के हितों को सरेंडर करना जानता है, क्या ऐसा प्रधानमंत्री देश के लिए फायदेमंद हो सकता है? वह हितों से समझौता है।

## भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक व्यापक पहुंच मिलेगी: योगी

# अमेरिकी डील मेक इन इंडिया को देगी गति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत-अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार ढांचे को दोनों देशों की आर्थिक साझेदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता मेक इन इंडिया को निर्णायक बढ़ावा देगा, जिससे भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक व्यापक पहुंच मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि यह व्यापार ढांचा किसानों के हितों, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए संतुलित तरीके से तैयार किया गया है। इससे देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को मजबूती मिलेगी, निर्यात को नई ऊर्जा प्राप्त होगी और आपूर्ति शृंखलाएं अधिक सशक्त होंगी। योगी ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारत-प्रथम दृष्टिकोण पर आधारित एक संतुलित और पारस्परिक लाभ वाला समझौता है, जो युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करेगा। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बढ़ता सहयोग मेड इन इंडिया पर वैश्विक विश्वास को दर्शाता है और भारत को वैश्विक विकास का प्रमुख चालक बनने की दिशा में और सुदृढ़ करता है। वहीं योगी ने सेवा, समर्पण और त्याग की प्रतिमूर्ति तथा नारी चेतना की सशक्त प्रतीक माता रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माता रमाबाई आंबेडकर का जीवन संघर्ष, आत्मबल और सामाजिक चेतना का प्रेरक उदाहरण है। शिक्षित, समरस और जागरूक समाज के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है, जो सदैव समाज को नई दिशा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि माता रमाबाई आंबेडकर ने कठिन परिस्थितियों में भी शिक्षा और सामाजिक समानता के मूल्यों को जीवंत रखा, जिससे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती रहेगी।



### नारी चेतना की सशक्त प्रतीक रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की

## डील एकतरफा नहीं होती, भाजपा से देश की जनता सवाल पूछ रही है: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि देश की जनता भाजपा से साफ तौर पर पूछ रही है कि 'डील' कभी एकतरफा नहीं होती। देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत के हितों के आत्मसमर्पण की मजबूरी के पीछे छिपा हुआ गहरा राज क्या है। अखिलेश यादव ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए यह बातें कहीं हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा यह बताए कि उसकी समझौता-गणित में शून्य (0) बड़ा है या अट्ठारह (18)-और क्या भाजपा के हिंसाब से 18 बराबर 0 हो जाता है। अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि देश के किसानों, दुकानदारों और उद्योगों को बचाने के लिए भाजपा के पास खोखले और जुमलेबाजी भरे शब्दों के अलावा कोई सुरक्षा-कवच या संरक्षण- योजना है भी या नहीं।

# विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज करें कार्यकर्ता: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को पार्टी की एक अहम बैठक में आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को अभी से पूरी ताकत के साथ जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है, ऐसे में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और जनता के बीच सक्रिय रहना बेहद जरूरी है।

मीडिया को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के चलते हाल के दिनों में पार्टी की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं, लेकिन अब सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को पूरी ऊर्जा के साथ चुनावी तैयारी में लग जाना चाहिए। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और निरंतर जनसंपर्क बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बसपा सुप्रीमो ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक पार्टियां बसपा के खिलाफ साजिश कर रही हैं और पार्टी को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ऐसी साजिशों के प्रति सतर्क रहने और पार्टी की विचारधारा व नीतियों को मजबूती से जनता तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में मौजूद सरकारें जनहित के मुद्दों पर काम करने के बजाय धर्म और जाति की राजनीति को बढ़ावा दे रही हैं, जिससे समाज में विभाजन और नफरत का माहौल बन रहा है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि गरीबों, ओबीसी, एससी-एसटी, अल्पसंख्यकों, किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया जाए और जनता के बीच जाकर उनकी आवाज बना जाए। मायावती ने कहा कि बीएसपी हमेशा सामाजिक न्याय और 'सर्वजन हिताय' की राजनीति करती आई है और आगामी विधानसभा चुनावों में भी पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी।

### पूर्व सीएम ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा: बसपा के खिलाफ हो रही साजिशें

# नमस्ते ट्रम्प, हाउडी मोदी पर पड़ गया भारी: कांग्रेस

## व्यापार समझौते पर बोला हमला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का जो संयुक्त विवरण सामने आया है उससे साफ हो गया है कि अमेरिका इस समझौते में भारी पड़ गया है और इसका खामियाजा भारत के किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को भुगतना पड़ेगा।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स' एक पर एक पोस्ट में कहा कि अभी जारी किए गए अमेरिका-भारत संयुक्त बयान में डिटेल्स पर कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा गया है, लेकिन जो बातें अब तक सामने आई हैं, उनसे यह साफ होता है कि इस समझौते में भारत के हितों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है और इसका पूरा फायदा अमेरिका को ही होने वाला है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से यह भी स्पष्ट हो गया है कि भारत अब रूस से तेल आयात नहीं करेगा। अलग से, अमेरिका ने यह भी घोषणा की है कि यदि भारत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूस से तेल खरीदता है, तो 25 प्रतिशत कर का दंड दोबारा लगाया जा सकता है। इसमें भारतीय किसानों की कीमत पर अमेरिकी किसानों की मदद के लिए भारत आयात शुल्कों में भारी कटौती करेगा।



## गोवा को लेकर पेश गैर सरकारी विधेयक को पारित करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा के लोगों से किए वादे पूरे नहीं किए हैं इसलिए कांग्रेस सांसद कैप्टन विरियातो फर्नांडिस ने लोकसभा में एक गैरसरकारी विधेयक पेश किया है। पार्टी का कहना है कि इसमें गोवा के समग्र विकास का प्रावधान है इसलिए इसको पारित कराना आवश्यक है और यदि ऐसा नहीं होता है तो इसके लिए आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस के गोवा के प्रभारी माणिकराव ठाकरे, प्रदेश अध्यक्ष अमित पाटकर और गोवा से सांसद कैप्टन विरियातो फर्नांडिस ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया है कि गोवा के हितों को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है और गोवा को बर्बादी की तरफ धकेला जा रहा है।

# आकांक्षा को न्याय दिलाने में सरकार का रवैया संदिग्ध

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया है कि पटना में नीट की तैयारी कर रही आकांक्षा की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामले में भी भाजपा सरकार का रवैया संदिग्ध बना हुआ है और जब सांसद पप्पू यादव इसे लेकर आवाज उठाते हैं, तो उनके साथ असंवेदनशील व्यवहार किया जाता है।

वाड्रा ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पटना के हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ दुष्कर्म और हत्या का मामला झकझोर देने वाला है। यह केस सामने आने के बाद सरकार का रवैया उससे भी ज्यादा खौफनाक है। प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर जांच और कार्रवाई तक-सब कुछ संदिग्ध बना दिया गया है। यह सब किसे बचाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाथरस, उन्नाव से लेकर अंकिता भंडारी और पटना तक- जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार होता है, भाजपा की सरकारें पीड़िता को न्याय दिलाने की जगह आरोपियों के साथ खड़ी हो जाती हैं। इस केस में आवाज उठा रहे सांसद पप्पू यादव जी की गिरफ्तारी इसी असंवेदनशील रवैए की एक और कड़ी है। भाजपा और उनके सहयोगियों का एजेंडा स्पष्ट है- वे अन्याय और अत्याचार के साथ खड़े हैं। आकांक्षा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत और उसके बाद की पूरी कार्रवाई ने एक बार फिर सिस्टम की गहरी सड़ांध को उजागर कर दिया है।

## इस्लामाबाद धमाके को लेकर कश्मीर में शिया-समुदाय का विरोध प्रदर्शन

**श्रीनगर।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद में हुए आत्मघाती बम धमाके में 31 लोगों की मौत के बाद कश्मीर के कई शिया-बहुल इलाकों में शुक्रवार रात विरोध प्रदर्शन भड़क उठे। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला के चैनाबल पट्टन, श्रीनगर के इमामबाड़ा जादीबल एवं हरवान और बांदीपोरा के इंदरकोट-सुंबल में विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाते हुए नमाजयों पर हुए हमले की निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने पीड़ितों के साथ संवेदना व्यक्त करते हुए सांप्रदायिक हिंसा की निंदा की। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे और देर रात प्रदर्शनकारी अपने-अपने घर लौट गए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में जुम्मे की नमाज के दौरान एक मस्जिद खदीजतुल कुबरा में विस्फोट से कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



संसेक्स 85871.73
निफ्टी 25727.55



सोना रु. 156750
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 250300
प्रति किलो



# भारतीय बाजार के संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित: वाणिज्य सचिव

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापारिक क्षमताओं के नए रास्ते खुलेंगे और इससे भारत को अमेरिकी बाजार के उन क्षेत्रों में निर्णायक बढ़त मिलेगी, जहां भारत की स्थिति पहले से मजबूत है। अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि इस समझौते में भारत के संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त उपाय सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह अंतरिम समझौता भारत और अमेरिका के बीच वस्तुओं के व्यापार की क्षमताओं के लिए नए मार्ग प्रशस्त करेगा। यह अमेरिकी बाजार में भारत को उसकी ताकत वाले क्षेत्रों में बढ़त दिलाएगा। साथ ही, वर्जनाओं, चरणबद्ध टैरिफ रेट कोटा (टीआरक्यू) के प्रावधानों और शुल्कों के माध्यम से हमारे घरेलू संवेदनशील क्षेत्रों की प्रभावी ढंग से रक्षा भी करेगा। गौरतलब है कि इस अंतरिम समझौते को लेकर दोनों देशों ने शनिवार को ही एक साझा वक्तव्य जारी किया है। इसमें कहा गया है कि इस समझौते के लागू होने के बाद दोनों देश एक व्यापक और पूर्ण व्यापार समझौते की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

### अमेरिकी डील को लेकर वाणिज्य सचिव राजेश ने रुख साफ किया

## अमेरिका से हार्ले डेविडसन बाइक का शून्य शुल्क पर हो सकेगा आयात

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते से भारत में हार्ले डेविडसन की की बाइकें और अमेरिकी कंपनियों की लग्जरी कारें सस्ती होंगी। समझौते के जानकार सूत्रों ने बताया कि भारत अमेरिकी कंपनियों की 1,500 सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिलों पर सीमा शुल्क घटाकर शून्य करेगा। इसके अलावा 2,500 सीसी से ऊपर की डीजल कारों और 3,000 सीसी से ऊपर की पेट्रोल कारों पर भी सीमा शुल्क में कटौती की जाएगी।

## सोना और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली।** भारत के साथ-साथ इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड-सिल्वर के रेट घटे हैं। आज 7 फरवरी के दिन एमसीएक्स पर गोल्ड-सिल्वर के रेट्स में लगातार उतार-चढ़ाव दिख रहा है। राकेट की रफ्तार से चढ़े सोने-चांदी के दाम अपने ऑल टाइम हाई से काफी सस्ते हो गए हैं। एक बार फिर चांदी की कीमतों में 9,000 रुपये से ज्यादा का उछाल दिख रहा है। मार्च डिलीवरी वाली चांदी 2.5 लाख के पार पहुंच गई है। एमसीएक्स पर चांदी का ताजा भाव 2,50,300 रुपये/किलो चल रहा है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोने का दाम 1,56,750 रुपये/10 ग्राम है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,700 रुपये/10 ग्राम के भाव बिक रहा है, 18 कैरेट सोने का भाव 1,17,600 रुपये/ 10 ग्राम चल रहा है। मुंबई, कोलकाता और हैदराबाद में 24 कैरेट सोने का दाम दिल्ली से कम है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार आखिरी सेशन में 24 कैरेट सोने की कीमत 424 रुपए कम होकर 1,52,078 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई थी। उससे पहले यह 1,52,502 रुपए पर बंद हुआ था। वहीं 22 कैरेट सोने के दाम 1,39,692 रुपए से घटकर अब 1,39,303 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गए।

# चावल और दालें सस्ती, गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए जबकि गेहूं में तेजी रही। चीनी के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे। दालों के दाम टूट गए। वहीं खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 29 रुपये घटकर 3,822 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,863 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 26 रुपये सस्ता हुआ। दाल- दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 71 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। मसूर दाल 39 रुपये और चना दाल 36 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल का भाव 26 रुपये और मूंग दाल का 16 रुपये प्रति क्विंटल कम हुआ। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 165 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति में 20 रुपये की गिरावट रही। सोया तेल की कीमत 37 रुपये और पाम ऑयल की 28 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 25 रुपये और सरसों तेल 16 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी की कीमत गत दिवस के स्तर पर ही रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7778.16 रुपये, मसूर काली 8087.02 रुपये, मूंग दाल 10125.58 रुपये, उड़द दाल 10587.13 रुपये, तुअर दाल 10974.18 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.70 रुपये और चावल 3821.61 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3337.02 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4299.09 रुपये और गुड़ 5001.32 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17680.02 रुपये, मूंगफली तेल 17969.08 रुपये, सूरजमुखी तेल 16347.81 रुपये, सोया तेल 13996.31 रुपये, पाम ऑयल 12702.35 रुपये और वनस्पति 14537.85 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान के कार्यक्रम में किसानों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विरोध

**वाराणसी।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान के सर्किट हाउस स्थित कार्यक्रम के दौरान शनिवार को कुछ किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काशी द्वार योजना के तहत प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के विरोध में हंगामा किया। पासवान केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर निर्धारित प्रेस कांफ्रेंस के लिए सर्किट हाउस पहुंचे थे।

इसी दौरान कुछ किसान स्थानीय कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। सहायक पुलिस आयुक्त नितिन तनेजा ने बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कुछ लोग वैभव त्रिपाठी के साथ पहुंचे और अचानक विरोध करने लगे। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन पूर्व निर्धारित या विधिवत अनुमति प्राप्त नहीं था। सभी को वहां से हटा दिया गया। यदि तहरीर मिलती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिडरा क्षेत्र में काशी द्वार योजना के अंतर्गत आठ से दस गांवों की भूमि अधिग्रहित की जानी प्रस्तावित है। इसको लेकर किसान लंबे समय से विरोध जता रहे हैं। कुछ गांवों में सर्वे कार्य भी पूरा हो चुका है। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा, जिसमें भूमि अधिग्रहण पर पुनर्विचार की मांग की गई है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री पासवान ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि बजट में गरीब, किसान, युवा, महिलाएं और मध्यम वर्ग को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रमुख शहरों को जोड़ने के लिए सात हाई-स्पीड रेल लाइनों, पांच बड़े मेडिकल हब, सेमीकंडक्टर एवं चिप निर्माण के लिए 40 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान तथा लघु उद्योगों के पुनर्जीवन की योजनाओं से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

# एपस्टीन में नाम आने पर सफाई दें पीएम मोदी

वाराणसी, वार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जेफरी एपस्टीन फाइल में नाम आने से राजनीतिक सरगर्मी तेजी से बढ़ गई है। इसको लेकर तरह-तरह के चर्चाओं से बाजार गर्म है। विपक्ष पूरे मामले को लेकर सरकार से सफाई देने की मांग कर रही है। इस बीच आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि एपस्टीन ने अनिल अंबानी को उनका दोस्त बताया है, यह भी कहा गया है कि इजरायल में अनिल अंबानी के माध्यम से मीटिंग तय हुई थी। इन तथ्यों पर स्पष्टीकरण देना चाहिए है।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक जमीनी पकड़ मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो पदयात्रा निकाली। इसके तहत पीएम मोदी के गोद लिए आदेश गांव डोमरी से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर तक यह पद यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोद लिए गांव डोमरी में किसानों के बीच सभा को संबोधित किया। पटेल चबूतरा पर आयोजित सभा में संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस गांव को प्रधानमंत्री ने गोद लिया है, उसी गांव को उजाड़ने की तैयारी की जा रही है।

लोगों को गांव खाली करने के नोटिस दिए जा रहे हैं, क्या कोई गोद लिया हुआ गांव उजाड़ता है? संजय सिंह ने कहा कि सरकार उद्योगपतियों के 16 हजार करोड़ रुपये तक के कर्ज माफ कर रही है, जबकि किसान कर्ज के बोझ से आत्महत्या करने को मजबूर हैं। विकास के नाम पर किसानों से जमीन छीनी जा रही है और वहीं जमीन उद्योगपतियों को कौड़ियों के भाव दी जा रही है। मणिकर्णिका घाट मूर्ति विवाद को लेकर उन्होंने कहा कि हमें नोटिस दिया गया था, जिसका जवाब दे दिया गया है। दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रशासन को समय दिया गया है। अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो हम खुद मुकदमा दर्ज कराएंगे। संजय सिंह की रैली सभा में बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय लोग मौजूद रहे। रैली को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी किसानों, युवाओं और वंचित वर्गों के हक की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ेगी। संजय सिंह चंदौली पहुंचे, इस दौरान जन जागरण यात्रा में शिरकत की। मीडिया से बातचीत करते हुए संजय सिंह ने भारत और अमेरिका के बीच होने वाली ट्रेड डील को लेकर भी सरकार पर बड़ा हमला किया। उन्होंने इस ट्रेड डील को किसानों के लिए डेथ वारंट बताया। संजय सिंह का दावा है कि इस समझौते से देश के कृषि सेक्टर को भारी नुकसान होगा। वहीं अमेरिका और वेनेजुएला से तेल खरीदने के फैसले पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इससे देश को करीब 80 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होगा।



### एपस्टीन ने अनिल अंबानी को मोदी का दोस्त बताया था: संजय

# अदालत ने मुर्दा घोषित किया आरोपी निकला जिंदा

आगरा, वार्ता

जिस आरोपी को अदालत ने मृत घोषित कर दिया गया था, वह शहर में स्कूटी दौड़ाते हुए पाया गया। आरोपी ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर मुकदमा बंद कर लिया था। वहीं अब उसको जीवंत देखकर वादी के पसीने छूट गए, उन्होंने पुलिस में शिकायत की। पुलिस जांच में भी मृत घोषित आरोपी जिंदा पाया गया है।

पुलिस की ताजा जांच रिपोर्ट ने आरोपी के इस बड़े फर्जीवाड़े की पोल खोल दी है। आरोपी की ओर से अदालत को गुमराह कर केस बंद करवाया गया था। फर्जीवाड़ा तब सामने आया, जब उसके नाम पर 2016 में एक्टिवा स्कूटरी खरीदी गई, वहीं साल 2019 में उस वाहन का चालान भी कटा था। अब मुकदमा पुनर्जीवित होगा और आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की नई धाराएं लगेंगी।

वादी ने सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है। मामला राजकुमार वर्मा बनाम विद्या देवी आदि वर्तमान परिवाद संख्या 1266/2012 से जुड़ा है, जो आगरा के थाना न्यू आगरा में मूल परिवाद संख्या 242/1999 के अंतर्गत धारा 467 और 468 (जालसाजी) के तहत चल रहा था। इस मामले में आरोपी तारा चंद्र शर्मा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी थे, लेकिन उसने कोर्ट को गुमराह कर मुकदमा बंद करा लिया। आरोपी तारा चंद्र शर्मा ने खुद को मृत घोषित करते हुए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाया।

### आगरा में 12 साल पुराने केस में नया मोड़ आया

# मंडोरा जट में चाकू की नोक पर दिनदहाड़े लूट

## 25 तोले सोने के जेवरात लूटे, एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में उस वक्त हडकंप मच गया, जब दिनदहाड़े एक घर में लाखों रुपए के जेवरात की लूट हो गई। सुबह-सुबह हुई इस लूट से जिले भर में हडकंप मचा रहा। सूचना पाकर पुलिस क्षेत्राधिकार देश दीपक सिंह सहित पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने भी घटना स्थल का दौरा किया और परिजनों से पूछताछ की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मंडोरा जट में आज सुबह करीब 9 बजे योगेंद्र सिंह के घर में एक महिला व पुरुष घुस आए। इसके बाद पुरुष ने योगेंद्र सिंह की पुत्रवधू शिवानी के गले पर चाकू रखकर न केवल उसके पहने हुए जेवर उतरवा लिए बल्कि घर में रखे करीब 25 तोले के जेवरात भी लूट लिए। परिजनों ने बताया कि योगेंद्र सिंह के तीन बेटे हैं। सुमित कुमार जो इस समय फौज में जम्मू कश्मीर में तैनात है। दूसरा बेटा अमित जो गांव का राशन डीलर है और तीसरा बेटा अक्षय जो घर पर रहता है। बताया जाता है कि सुमित कुमार जम्मू कश्मीर तो अमित किसी काम से मुरादाबाद गया हुआ था जबकि अक्षय किसी काम से हल्दौर के लिए चला गया था। घर में अकेली अमित कुमार की पत्नी शिवानी मौजूद थी, जिसकी अकेली उपस्थिति भांपकर लुटेरे घर में घुसे और शिवानी की गर्दन पर चाकू रखकर लाखों रुपए के जेवरात लूट कर ले गए। परिजनों ने बताया कि 12 से 13 तोले के जेवरात सुमित, तो इतनी ही कीमत के जेवरात अमित के कमरे में मौजूद थे, जिन्हें लुटेरे लूट कर ले गए।

### भिखारियों पर सख्त हो प्रशासन

ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश लूट में सामने आता है कि लुटेरे घर अथवा दुकान की बहुत अच्छे तरीके से रैकी करते हैं। अधिकांश लुटेरे भिखारी के रूप में हफ्तों हफ्तों तक जगह की रैकी करते हैं। इस लूट में भी भिखारियों का एक एंगल मिलने के बाद ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि गांव-गांव फिरने वाले इन भिखारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना था कि गांव-गांव भीख मांगने वाले इन भिखारियों पर कार्रवाई के बाद ही न केवल जिले, प्रदेश बल्कि देश भर में गायब होने वाले बच्चे, लूटपाट और चोरियों जैसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा ।

### कौन बैंक कर्मी कर रहा था रैकी

परिजनों का आरोप यह भी था कि करीब 10 दिनों में एक व्यक्ति दो से तीन बार उनके घर आया और मुख्य गेट से डीलर अमित के होने और न होने की बात पता कर लौट जाता। वह व्यक्ति पूछने पर स्वयं को बैंककर्मी बताता था। परिजनों को शक है कि वह व्यक्ति जरूर घर की रैकी कर रहा होगा।

### भिखारियों की गैंग पर शक

ग्रामीणों ने गांव मे भीख मांग रहे मध्य प्रदेश की दो महिलाओं और एक पुरुष को पकड़ लिया। ग्रामीणों को शक था कि जरूर इन्ही की गैंग में शामिल एक पुरुष और महिला ने इस वारदात को अंजाम दिया होगा जो उस समय वहां मौजूद नही थे। भिखारियों से पूछताछ में पता चला कि उनके टोली में शामिल एक महिला और पुरुष पास ही के गांव में भीख मांगने गए है।

# स्मार्ट मीटर का विरोध तेज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को झालू बिजली घर पर प्रदर्शन किया। भाकियू (टिकैत) नगर अध्यक्ष डॉ. कर्मेंद्र सिंह व शुभम कुमार राणा के नेतृत्व में किसानों ने बिजली विभाग के जेई सुदेश कुमार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि बिजली घर के किसी भी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने का प्रयास किया गया, तो बिजली विभाग के विरुद्ध बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा। किसानों ने स्मार्ट मीटर को उपभोक्ता विरोधी बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की।

इस दौरान भाकियू कार्यकर्ता विनीत चौधरी, बिल्कुल चौधरी, नीपू सिंह, राहुल चौधरी, रोहन गलियां, कपिल कुमार, अभिषेक, नानू मलिक, मोहित कुमार, टिंकू कुमार, राजीव कुमार, संदीप कुमार, संजीव गलियांन सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# पीडीए साइकिल यात्रा बिजनौर पहुंची

## सपा कार्यकर्ताओं ने कन्हैया निषाद का फूल-मालाओं से किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी द्वारा सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और पीडीए समाज के अधिकारों को मजबूती देने के उद्देश्य से निकाली जा रही समाजवादी पीडीए साइकिल यात्रा के अंतर्गत यात्रा का नेतृत्व कर रहे कन्हैया निषाद का बिजनौर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुज मलिक के निवास स्थान पर तथा निवर्तमान जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन की उपस्थिति में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अनुज मलिक ने कन्हैया निषाद को फूलमाला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। स्वागत समारोह में



उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पीडीए साइकिल यात्रा को सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की रक्षा के लिए एक सशक्त जनआंदोलन बताया। वक्ताओं ने कहा कि यह यात्रा पीडीए समाज को एकजुट करने और उनकी समस्याओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर महमूद कस्सार, सतपाल सिंह, कर्मेंद्र तोमर, मदन सैनी, लाल सिंह कश्यप, संजय पाल, काशिफ खान, नमन प्रधान, कासिम कुरैशी एवं अहमद खिजर खान सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पीडीए साइकिल यात्रा को सफल बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

# व्यापारी के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट की हो निष्पक्ष जांच

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उद्योग व्यापार प्रति. निधि मंडल के पदाधिकारियों ने व्यापारी के खिलाफ दर्ज मुकदमे को लेकर एसपी से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी को सौंपे ज्ञापन में रौनक ट्यूबवैल एवं मशीनरी स्टोर के संचालक जहीर अहमद लगभग 80 वर्ष के हैं और व्यापारी और समाजसेवी हैं। व्यापारियों का कहना है कि हाल ही में जहीर अहमद की पुत्रवधू ने उनके खिलाफ चारित्रिक आरोपों को लेकर



एफआईआर दर्ज कराई गई है। संगठन के अनुसार, उनकी उम्र, सामाजिक प्रतिष्ठा और अब तक के साफ-सुथरे रिकॉर्ड को देखते हुए ये आरोप प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रही हैं। इस तरह के मामलों से न केवल एक बुजुर्ग व्यक्ति की छवि धूमिल हुई है, बल्कि समाज में भी गलत संदेश गया है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एसपी से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और किसी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय न हो। प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष मनोज कुच्छल, मनीष त्यागी, बीएस राजपूत, अरविंद पाल, मानव सचदेवा, सचिन राजपूत आदि मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार आरोप लगाने वाली महिला की तीन बहनों का पहले तलाक हो चुका है और यह अपने ससुराल से मोटा पैसा वसूल कर चुकी है।

# बाइक सवार युवक की मौत चाचा गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** थाना नहटौर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सैदपुरा बिलाई के पास शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से वाहन छोड़कर फरार हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के ग्राम खजूराजट निवासी भानू (41 वर्ष) पुत्र संजीव अपने चाचा सतवीर सिंह पुत्र अमन के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। शनिवार शाम करीब पांच बजे बिजनौर-नहटौर मार्ग पर ग्राम सैदपुरा बिलाई के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के तुरंत बाद मौके से गुजर रहे राहगीरों ने एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को जिला अस्पताल बिजनौर भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने भानू को मृत घोषित कर दिया। वहीं सतवीर सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गैराज में खड़ी गाड़ियों से डीजल चोरी

**मंडावली।** करण मिस्त्री पुत्र चौधरी रिशाल सिंह, निवासी ज्वालापुर बाईपास, सीतापुर (उत्तराखंड), वर्तमान में शिव मंदिर के पास जटपुरा रोड पर गाड़ियों की बॉडी एवं मरम्मत का कार्य करते हैं। उन्होंने थाना मंडावली में दी गई तहरीर में बताया कि 06 फरवरी 2026 को चार वाहन मरम्मत के लिए उनकी दुकान पर आए थे, जिन्हें उनके स्वामियों द्वारा वहीं खड़ा कर दिया गया था।

पीड़ित के अनुसार वह सामान्यत: दुकान पर चौकीदार रखते हैं, लेकिन अचानक चौकीदार की तबीयत खराब हो जाने के कारण उस रात दुकान पर किसी को छोड़ पाना संभव नहीं हो सका। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने रात के समय चारों गाड़ियों के डीजल टैंकों से लगभग 600 लीटर तेल चोरी कर लिया और सभी टंकियां पूरी तरह खाली कर दीं।

करण मिस्त्री का कहना है कि यह पहली चोरी की घटना नहीं है। बीते एक वर्ष के भीतर मंडावली क्षेत्र में स्टोन क्रेशर, सरोवर एवं अन्य स्थानों से 10 से 12 चोरी की घटनाएं चोरों द्वारा की जा चुकी हैं। कई मामलों में सीसीटीवी कैमरों में चोरों की फुटेज भी कैद हुई, लेकिन इसके बावजूद आज तक किसी भी चोरी का ठोस खुलासा नहीं हो सका है, जिससे चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।

# धामपुर में सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन नजरबंद

## तहसील में आसपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, प्रशासन के आश्वासन पर धरना समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** तहसील क्षेत्र में कथित तौर पर फॉर्म-7 के माध्यम से मतदाताओं के नाम कटवाने के प्रकरण में प्रशासन द्वारा कार्रवाई के लिए दी गई समय-सीमा पूरी होने के बाद भी जांच प्रक्रिया पूरी न होने और दोषियों के विरुद्ध अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने न आने से आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। कार्रवाई न होने से नाराज पदाधिकारी ने दोबारा आंदोलन की चेतावनी दी थी, जिसके मद्देनजर शनिवार को पुलिस और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम पार्टी कार्यकर्ता विवेक सेन के आवास पर पहुंच गई।

बताया जा रहा है कि कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका के चलते प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाते हुए विवेक सेन को नजरबंद करने की प्रक्रिया शुरू की। फूलबाग कालोनी स्थित उनके आवास पर नायब तहसीलदार धामपुर तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ पहुंचे। प्रशासन की इस कार्रवाई की सूचना मिलते ही आजाद समाज पार्टी के समर्थक बड़ी संख्या में विवेक सेन के आवास पर पहुंच गए। समर्थकों ने प्रशासनिक कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए इसे आंदोलन को दबाने का



प्रयास बताया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

गौरतलब है कि इससे पूर्व 4 फरवरी को आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता विवेक सेन के नेतृत्व में धामपुर तहसील पहुंचे थे और कथित तौर पर फॉर्म-7 के जरिए मतदाता सूची में गड़बड़ी किए जाने का आरोप लगाते हुए करीब आठ घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया था। उस दौरान उपजिलाधिकारी द्वारा दो दिन के भीतर मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया था, जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया था। समय सीमा पूरी हो जाने के बावजूद कार्रवाई न होने से कार्यकर्ताओं में आक्रोश बढ़ गया और दोबारा आंदोलन की चेतावनी दी गई।

उधर प्रात: से ही पुलिस प्रशासन के द्वारा पूर्व कॉलोनी स्थित विवेक सेन के आवास पर उन्हें नजर बंद करने का प्रयास किया गया।

लेकिन बाद में दोपहर करीब एक बजे वह तहसील परिसर पहुंच गए और धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए। तहसील परिसर में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुट गए, जिससे कुछ देर के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने हालात पर नियंत्रण बनाए रखा और किसी भी तरह की अव्यवस्था न होने देने के प्रयास किए।

करीब दो घंटे तक चले धरना-प्रदर्शन के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे, तहसीलदार धनराज कुमार ने कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि फॉर्म-7 के माध्यम से मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी के मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों की पहचान की जाएगी और उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार धनराज कुमार के आश्वासन के बाद आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन स्थगित कर दिया।

प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच जारी है और कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। स्थिति को देखते हुए क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

ज्ञापन/धरना-प्रदर्शन में नहटौर के सांसद प्रतिनिधि समीर प्रधान, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष प्रशांत सागर, प्रदेश सचिव साहिल मेहरा, नगीना प्रभारी दीपक कुमार, परवेज पासी, ललित कुमार, सलाम, सलीम अंसारी, सुखबीर प्रधान, अशोक कुमार, संजय कुमार, रोहित, लवली, पप्पू, शहजाद, मेहताब, फहीम अहमद, प्रदीप कुमार, सविता चौधरी, मीनू कुमारी, विष्णु गौतम, नवनीत, रजनीश वाल्मीकि, फैसल ठेकेदार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम

**राजा का ताजपुर।** भारतीय स्टेट बैंक में चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया था। मगर चोर चोरी करने में असफल रहे। चोरों ने भारतीय स्टेट बैंक की पीछे की दिवार काट कर सीसीटीवी कैमरों को नुकसान पहुंचाया था। चोरी की घटना से शासन-प्रशासन में हड़कंप मच गया था। इस घटना से पुलिस महकमे पर सवाल खड़े हो गए थे। चोरी की घटना को चार दिन गुजरने के बाद भी पुलिस चोरों- बदमाशों को पकड़ने में नाकाम नजर आ रही है। पुलिस ने दिन रात एक कर दिया है। पुलिस चोर-बदमाशों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज दिखा कर उनको तलाश करने में जुटी हुई है। पुलिस के लिए चोर-बदमाशों को पकड़ना मुश्किल बनता जा रहा है। भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी विकास कुमार तेवतिया ने तहरीर देने की पुष्टि की है। चोरों की तलाश की जा रही। जल्दी ही चोर पुलिस की पकड़ में होंगे।

### आफिया आरिफ ने हासिल की सफलता



**सहसपुर।** स्थानीय मौहल्ला हकीमपुरा पक्का बाग स्थित अलीगढ़ हेल्थ केयर सेंटर के डायरेक्टर डॉ. मेराजुद्दीन अंसारी की भतीजी डॉ. आफिया आरिफ ने विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा एफएमजीई पास कर नगर का नाम रोशन किया। डॉ. आफिया आरिफ ने फॉरेग्न मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन में पहली ही बार परीक्षा पास की डॉ. मेराजुद्दीन अंसारी ने बताया कि पहले एमबीबीएस होता है, फिर भारत में आकर एफएमजीई की परीक्षा पास करनी होती है। यह परीक्षा ऑल इंडिया परीक्षा होती है और यह कठिन परीक्षा, पास करने के लिए कठिन मेहनत, लगन नियमित अभ्यास के पश्चात ही बड़ी सफलता प्राप्त होती है। डॉ. मेराजुद्दीन अंसारी और डॉ. निगार अंजुम ने बताया कि आफिया आरिफ ने यह परीक्षा नोएडा में दी। वहीं दूसरी ओर डॉ. मौहम्मद आरिफ ने अपनी बेटी की सफलता की कामयाबी पर अपने क्लीनिक पर इस गौरव पल को यादगार बनाते हुए परिवार के डॉ. मौहम्मद हनीफ, डॉ. आसिफ, शमीउद्दीन अंसारी, हाजी रफीक अहमद, डॉ. निगार अंजुम, एड. माईनुद्दीन अंसारी आदि परिवार के सदस्य के संग केक काटा। वहीं दूसरी और डॉ.आफिया आरिफ ने इस सफलता का श्रेय गुरुजनों, माता-पिता, दादा- दादी व चाचा डॉ. मेराजुद्दीन को दिया।

### महिला के गले से चेन छीन कर फरार

**नूरपुर।** ग्राम गौहवर हल्लू निवासी वैशाली पत्नी अंकुर कुमार मुरादाबाद रोड स्थित ग्राम अस्करीपुर के एक फार्म हाउस में तिलकोत्सव में शामिल होने जा रही थी। वैशाली जब पैट्रोल पंप के पास पहुंची, तो पीछे से आए दो बाइक सवार बदमाश उनके गले से चैन छीन कर मौके से फरार हो गए। महिला कुछ समझ पाती तब तक बदमाश वहां से फरार हो गए थे। महिला की चीख-पुकार सुनकर आस पास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। महिला ने लोगों से आपबीती सुनाई। घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई। पीड़ित के सुसर कर्मवीर सिंह ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में लगातार घटना होने से पुलिस महकमे में खलबली मची हुई है। चोर-बदमाश खुलेआम घटना को अंजाम दे रहे। अब तक क्षेत्र में कई बड़ी घटना घटित हो चुकी है। मगर पुलिस ने अब तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पाई है। क्षेत्र में बढ़ती घटना से दहशत का माहौल है।

### पशुशाला में लगी आग



**बढ़ापुर।** मौहल्ला हरिजन बस्ती निवासी रामपाल सिंह ने बिजली घर के सामने खाली जमीन में पशुओं के लिए छप्परनुमा पशुशाला बनाई हुई थी। शनिवार की शाम अचानक अज्ञात कारणों से पशुशाला में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। पीड़ित ने लोगों की मदद से बामुश्किल पशुशाला में बंधी भैंस को बाहर निकाला और पुलिस व फायर बिग्रेड को सूचना दी। गनीमत रही कि समय रहते मौहल्लेवासियों ने आग पर काबू पा लिया। वरना पास में लिहाफ गद्दे भरने की मशीन भी लगी हुई थी। दुकानदार ने सभी समान को समय रहते हटा लिया, वरना बड़ा नुकसान भी हो सकता था। उधर सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र शर्मा ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर मौहल्लेवासियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है।

### ट्रेन से कटकर आत्महत्या

**चंदक।** नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम पुण्डरी के निवासी भीम सिंह पुत्र जगदीश ने आज शाम स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से कट कर आत्महत्या कर ली। शाम को एक मालगाड़ी सहारनपुर की दिशा में जा रही थी। इस बीच यह उसके सामने कूद गया। जिससे इसका हाथ व पैर कट गए। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में ले लिया है।

### 10 पुलिस पिकेट बनाई



**कोतवाली देहात।** कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत पुलिस ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे के कट बंद कराए। सीओ नगीना ने पहुंचकर कांवड़ यात्रा के संबंध में दिशा निर्देश दिए। सीओ नगीना ने बताया कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में 10 पुलिस पिकेट बनाई गई है। थाना क्षेत्र में पुलिस दस्ते कांवड़ यात्रा की देखरेख में तैनात किए गए हैं। रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया है। नहटौर तिराहे पर ओवर ब्रिज के नीचे सड़क पर दुरुस्त व्यवस्था की गई है। इस संबंध में क्षेत्र के जागरूक लोगों के साथ बैठक की गई है। सीओ नगीना ने पुलिसकर्मियों को कांवड़ यात्रा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



**नगीना।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत मेरठ मंडल की एक टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल की साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों की सुविधाओं का जायजा लिया। टीम ने तीन दिनों तक निरीक्षण करने की योजना बनाई है और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत शासन स्तर से गठित मेरठ मंडल की दो सदस्यीय टीम ने शुक्रवार को नगीना साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। शुक्रवार सुबह करीब दस बजे डॉ. रक्षित दीक्षित एवं एआरओ जीत सिंह की अगुवाई में टीम सीएचसी नगीना पहुंची। टीम ने सबसे पहले अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था की जांच की। इसके बाद महिला वार्ड में पहुंचकर भर्ती मरीजों से इलाज, दवाइयों एवं अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान टीम ने इमरजेंसी वार्ड, ब्लड जांच लैब, एक्स-रे कक्ष सहित अन्य स्वास्थ्य इकाइयों का निरीक्षण किया। साथ ही स्वास्थ्य उपकरणों, दवाओं की उपलब्धता और अस्पताल में संचालित गतिविधियों की जांच की। टीम सदस्यों ने बताया कि सीएचसी सहित कोतवाली ब्लॉक से जुड़े हेल्थ सेंटरों का तीन दिनों तक लगातार निरीक्षण किया जाएगा। जांच पूरी होने के बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। निरीक्षण के दौरान मरीजों को दी जाने वाली सभी सुविधाओं और संभावित खामियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नजीबाबाद।** मालन नदी पुल के समीप आज दोपहर एक कंटेनर संख्या यूपी 21 सीएन 0924 जो मुरादाबाद से चलकर उत्तराखंड बहादराबाद जा रहा था। रास्ते में मालन नदी के पुल के समीप तीन बाइक सवार ग्राम अलीपुरा निवासी नजीबाबाद से अपने ग्राम अलीपुर जा रहे थे। कंटेनर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार अलीपुर निवासी जॉनी पुत्र रामकिशन (23 वर्ष), सौरभ पुत्र वीर सिंह (24 वर्ष), अवनीश (23 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को घटना पर पहुंची पुलिस द्वारा निजी अस्पताल एचएमएच इलाज हेतु ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने जॉनी पुत्र रामकिशन को मृतक घोषित कर दिया । पुलिस ने मृतक जॉनी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जबकि सौरभ और अवनीश घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को इलाज के लिए रैफर किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम अलीपुरा प्रधान आसिफ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी प्राप्त की। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में ले लिया है। जबकि कंटेनर का चालक घटना के बाद घटनास्थल से भाग निकला। जॉनी की मौत से परिवार व ग्राम में शोक की लहर दौड़ गई। परिवारजनों का रो-रो का बुरा हाल है।

### हादसे में घायल युवक की मौत

**नहटौर।** बीती रात ग्राम पैजानिया निवासी ललित (35 वर्ष) पुत्र विजयपाल सिंह, राजवीर (50 वर्ष) पुत्र बनबारी और बाबू राम (52 वर्ष) वैगन आर कार द्वारा किसी कार्य से जा रहे थे जब वह हल्दौर-नहटौर मार्ग पर बिजलीघर और फरीदनगर के निकट पहुंचे तो उनकी कार में सामने से भैंस व उसका लवारा लेकर आ रहे छोटा हाथी वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें कार सवार तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीनों की नाजुक हालत देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान ललित की मौत हो गई। कार में सवार अन्य घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है, जिनकी स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। हादसे के वक्त छोटा हाथी वाहन में एक भैंस और उसका बच्चा (लवारा) लदा हुआ था। इस भिड़ंत में भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि उसके बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद छोटा हाथी वाहन का चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। ललित की मौत की खबर से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### विदाई समारोह पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**हल्दौर।** नगर में स्थित सेंट मेरीज कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 12 वीं के छात्रों के लिए एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वर स्मरण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कक्षा 11 की तनिष्का ने प्रेयर डांस की शानदार प्रस्तुति दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर शैनेट ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते दिया और संबोधन से उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रबंधक सिस्टर फिल्वी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को जीवन में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच बनाए रखने का संदेश दिया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें गीत, नृत्य और मनोरंजक गतिविधियां शामिल रहीं।कार्यक्रम के संचालन का सम्पूर्ण भार कक्षा 11 की विद्यार्थियों में परी, वेदांशी, वंशिका और विदुषी ने संभाला। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने विद्यालय और शिक्षकों के प्रति अपने अनुभव साझा किए। निष्ठा चौधरी ने मिस फेयरवेल तथा तुषार राजपूत ने मिस्टर फेयरवेल का खिताब जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। श्रुति राजपूत को मिस प्रिटी तथा कार्तिक शर्मा को मिस्टर हैंडसम की उपाधि से सम्मानित किया गया।

### द्रोणा वार्षिक उत्सव का आयोजन

**नजीबाबाद।** आज मोटा महादेव निकट द्रोण इंटरनेशनल एकेडमी में द्रोणा वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश हाईकोर्ट आर.ए. सिंह, वरिष्ठ अतिथि ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल तथा राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश महासचिव ब्रजवीर सिंह रहे। इस आयोजन में बच्चों ने बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ भाग लिया। फैंसी एवं विभिन्न सभ्यताओं के वस्त्र ग्रहण करके नृत्य प्रस्तुत किए। स्कूली बच्चों ने बढ़ रही मोबाइल की लत के संबंध में भी एक प्रोग्राम प्रस्तुत किया। पूर्व न्यायाधीश आर.ए. सिंह ने बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनको आगे बढ़ने की सीख दी तथा ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल ने बच्चों के साथ अभिभावकों को भी संबोधित किया तथा उनसे कहा कि यह बच्चे देश का भविष्य हम और आप मिलकर इनके उज्ज्वल भविष्य के लिए काम कर सकते हैं। प्रदेश महासचिव चौधरी ब्रजवीर सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा भी बच्चों की प्रतिभाएं बाहर आती हैं। हमें उनका उत्साह बढ़ाना चाहिए। चौधरी वीरपाल, शिवम राणा, शहजाद सैफी, अयूब अंसारी, मुकीम कुरैशी ने भी अपने विचार रखे। स्कूल के डायरेक्टर वसीम अहमद बख्श ने अतिथियों के साथ अभिभावकों का आभार प्रकट किया स्कूली बच्चों में कीर्ति, प्रथा, तेजस, जोया, बुशरा, वेदांशी, नैंसी, फरहा, अंशिका, सिराज तथा स्टाफ में राहुल चौहान, सना, इंशा, रेनू, याशिका, सबा, प्राची, मधु, मेहर, राकेश, दानिश आदि ने भाग लिया।

### घर में घुसकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**नगीना।** थाना कोतवाली क्षेत्र के तकीपुर नरोत्तम उर्फ धर्मपुरा गांव में घर में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर दो नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तकीपुर नरोत्तम उर्फ धर्मपुरा गांव के रहने वाले सुनील कुमार एडवोकेट पुत्र वीरेन्द्र पाल सिह की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसी के गांव के रहने वाले उदय सिंह के दो लड़के गोलू व गौरव जोकि आपराधिक गोत्सकर व चोर किस्म का व्यक्ति है और गलत संगत में रहता है उससे रंजिश रखते हैं। 16 जनवरी की रात दोनों आरोपी उसके घर में घुसकर छत पर आ गए और उसे को गंदी गंदी गालियां देते हुए, धक्का देकर धमकाने लगे और मारपीट की। सुनील कुमार ने बताया कि मोके पर मोजूद अवधेश कुमार व अश्वनी कुमार आदि व्यक्तियों ने जब उसको बचाया तो दोनों आरोपी उनसे भी मारपीट करते हुए आइन्दा देख लेने व जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। पुलिस ने एडवोकेट सुनील कुमार की शिकायत पर दो नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी अवनीत मान का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# नारायण हत्याकांड में दो को आजीवन कारावास

## सत्तर हजार का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे तृतीय ने नहटौर के नारायण हत्याकांड में अफजलगढ़ के गुरदीप सिंह व देहरादून ने गुरमीत सिंह को आजीवन कारावास व सत्तर हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 27 जनवरी, 2022 को थाना नहटौर में वादी, राकेश निवासी ग्राम मलोहा, चण्डीगढ़ ने तहरीर दी थी कि उनके पिता नारायण प्रसाद कैंटर गाड़ी चलाते थे। वह बिहार से स्कैप (लोहा) लेकर गोविंदगढ़ (पंजाब) के लिए जा रहे थे। 24 जनवरी को उनके पिता का शव नहटौर थाना क्षेत्र में मिला था। जिनकी अज्ञात अभियुक्तों के द्वारा हत्या कर दी गई है। पुलिस ने धारा 302, 201 व 394 में रिपोर्ट दर्ज की थी। अभियोग में गुरदीप सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह निवासी ग्राम रसूलपुर आबाद, थाना अफजलगढ़ एवं गुरमीत सिंह पुत्र संगत सिंह निवासी लाल टप्पड़, थाना डोईवाला, देहरादून का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया था।

न्यायालय एडीजे तृतीय ने धारा 302, 201, 394, 411 व 34 आईपीसी में गुरदीप सिंह व गुरमीत सिंह को आजीवन कारावास व सत्तर हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी।

## इटिनीरेंट एजुकेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम

**किरतपुर।** नगर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र/खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, ब्लॉक किरतपुर के प्रांगण में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के लिए दिव्यांग बच्चों के शारीरिक पुनर्वास से संबंधित पांच दिवसीय इटिनीरेंट एजुकेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान करना, उनमें उत्पन्न शारीरिक विकृतियों का पुनर्वास करना, उनके अभिभावकों की काउंसलिंग करना तथा विद्यालय एवं घर दोनों स्थानों पर उन्हें सामान्य वातावरण में समा. हत करने के लिए प्रभावी प्रयास करना रहा। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिव्यांग बच्चों के उत्थान हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल असेसमेंट कैंप के आयोजन, सहायक उपकरण वितरण हेतु माप (मेजरमेंट) एवं वितरण कैंप आर्टिफिशियल लिंब मैन्युफैक्चरिंग कंपनी, कानपुर के सहयोग से आयोजित किए जाने, साथ ही गहन रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए होम बेस्ड सपोर्ट जैसी व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। ब्लॉक किरतपुर के कुल 67 परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को इस प्रशिक्षण में शामिल किया गया। कार्यक्रम में समग्र शिक्षा परियोजना के अंतर्गत फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. सैयद फरहत अली ने आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 के अनुसार वर्णित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के लक्षणों की पहचान एवं उनकी स्क्रीनिंग प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। दिव्यांग बच्चों के लिए नियुक्त विशेष शिक्षक अयूब अली ने दिव्यांग बच्चों के शिक्षक प्रशिक्षण एवं उनके शैक्षणिक सहयोग से संबंधित विषयों पर चर्चा की। यह कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना एवं खंड शिक्षा अधिकारी किरतपुर सूर्यकांत गिरि के संयुक्त निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समस्त कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

## पूर्व चेयरमैन अब्दुल सलाम के निधन पर कांग्रेस प्रदेश कमेटी ने सौंपा शोक संदेश पत्र

**अफजलगढ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व भूतपूर्व चेयरमैन हाजी अब्दुल सलाम के निधन पर कांग्रेस प्रदेश कमेटी द्वारा शोक संदेश पत्र लेकर पहुंचे बढ़ापुर विधान सभा कोआर्डिनेटर ने मरहूम हाजी अब्दुल सलाम के पुत्र से मिल शोक संदेश देते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर मौजूद हाजी अब्दुल सलाम के पुत्रों सलीम अहमद तथा शमीम अहमद को सौंपे गए शोक संदेश में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता हाजी अब्दुल सलाम के निधन पर आत्मीय दुख जाहिर किया गया है। इसके अलावा दुख की घड़ी में प्रत्येक कांग्रेस जन ने परिवार के साथ खड़े होने का हवाला दिया। शोक संदेश में ईश्वर से हाजी अब्दुल सलाम की आत्मा को शान्ति और परिजनों को असहनीय दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई है।

# दारुल हुदा स्कूल में साइंस प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** दारुल हुदा जूनियर हाई स्कूल में आयोजित वार्षिक साइंस प्रतियोगिता, साइंस क्राफ्ट एवं आर्ट एग्जीबिशन शिक्षा और विज्ञान के समन्वय का बेहतरीन उदाहरण बनी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय परिसर में यह भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें नर्सरी से कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रोजेक्ट्स में विज्ञान की उपयोगिता, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत, स्वच्छता तथा मानव जीवन में विज्ञान की भूमिका जैसे विषयों को बेहद सरल, रचनात्मक और प्रभावशाली तरीके से दर्शाया गया। खास बात यह रही कि सभी विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडल एवं प्रोजेक्ट्स की व्याख्या अंग्रेजी भाषा में पूरे आत्मविश्वास के साथ की, जिसे देखकर उपस्थित अतिथि और दर्शक बेहद प्रभावित नजर आए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों की वैज्ञानिक सोच, प्रस्तुति, शैली एवं आत्मविश्वास की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की साइंस एग्जीबिशन बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम है और यही बच्चे आगे चलकर देश का भविष्य संवारेंगे। विद्यालय के चेयरमैन फैसल वारसी ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि दारुल हुदा स्कूल का उद्देश्य केवल किताबी शिक्षा देना नहीं बल्कि छात्रों को विज्ञान, संस्कार और आधुनिक सोच से सशक्त बनाना है। उन्होंने शिक्षकों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाना विद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस अवसर पर मास्टर गजेंद्र, संदीप त्यागी सहित अन्य अतिथियों ने भी प्रदर्शनी की प्रशंसा की और कहा कि इतनी कम उम्र में बच्चों का विज्ञान के प्रति झुकाव और अंग्रेजी में आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति देना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। प्रदर्शनी को देखने पहुंचे पत्रकारों, अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों ने आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना की।

अंत में विद्यालय अध्यक्ष एवं प्रबंधन समिति द्वारा सभी अतिथियों शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

# असदुद्दीन ओवैसी को अपना नेता चुने : मुफ्ती रियाज

## मुशर्रफ खान उपाध्यक्ष मनोनीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला में ऑल इण्डिया मजलिस ए इत्तेहाद उल मुस्लेमीन (AIMIM) का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। जिसमें मुशर्रफ खान को पार्टी का बढ़ापुर विधानसभा उपाध्यक्ष मनोनीत कर पत्र सौंपा गया।



सभा को संबोधित करते हुए एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष मुफ्ती रियाज अहमद ने कहा कि दुनिया में कोई भी कौम जब तक तरक्की नहीं कर सकती, जब तक वह अपनों में से अपना अकायद (नेता) ना बनाए। मौजूदा दौर में सबसे बदत्तर हालत मुस्लिम समाज की है, यह मैं नहीं कह रहा हूं सच्चर कमेटी व जस्टिस रंगनाथन रिपोर्ट कहती है। देश की आजादी के बाद सबसे बदत्तर हालत दलित समाज की थी। जबकि उस समय मुसलमानों के हालात बहुत अच्छे थे, लेकिन दलित ने अपना नेता चुना और भारत के प्रथम कानून मंत्री संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को अपना नेता माना। उन्होंने कानून में दलितों को बराबरी का दर्जा दिया। मुफ्ती रियाज ने मुस्लिम समाज का आह्वान किया कि असदुद्दीन ओवैसी को अपना नेता चुने। सभी समाज के लोग आपके साथ जुड़ जाएंगे।

इस अवसर पर एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष मुफ्ती रियाज अहमद, कोषाध्यक्ष खुर्शीद अहमद, मौहम्मद अशरफ खान, मुशर्रफ खान, शमीम अहमद नगर अध्यक्ष, मौहम्मद साबिर, मौहम्मद अदनान, हाजी मौहम्मद सुल्तान, मौहम्मद शाकिर अंसारी, मौहम्मद इकबाल सलमानी, मौहम्मद हनीफ उस्मानी, मौहम्मद युसूफ मलिक समाजसेवी, रफ्फन खान, मौहम्मद हनीफ, मौहम्मद साजिद खान आदि भारी मात्रा में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जंगल में सांप ने डसा

**अफजलगढ़।** ग्राम रसूलपुर आबाद निवासी शाहबाज पुत्र सखावत जंगल में लकड़ी भर रहा था। इसी दौरान अचानक एक लकड़ी के नीचे बैठे सांप ने उसे डंस लिया। घटना के बाद परिजनों ने उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती कराया। जहां देर शाम तक उसका उपचार जारी रहा। चिकित्सकों द्वारा शाहबाज की हालत में सुधार बताया जा रहा है। चिकित्सा प्रभारी डा. खालिद अख्तर व फार्मासिस्ट मनोज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विषैले जीव - जंतुओं द्वारा काटने पर तत्काल सीएचसी व पीएचसी में भर्ती कर इलाज कराएं।

# शिक्षणेत्तरकर्मी कैशलेस चिकित्सा सुविधा से वंचित

## मुख्यमंत्री व जनप्रतिनिधियों को देंगे मांग पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ ने प्रदेश सरकार द्वारा सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैसलेस चिकित्सा सुविधा से वंचित किए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए मजबूती के साथ आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया है।

प्रदेश संघर्ष समिति के संयोजक व जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने बताया प्रदेश सरकार ने बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के साथ शिक्षा मित्र, अनुदेशक, अंशकालिक शिक्षक व कर्मियों, रसोइयां को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का शासनादेश जारी किया है, जबकि माध्यमिक विद्यालय की रीढ़ शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को इस सुविधा से वंचित किया गया है। प्रदेश संगठन के निर्णय से अवगत कराते हुए बताया कि प्रदेश के सभी सहायता प्राप्त माध्यमिक के शिक्षणेत्तर कर्मचारी 7 से 16 फरवरी तक प्रत्येक विद्यालय से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अपनी नाराजगी जाहिर कर शिक्षणेत्तर वर्ग को कैशलैस चिकित्सा सुविधा दिए जाने की मांग करेंगे। इसके अतिरिक्त प्रदेश के प्रत्येक जिला कार्यकारिणी की ओर से सभी विधायक व विधान परिषद सदस्य को जिला संगठन की ओर से मांग पत्र देकर हस्तक्षेप करने व दोनों सदनों में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार व शोषण की आवाज बुलंद करने का अनुरोध करेगा।

इसके अलावा आगामी 18 फरवरी से प्रारंभ हो रही बोर्ड परीक्षा में काली पट्टी बांध कर सरकार के निर्णय का विरोध करते हुए कार्य करने का काम शिक्षणेत्तर कर्मचारी करेंगे। उन्होंने बताया प्रदेश सरकार व माध्यमिक शिक्षामंत्री की उपेक्षा से आहत प्रदेश का समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा व महामंत्री संजय पुंढीर के नेतृत्व में प्रदेश मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी व हक को जाहिर करेंगे। मुकेश सिन्हा ने प्रदेश व बिजनौर जनपद के प्रत्येक शिक्षणेत्तर कर्मचारी से अन्याय, उत्पीड़न, हक व आत्मसम्मान के लिए एकजुट होकर आंदोलन के लिए कमर कसने का आवाह्न किया है।


**न्यायालय सिविल जज**
**( जू.डि. ) नजीबाबाद**
ओ.एम. संख्या 8/2024
सबीहा बेगम पत्नी स्व. इंतजार निवासी मौहल्ला जाटान, कस्बा व परगना किरतपुर, जिला बिजनौर
**बनाम**
इमरान अहमद पुत्र स्व. इंतजार अहमद निवासी मौहल्ला जाटान, कस्बा व परगना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

दरख्वास्त मुसम्मा सबीहा बेगम पत्नी स्व. इंतजार अहमद निवासी मौहल्ला जटान, परगना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर वास्ते हुसूल सार्टिफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतानी मुसबफा इमरान अहमद पुत्र स्व. इंतजार अहमद अपने मूजिव एक्ट 7 सन् 1878 ई. वक्त 10 बजे हरगाह मुसम्मा प्रार्थी ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी है ई. तारीख 10 मास 02 सन 2026 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त प्रार्थी के उज्र हो तो या असालत या वकालत वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज जू.डि. नजीबाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख के मजकूर के फिर उन मिसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक: 10.02.2026
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू.डि. )**
**नजीबाबाद, बिजनौर**



**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश**
**परिवार न्यायालय, बिजनौर**
प्रकीर्ण वाद संख्या 101/2025
मूलवाद संख्या 768/2021
प्रिया अग्रवाल आयु 40 वर्ष पत्नी सचिन कुमार पुत्री स्वर्गीय शरद चंद अग्रवाल निवासी इस्लामपुर दास, परगना तहसील व जनपद बिजनौर हाल निवासी मकान नंबर 134/ 68 साकेत कॉलोनी सिविल लाइन कलक्ट्रेट के पीछे बिजनौर पिन-246701
मोबाइल- 7599909840
**- पेटीशन**
**बनाम**
सचिन कुमार आयु 46 वर्ष पुत्र स्वर्गीय श्री हुकुम सिंह निवासी ग्राम नैनसोब, थाना नांगल, जिला सहारनपुर हाल तैनाती पता जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय (लिपिक पद पर ) जनपद शामली पिन-247776
मोबाइल- 8923913480
**- रेस्पोंडेंट**
तलाक पेटीशन अंतर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम

हरगाह के आपके नाम एक नालिश बाबत तलाक के दायर की हैं। लिहाजा आपको हुक्म होता हैं की बतारीख 17-2-2026 ई. बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात करार वाकई वाकिफ किया गया हैं और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिक के मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो जो जवाब में ऐसे सवालात को दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करें और आपको लाजिम हैं की उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेह को इस्तेमाल करना चाहते हो। आपको इत्तेला दी जाती हैं की अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक: 17-2-2026
**प्रबंधक**
**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश**
**परिवार न्यायालय, बिजनौर**


## एक नजर

### वनाग्नि सुरक्षा सप्ताह का समापन



**कालागढ़।** कार्बेट टाइगर रिजर्व रेंज के अन्तर्गत वर्कचार्ज कालोनी में नन्द किशोर रूवाली वन क्षेत्राधिकारी कालागढ़ रेंज के नेतृत्व में वनाग्नि सुरक्षा सप्ताह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। वन क्षेत्राधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त स्टाफ स्थानीय नागरिक एवं कालागढ़ रेंज की सीमा से लगने वाले ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही उपस्थित समस्त को वनाग्निकाल के दृष्टिगत वनों के महत्व से सम्बन्धी अनेक जानकारियों से अवगत कराया गया तथा वनों को आग से बचाने हेतु वनों में आग की घटना के संज्ञान में आने पर तत्काल वन विभाग को सूचित करने का आग्रह किया गया। वनाग्नि सुरक्षा के मध्य विभिन्न स्थानीय विद्यालयों ग्रामों व बाजारों में अग्नि सुरक्षा से सम्बन्धित गोष्ठी आयोजित की गयी। साथ ही मानव-वन्यजीव संघर्ष के न्यूनीकरण हेतु वन क्षेत्र में प्रवेश न करने तथा अपने घरों के आस-पास उचित प्रकाश व्यवस्था व साफ-सफाई रखने हेतु का अनुरोध किया गया। उपस्थित समस्त स्थानीय लोगों ग्रामवा. सियों के द्वारा भी वन विभाग को पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के दौरान नन्द किशोर रूवाली वन क्षेत्राधिकारी कालागढ़, भारत सिंह रावत, सरत सिंह बिष्ट, वन दरोगा, रितेश कण्डवाल, रणजीत सिंह, वन आरक्षी, नयाब खां, महावत व जगदीश लाल आदि अन्य स्टाफ स्थानीयय नागरिक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### कांवड़ियों का आवागमन शुरू



**नगीना।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर तीर्थ नगरी हरिद्वार की ओर जाने और वहां से पवित्र गंगाजल व कांवड़ लेकर अपने गंतव्य को जाने वाले शिवभक्त कांवड़ियों का नगर में आगमन शुरू हो गया है। जिसके चलते नगीना शिव भक्तिमय होने लगा है। हरिद्वार से अपने गंतव्यों नैनीताल, हल्द्वानी, बरेली, टनकपुर, रामपुर की ओर जाने वाले बालक से लेकर वृद्ध तक हर आयु के शिवभक्त कांवडती नगीना के बढ़ापुर-रायपुर बुंदकी तिराहे से नगर में प्रवेश कर विभिन्न कांवड़ यात्रा मार्गों से होते हुए नगीना के मौहल्ला विश्नोई सराय मार्ग से धामपुर मार्ग की ओर प्रस्थान हर हर महादेव के जयघोष के साथ कर रहे हैं। जहां उन्हें जगह-जगह शिवसेवकों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा भी कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए व्यापक रूप से व्यवस्थाएं की गई हैं।

### छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



**नहटौर।** पुलिस ने छेड़छाड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी नितिन को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने थाने में लिखित तहरीर दी थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि ग्राम समसपुर हुसैनपुर निवासी नितिन पुत्र करन सिंह ने उसके साथ छेड़छाड़, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस शिकायत के आधार पर, पुलिस ने मामला दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए, उप-निरीक्षक राकेश मोहन द्वारा विवेचना की जा रही थी। जांच और साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धारा 7/8 पॉक्सो अधिनियम की वृद्धि की गई, जो नाबालिगों के संरक्षण से संबंधित है। शुक्रवार को नहटौर पुलिस को मुखबिर के जरिए आरोपी की लोकेशन की सूचना मिली। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त नितिन को गिरफ्तार कर लिया।

### चोर गिरफ्तार, माल बरामद

**हल्दौर।** मौहल्ला रईसान निवासी बर्तन व्यापारी सचिन शुक्रवार को अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोर ने मकान के पीछे स्थित खिड़की की जाली तोड़कर घर में प्रवेश किया। चोर ने घर के भीतर रखी गुल्लक को तोड़कर उसमें रखी लगभग डेढ़ लाख रुपये की नकदी निकाल ली। साथ ही घटना के सबूत मिटाने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी चुरा ले गया।परिवार के वापस लौटने पर घर में बिखरा सामान देखकर चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाने ले गई। पुलिस के अनुसार हिरासत में लिया गया युवक स्वयं को व्यापारी के घर का नौकर बता रहा है। पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी गई नकदी, डीवीआर सहित अन्य सामान भी बरामद कर लिया गया है।


**आवश्यक सूचना**

मेरे पति अर्जुन सिंह पुत्र शिवनाथ सिंह का मानसिक सन्तुलन ठीक नहीं है, वे आये दिन अनाप शनाब बोलते रहते है। उनके नाम से कोई व्यक्ति उनकी चल-अचल सम्पत्ति का नाजायज फायदा न उठा ले, जिसकी सारी जिम्मेदारी स्वयं उन व्यक्तियों की होगी। मैं अपने पति की मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण यह कार्यवाही कर रही हूं।

**अरूणा देवी पत्नी अर्जुन सिंह निवासी ग्राम हसन अलीपुर भोगन, तहसील नगीना, जिला बिजनौर**
मो.-9412477219



**गुमशुदा की तलाश**



मेरे पति नरेंद्र सिंह (55 वर्ष) पिछले लगभग पांच वर्षों से लापता है। उन्होंने साधु का वेष धारण कर लिया था। उनका हुलिया- आंख, नाक व कान औसत है। कद पांच फूट व आठ इंच है। जबकि रंग सांवला है। जिस किसी को भी इनके बारे में पता चले, तो सूचना देने का कष्ट करें।

**श्रीमती सुमन देवी पत्नी श्री नरेंद्र सिंह, निवासी ग्राम जाफराबाद, थाना रेहड़, जनपद बिजनौर**

**मोबाइल नम्बर:- 6398953563**

# बलात्कार के फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर प्रधानपति से मांगी रंगदारी

## एक हिंदूवादी नेता समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गांव पूंडरी कलां के प्रधान पति ने एक हिंदूवादी नेता सहित चार के खिलाफ बलात्कार के फर्जी मुकदमे में फंसाने और रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रधान पति का आरोप है कि उसे बलात्कार के मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए पांच लाख की रंगदारी मांगी गई, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

गांव पूंडरी कलां के ग्राम प्रधान के पति संदीप राठी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही सलमान का चचेरा भाई कश्मीर से एक युवती को भगा लाया था, जो कश्मीर की जेल में बंद है। सलमान पर भी गांव की एक युवती के साथ बलात्कार का मुकदमा चल रहा है। सोनू मलिक सलमान की पत्नी है जो अपने आप को वकील बताती है। सोनू मलिक अपने पति सलमान को बचाने के लिए उन पर फैसले का दबाव बनाते हुए कश्मीर की युवती से उनके खिलाफ घर में बंधक बनाकर बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए झूठी रिपोर्ट दर्ज कराना चाहते हैं, जिनमें एक हिंदूवादी नेता अंशुल भी शामिल है। मुकदमे से बचने के लिए आरोपियों ने उनसे पांच लाख की रंगदारी मांगी। रंगदारी न देने पर उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी गई।

संदीप राठी की तहरीर पर पुलिस न थाना किरतपुर गांव शंकरपुरी निवासी हिंदूवादी नेता अंशुल, थाना नांगल गांव पूंडरी कलां निवासी महिला वकील सोनू मलिक उसके पति सलमान और थाना कोतवाली देहात गांव महेश्वरी निवासी गुलशन के खिलाफ रंगदारी मांगने सहित कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। इस मामले में ग्राम प्रधान पति ने आरोपियों के खिलाफ रंगदारी मांगने के कई सबूत पुलिस को सौंपे है। इस कारण ये आरोपी ग्राम प्रधान पति संदीप राठी को झूठे बलात्कार के मुकदमे में फसाने में सफल नहीं हो सके। सभी आरोपी कश्मीरी की एक महिला को ढाल बनाकर ग्राम प्रधान पति को बलात्कार के झूठे मुकदमे में जेल भिजवाना चाहते थे, इसके साथ ही 5 लाख की मोटी रकम रंगदारी में वसूलने का दबाव बना रहे थे। आरोपी सोशल मीडिया पर ग्राम प्रधानपति के खिलाफ मुहिम चला रहे थे।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु भरेंगे हुंकार

## इंदिरा बाल भवन में होगा पेंशन क्रांति महासम्मेलन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** 15 फरवरी को होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर पॉलिटेक्निक कर्मचारी संघ की बैठक जितेंद्र राणा की अध्यक्षता एवं मनोज कुमार के संचालन में हुई।

बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने आगामी 15 फरवरी को इंदि. रा बाल भवन में टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में पेंशन क्रांति महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। महासम्मेलन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु व विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री रामेन्द्र श्रीवास्तव, डिप्लोमा फार्मासिस्ट संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बड़ौला, पटवारी लेखपाल कानून को संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम मूरत यादव, नर्सेज संघ की प्रदेश अध्यक्ष सरली भंडारी, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश संयुक्त मंत्री ठाकुर विश्वपाल सिंह, अधिष्ठान सिंचाई संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बिजनौर में आगमन कर पुरानी पेंशन बहाली की हुंकार भरेंगे। महासम्मेलन में सभी शिक्षकों एवं कर्मचारी को संगठित प्रतिभाग करें।

बैठक में विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लो. केंद्र चौधरी, राजकीय वाहन चालक संघ के जिला मंत्री नरेंद्र कुमार मनचंदा, अमित महरोत्रा, जितेंद्र राणा, राजीव, निपेन्द्र कुमार, समरपाल कटारिया, सोनू कुमार, मनोज कुमार, लोमेश कुमार, सुधीर कुमार शर्मा, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### टावर पर चढ़ने वाला गिरफ्तार



**नांगल सोती।** गांव दिनोडी में नशे की हालत में टावर पर चढ़ने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार किया है। गांव दिनोडी में शुक्रवार को अजय कुमार नशे की हालत में एक मोबाइल टावर पर चढ़ गया था। टावर पर चढ़ने बाद अजय कुमार नशे की हालत में इधर उधर झूलता रहा। ग्रामीण ने उसे काफी समझाने का प्रयास किया। काफी देर बाद वह टावर से नीचे उतरा। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ भी एकत्र हो गई थी, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने अजय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसका चालान कर दिया।

### छप्पर में आग लगने से वृद्ध झुलसा



**नांगल सोती।** जीतपुर निवासी कई लोगों ने मिलकर खानपुर तिराहे के समीप कोल्हू चला रखा है। बीती रात्रि करीब ग्यारह बजे जीतपुर निवासी मजदूर बाबूराम (65 वर्ष) कोल्हू में सो रहा था। तसले में रखी आग से अचानक कोल्हू में पड़े छप्पर में आग लग गई। आग लगी देख आसपास कोल्हुओं पर सो रहे लोगों ने आग पर किसी तरह काबू पाया, लेकिन तब तक बाबूराम बुरी तरह झुलस चुका था। परिजनों ने बाबूराम को एम्स ऋषिकेश में उपचार के लिए भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी है।

### प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन



**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र नगीना द्वारा सरसों की क्लस्टर अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन कराया गया। जिसमें कृषकों को सरसों की समन्वित फसल उत्पादन प्रणाली, उन्नत प्रजाति पूसा सरसों-33 के अधिक उत्पादन, पोषक तत्व का प्रबंधन, रवी फसलों में खरपतवार नियंत्रण, गन्ने के साथ सरसों सहफसल की तकनीक आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, नगीना पर प्रभारी अधिकारी के पद पर कार्यरत डॉ. के.के. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र नगीना द्वारा छह फरवरी को सरसों की क्लस्टर अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कृषकों को सरसों की समन्वित फसल उत्पादन प्रणाली के बारे में बताया गया। साथ ही साथ सरसों की उन्नत प्रजाति पूसा सरसों-33 का अधिक उत्पादन कैसे लिया जाए, उसके बारे में विस्तृत रूप से केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. के.के. सिंह ने बताया। केन्द्र की वैज्ञानिक डॉ. शिवांगी ने सरसों में पोषक तत्व का उचित प्रबंधन कैसे करें उसके बारे में बताया साथ ही रवी फसलों में खरपतवार नियंत्रण की भी जानकारी दी। गन्ना विभाग से वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक राजेश सिंह ने किसानों को गन्ना के साथ सरसों सहफसल की तकनीक एवं फायदों तथा बसंत कालीन गन्ना बुवाई के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी कृषकों को प्रदर्शित किए गए प्रक्षेत्र पर ले जाकर उनको भ्रमण भी कराया गया साथ ही साथ आने वाले उपज का अनुमान भी लगाया गया।

### वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**धामपुर।** विश्व भारती पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समाज को प्रेरणा देने का काम किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य संजीव चौहान ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर नाटक, ग्रुप डांस और मोबाइल के नुकसान को बताया गया। कार्यक्रमों द्वारा समाज में प्रेरणा देने का काम किया। प्रधानाचार्य संजीव चौहान ने बताया कि बच्चों के कार्यक्रम की सलाहना करते हुए कहा कि सब कुछ शिक्षा लेनी चाहिए एवं महापुरुषों के बताएं मार्ग पर चलकर समाज एवं देश की रक्षा करनी चाहिए और समाज और देश हित के कार्य करने चाहिए। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं में कक्षा 5 से एलिजा, जोया, तान्या, कक्षा 6 से तेबा, तुशारीका, दिशा, जुनेरा, कक्षा 7 से ईशानी, इकरा, कक्षा 8 से अयान, जुनैद, ईशान, कक्षा 9 से नंदिनी, रुकैया, अलीशा, कक्षा 11 से महक, शबनूर, सिमरन आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सहयोग करने में शिक्षकों में पूनम, कृति, अलीशा, फौजिया, साहिबा, नकुल कुमार, संध्या, रुबीना, अलीना, आदि शामिल रहीं।

### स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक




**चांदपुर।** ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रथम एकदिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वयंसेवी छात्राओं ने स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता रैली राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पीयूष कुमार वर्मा तथा डॉ. दलीप कुमार के नेतृत्व में निकाली गई। इससे पूर्व कॉलेज में एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भूगोल विभाग की प्रवक्ता डॉ. शिवाली राजपूत ने कहा कि स्वयंसेवी समाज में फैली हुई कुरीतियों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करें तथा स्वच्छता के प्रति प्रचार -प्रसार करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के सहायक कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार ने भी स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास से परिचित कराया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं से समाज सेवा को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक व प्रमुख समाजसेवी अशोक कुमार शास्त्री, कॉलेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री, कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा, डॉ. वरुण कुमार, राकेश चौहान, प्रशांत चौधरी, रुक्मिणी देवी, ललित शर्मा, कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ. आरपी सिंह, गौरव कुमार, प्रदीप राजपूत, नीशु देवल, छाया राजपूत, शनि चौहान, सुषैन बाबू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# फादरसन में ब्लेसिंग सेरेमनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ ब्लेसिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण भावुक, प्रेरणादायक एवं उत्साह से भरा रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं ईश्वर वंदना से हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहकर सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने का संदेश दिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों ने भी अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और भावनात्मक क्षण देखने को मिले। यह समारोह विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना और उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया निरीक्षण

## नवनिर्माणाधीन स्टेशन भवन सहित चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मुरादाबाद मंडल की मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने शनिवार को धामपुर रेलवे स्टेशन का दौरा कर नवनिर्माणाधीन स्टेशन भवन सहित चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लेटफार्म संख्या एक, फुट ओवर ब्रिज, स्टेशन भवन के प्रथम तल तथा जीआरपी चौकी का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने यात्रियों की सुविधाओं, सुरक्षा प्रबंधों और स्टेशन पर उपलब्ध



मूलभूत व्यवस्थाओं को लेकर भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों के चलते यात्रियों को अनावश्यक परेशानी न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन कराने पर भी विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन सौंप कर धामपुर स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों के ठहराव बढ़ाने तथा दिन के समय यात्री ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की मांग रखी। नागरिकों ने बताया कि वर्तमान समय में सुबह सियालदह एक्सप्रेस के बाद शाम तक दोनों दिशाओं में जाने के लिए कोई नियमित सवारी गाड़ी उपलब्ध नहीं है, जिससे यात्रियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यात्रियों ने मुरादाबाद और सहारनपुर की ओर जाने वाली ट्रेनों के ठहराव बढ़ाने की मांग करते हुए रेलवे प्रशासन से शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध किया।

मंडल रेल प्रबंधक ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को यात्रियों की मांगों का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रेलवे के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। ज्ञापन सौंपने वालों में विक्रम सिंह, नेमीचंद, अनिल कुमार, शानू, नरेंद्र, विनोद कुमार त्यागी, अजय कुमार, हर्ष चौहान सहित अन्य स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

# फर्जी अफसर बनकर करता रहा अधिकारियों से संपर्क

## एसटीएफ जांच में खुली परतें, मोबाइल-कार जब्त, फर्जी पहचान पत्र बरामद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर में पकड़े गए फर्जी आईबी अधिकारी मनोज चौहान के मामले में जांच आगे बढ़ने के साथ कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। एसटीएफ मेरठ व धामपुर पुलिस की जांच में पता चला है कि आरोपी खुद को खुफिया विभाग का अधिकारी बताकर न केवल पुलिस अधिकारियों से संपर्क करता था, बल्कि अन्य सरकारी महकमों पर भी रौब जमाने की कोशिश करता था। आरोप है कि वह लोगों के काम कराने के नाम पर कथित रूप से आर्थिक लाभ भी उठाता रहा।

जांच एजेंसियों के अनुसार मनोज चौहान पिछले काफी समय से धामपुर के गुलमोहर रेस्टोरेंट के पास किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस रिकॉर्ड में उसका मूल निवास नगीना क्षेत्र का बताया जा रहा है। आरोपी की गतिविधियों पर संदेह गहराने के बाद जब उसके कॉल डिटेल और संपर्क सूत्रों की जांच की गई तो यह सामने आया कि उसने खुद को आईबी अधिकारी बताकर विभिन्न थानों के अधिकारियों से फोन पर संपर्क किया था।

धामपुर कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार आरोपी ने 2 जनवरी को स्योहारा थाना प्रभारी, 3 जनवरी को अफजलगढ़ के प्रभारी निरीक्षक तथा 7 जनवरी को नगीना देहात क्षेत्र के उप निरीक्षक से संपर्क कर अपने प्रभाव का प्रदर्शन करने का प्रयास किया। जांच में यह भी उजागर हुआ कि जिन मोबाइल नंबरों से आरोपी कॉल कर रहा था, वे उसके नाम पर नहीं बल्कि किसी अन्य व्यक्ति के नाम से पंजीकृत थे।

पुलिस व एसटीएफ टीम ने आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल फोन और एक कार जब्त की है। मोबाइल फोन की फॉरेंसिक जांच में आरोपी की व्हाट्सएप चैटिंग भी सामने आई है, जिसमें वह स्वयं को 'डिप्टी डायरेक्टर, इंटरनेशनल सिक्योरिटी, नई दिल्ली' दर्शाता पाया गया। इसके अलावा आरोपी के पास से एक संदिग्ध पहचान पत्र भी बरामद हुआ है, जिसकी असलियत की पुष्टि के लिए संबंधित विभागों से सत्यापन कराया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार आरोपी से जुड़े कुछ ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल होने की भी जानकारी सामने आई है, जिनमें कथित तौर पर अधिकारियों पर दबाव बनाने की बातचीत होने का दावा किया जा रहा है।

हालांकि, इन वायरल ऑडियो की सत्यता की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है और जांच एजेंसियां इस पहलू की भी पड़ताल कर रही हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के संपर्क में आए लोगों की सूची तैयार की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि उसने किन-किन मामलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश की। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जांच पूरी होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बिहारीपुर को आबादी में दर्ज करने को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गांव बिहारीपुर के ग्रामीणों ने पंचायत को आबादी में दर्ज करने की मांग को लेकर डीएम से संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ग्रामीणों ने घरौनी प्रक्रिया पूर्ण होने से पहले पंचायत को अभिलेखों में दर्ज करने की मांग की।

शनिवार को भारी संख्या में एकत्र होकर पहुंचे ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर ग्राम पंचायत बिहारीपुर को आबादी में दर्ज करने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व प्रधान ने निजी स्वार्थ के लिए बिहारीपुर को अभिलेखों में गैर आबादी कराकर हाफिजाबाद शर्की से जुड़वा दिया। पंचायत के गैर आबादी में दर्ज होने की वजह से पंचायत का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर पंचायत को घरौनी प्रक्रिया पूर्ण होने से पहले आबादी में दर्ज करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में हरनाम सिंह, सुरेंद्र सिंह, दुष्यंत सिंह, सोमपाल सिंह, चंद्रभान सिंह, देवेंद्र कुमार, राजरानी, तारा सिंह, पुखराज सिंह, शीतल देवी, मिथिलेश, मनोहर सिंह आदि संख्या में सैकड़ों ग्रामीण रहे।

# जन-जन को नशे से दूर रहने का सन्देश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. उदिता राजपूत एवं मौहम्मद आरिफ द्वारा प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

### नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए शपथ दिलाई

प्रथम एकदिवसीय शिविर 'नशा मुक्ति अभियान' को समर्पित किया गया। पूर्वाह्न में स्वयंसेवकों एवं स्वंय सेविकाओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान से संबंधित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें नाजिया परवीन, शुमायला मलिक, सफिया फातिमा, अमन कुमार और तरूण श्रीवास्तव आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किये। महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मौहम्मद साजिद अंसारी ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने के लिए समझाया तथा अन्य युवाओं को भी समझाने के लिए प्रेरित किया। सूक्ष्म जलपान के बाद अपराह्न में महाविद्यालय के प्रो. अशोक कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिवर में सभी स्वयंसेवक और स्वयं सेविकाओं को प्रेरित करने के लिए अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारे देश के युवाओं को व्यसन में न पड़कर अपने बौद्धिक और कौशल विकास की ओर ध्यान देना चाहिए ताकि हमारा देश भी विकास के पथ पर निरंतर बढ़ता रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने सभी को नशे से दूर रहने तथा नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए शपथ दिलाई। इस प्रकार प्रथम एकदिवसीय शिविर का सफल आयोजन संपन्न हुआ।

# सरकारी भूमि पर पार्किंग, पेड़ों पर कथित जहर

## ठाकुरद्वारा मार्ग पर मैरिज हॉलों के चलते नियमों पर उठे गंभीर सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर से ठाकुरद्वारा मार्ग पर लगातार बन रहे बैंक्विट व मैरिज हॉल इन दिनों नगर में चर्चा का विषय बने हुए हैं। नियमों के अनुसार मैरिज हॉल संचालकों को अपने परिसर में ही पार्किंग की समुचित व्यवस्था करनी होती है, लेकिन इस मार्ग पर बने कई मैरिज हॉलों के सामने की स्थिति नियमों के विपरीत नजर आ रही है।

स्थानीय नागरिकों और जानकारों के अनुसार ठाकुरद्वारा रोड स्थित मैरिज हॉलों की इमारतों की बुनियाद तो पीडब्ल्यूडी के निर्धारित मानकों के अनुरूप बताई जा रही है, लेकिन पार्किंग के नाम पर कथित तौर पर सरकारी भूमि और वन विभाग की संपत्ति का उपयोग किया जा रहा है जो नियमों के खिलाफ माना जा रहा है। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे वन विभाग की भूमि पर खड़े यूकेलिप्टस के पुराने और हरे-भरे पेड़ों को धीरे-धीरे सुखाने की गतिविधियां सामने आ रही हैं। जनचर्चा है कि इन पेड़ों पर किसी प्रकार की रासायनिक दवा का छिड़काव किया जा रहा है, जिससे वे कुछ समय में सूखकर गिर जाएं और उसी स्थान को मैरिज हॉलों की पार्किंग के रूप में इस्तेमाल किया जा सके और किया भी जा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक कई मैरिज हॉलों के सामने से सभी



### पेड़ों को नुकसान पहुंचाना भी पर्यावरण संरक्षण कानूनों के तहत अपराध

**स्योहारा।** पीडब्ल्यूडी नियम लोक निर्माण विभाग की सड़कों की निर्धारित चौड़ाई पटरी और सीमा में किसी भी प्रकार का स्थायी या अस्थायी अतिक्रमण प्रतिबंधित है। सड़क किनारे की भूमि पर निजी उपयोग की अनुम. ति केवल विभागीय स्वीकृति के बाद ही संभव होती है। वन विभाग की भूमि पर स्थित किसी भी पेड़ को नुकसान पहुंचाना, सुखाना या हटाना बिना सक्षम अनुमति के दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। रासायनिक पदार्थों के माध्यम से पेड़ों को नुकसान पहुंचाना भी पर्यावरण संरक्षण कानूनों के तहत अपराध माना जाता है।

सरकारी पेड़ हट चुके हैं, जबकि कुछ मैरिज हॉलों के सामने अभी भी पेड़ मौजूद हैं जिन्हें लेकर भी भविष्य में नुकसान की आशंका जताई जा रही है। इस पूरे मामले में वन विभाग और पीडब्ल्यूडी विभाग की भूमिका को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारों का कहना है कि यदि यह गतिविधियां नियमों के विरुद्ध हैं तो अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने क्यों नहीं आई।

नगर में यह चर्चा आम है कि या तो विभागीय स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है या फिर संबंधित नियमों की अनदेखी करते हुए इन मामलों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि सड़क किनारे लगे पेड़ न केवल हरियाली बढ़ाते हैं, बल्कि यातायात, प्रदूषण और तापमान संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में पेड़ों को नुकसान पहुंचाना और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करना भविष्य के लिए गंभीर समस्या बन सकता है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और जिम्मेदार विभागों से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि कहीं नियमों का उल्लंघन हुआ है तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए ताकि सरकारी भूमि और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। अब इस मुद्दे को लेकर शाह टाइम्स अखबार लगातार खबरें प्रकाशित करता रहेगा, जब तक ऐसे मैरिज हॉल स्वामी पर नियम अनुसार कानूनी कार्रवाई न हो।

### प्रशासनिक व विभागीय नियम क्या कहते हैं?

**स्योहारा।** मैरिज हॉल नियम नगर निकाय व प्रशासनिक दिशा निर्देशों के अनुसार प्रत्येक मैरिज या बैंक्विट हॉल को अपने परिसर के भीतर ही पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था करना अनिवार्य है। सार्वजनिक सड़क, पटरी या सरकारी भूमि को पार्किंग के रूप में उपयोग करना नियम विरुद्ध माना जाता है।

# देश के किसानों को संगठित होकर सड़कों पर उतरकर आंदोलन की आवश्यकता

○ किसानों की पंचायत में रा. अध्यक्ष हरपाल सिंह ने किया सम्बोधित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन (असली) की एक पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने देश के किसानों को संगठित होकर सड़कों पर उतरकर आन्दोलन करने की आवश्यकता बताया।

ग्राम फुलसिंघा में आयोजित हुई पंचायत में भारी तादाद में मौजूद किसानों को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. हरपाल सिंह ने कहा कि आज फिर इस देश के किसानों को संगठित होकर किसान विरोधी मोदी सरकार के विरुद्व सड़कों पर उतर कर आन्दोलन करने की आवश्यकता है। क्योंकि अमेरिकी सरकार के दबाव में देश के किसानों के डेथ वारण्ट पर यह सरकार हस्ताक्षर कर चुकी है। मोदी सरकार के द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ फिलहाल किए गए समझौते में भारी सब्सिडी वाले अमेरिकी कृषि क्षेत्र के व्यापार को भारत में आयात शुल्क से मुक्त किया गया है और सरकारी सहायता से वंचित भारतीय कृषि उत्पादों के निर्यात पर टैरिफ दरों में भारी वृद्धि की है। सरकार के इस फैसले से भारतीय किसानों के हितों पर कुठाराघात है और मोदी सरकार यह सब अपने कार्पोरेट मित्र के बचाव में अमेरिका के दबाव में कर रही है। उन्होने कहा कि दिल्ली में आन्दोलन के दौरान सरकार ने एमएसपी गारंटी कानून का वदा किया था लेकिन सरकार अपने वादे को पूरा नहीं कर सकी। किसानों को अपने हक की लड़ाई के एि सड़कों पर उतरकर ही पूरा कराना होगा। चौधरी हरपाल सिंह के अलावा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, डा. जावेद, चौ. शिव सिंह, आशक रजा, मु. सुलेमान, मु. वारिस, दिलशाद हुसैन, चौ. संजीव गांधी, नबाब सिंह यादव, बाबूराम प्रजापति, मुशाहिद हुसैन, मौ. हफीज आदि ने भी किसानों को सम्बोधित किया। पंचायत में फिरोजपुर न्याय पंचायत अध्यक्ष पद पर मु. उमर, ग्राम अध्यक्ष फुलसिंघा पद पर हाजी अली अहमद, युवा ब्लाक अध्यक्ष, मौ. लियाकत, जिला सचिव पद पर मौ. अनवर को मनोनीत किया गया।



सम्भल। बहजोई कलक्ट्रेट सभागार में बजट पर पत्रकारों से वार्ता करते राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति।

# जनता की समस्याओं से लापरवाह कुर्सी की लड़ाई में सपा नेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** राजनीति में आने का मकसद जनता की सेवा करना समझा जाता था,लेकिन अब ऐंसा लगता है कि कहीं पै निगाहें, कहीं पै निशाना की तर्ज पर राजनेता अपने परिवार के विकास की चिंता कर जनता को समस्याओं से घिरा हुआ उनके हाल पर यूँ ही छोड़ देते हैं।

यूँ तो विधानसभा चुनाव में एक वर्ष से अधिक का समय है, लेकिन राजनेताओं ने अभी से टिकट के लिए जोर आज़माइश शुरू कर दी है। सपा की बात करकें तो क्षेत्रीय विधायक इकबाल महमूद ने अपने स्थान पर बेटे को राजनीति में स्थापित करने की घोषणा की है, तब से ही सपा में टिकट के दावेदारों की सूची में तेजी से इजाफा हो रहा है। बात अगर विकास की करें तो तब लगभग पचास हज़ार की आबादी वाला कस्बा सिरसी आजादी के सत्ततर वर्ष्रा बाद भी विकास में काफी पिछड़ा हुआ है। कस्बे वासी शिक्षा व चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। जिसके लिए क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि जिम्मेदार है। क्षेत्रीय विकास के लिए सरकार द्वारा निधि के रूप में पांच करोड़ भारी-भरकम रकम कहां खर्च होती ी है यह सवाल जनता के बीव समय-समय पर उठता रहता है। निधि से कुछ हज़ार का यात्री शेड बनवाने को जनप्रतिनिधि बड़ी उपलब्धि समझते है। सरकारी चिकित्सा सेवा न होने के कारण मध्यम एवं मजदूर वर्ग को अधिक आर्थिक कठिनाई झेलनी पृती है। ऐंसा ही कुछ हाल शिक्षा का भी है। निजि हाथों में शिक्षण संस्थान अपनी मनमानी करते हैं जिससे ऊँची फीस न दे पाने के कारण गरीब का बच्चा शिक्षा से वंचित रह जाता है। लोगों का कहना है कि अब बहुत हो चुका। पांच वर्ष में एक बार दिखने व विकास कार्य नहीं कराए जाने वाले किसी भी दल के नेता को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

# बेहतर लोकेशन पर स्थापित होगा एम्स: प्रजापति

○प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री ने केन्द्र सरकार के बजट की जमकर गिनाई उपलब्धियाँ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने केन्द्रीय बजट की जमकर सराहना की। जबकि बजट को देशहित में एतिहासिक और विकास के लिए मजबूत आधार वाला बताया।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पारित बजट देशहित में ऐतिहासिक है जो विकास का मजबूत आधार साबित होगा।
उन्होने बजट की खूबियां गिनाते हुए कहा कि केन्द्रीय बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। किसानों, युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग के लिए काफी प्रावधान किए गए हैं जबकि देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि बजट न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि भविष्य की नींव भी मजबूती के साथ रखता है।उन्होने कहा कि केन्द्रीय बजट लाजवाब है और इससे प्रदेश सहित पूरे देश में विकास की गति और भी तेज होगी।उन्होने कहा कि यह बजट में प्रशिक्षण सुविधाओं के विस्तार, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता और स्वयंसेवकों के मानदेय व सुविधाओं में सुधार पर विशेष जोर दिया गया है। 12 लाख तक की आय पर टैक्स प्री के लिए सरकार ने उत्कृष्ट कदम उठाया गया है। साथ ही विदेश यात्रा को भी सुलभ बनाने के लिए विशेष छूट का प्रावधान किया गया है।इसके अलावा बजट में किसानों के लिए एआई टूल से उन्नत कृषि का प्रावधान सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही 17 दवायें जो अत्यधिक महंगी थी जिनमें सीमा शुल्क को घटकर शून्य किया गया है जिससे मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके। शिक्षा व्यवस्था में सुधाार के लिए यूपी में गर्ल्स हॉस्टल की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके अलावा पश्चिमी यूपी में स्वीकृत एम्स को लेकर किए गए सवाल के जवाब में उन्होने कहा कि सरकार जहां इसे प्रतिस्थापित करना बेहतर समझेगी वहां इसका निर्माण कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, पूर्व मंत्री अजीत कुमार राजू, पूर्व बहजोई चेयरमैन राजेश शंकर राजू के अलावा प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# हादसे में घायल की उपचार के दौरान मौत

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव नंदरोली निवासी अजय पाल अपने साथी सुरेश पाल सिंह के साथ बाइक से 10 जनवरी को किसी काम के लिए गुन्नौर तहसील कार्यालय जा रहे थे। जुलेपुरा पुलिया के पास पहुंचे तभी किसी बैलगाडी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार अजय पाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें बबराला के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, वहां से प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ रेफर कर दिया था। लेकिन, वहाँ से भी तबियत में सुधार न होने पर स्वजन उन्हें नोएडा ले गए। बहीं पर शुक्रवार को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस पर अजय के बेटे मोहित ने पुलिस को अज्ञात बैलगाड़ी चालक के खिलाफ तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# टिकट योग्यता पर मिलेगा परिवारवाद पर नहीं: आतिर

○आम आदमी की पंचायत चुनाव को लेकर बैठक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एव सम्भल, असमोली और चंदौसी विधानसभा प्रभारी आतिर हुसैन ने बदायूं दरवाजा चौधरी सराए में आयोजित जिला पंचायत चुनाव तैयारी बैठक में कहा कि अब यह समय विकास न होने की शिकायत करने का नहीं, बल्कि आगे बढ़कर चुनाव लड़ने का है। अगर कुछ नेताओं ने दशकों तक जनता के लिए कोई काम नहीं किया, तो अब उनसे विकास की क्या उम्मीद रखी जाए। आतिर हुसैन ने कहा आने वाले समय में जिला पंचायत चुनाव होने जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी का आहवान है कि योग्य लोग आगे आएँ, मजबूत दावेदारी पेश करें, चुनाव लड़ें, जीतें और अपने क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी निभाएँ। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया यहीं नहीं रुकती। विधानसभा चुनाव, नगर पालिका चुनाव और लोकसभा चुनाव हर स्तर पर आम आदमी पार्टी आम नागरिकों को राजनीति में भागीदारी का अवसर देती है। आतिर हुसैन ने कहा कि आम आदमी पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जहाँ एक आम आदमी तात्कालिक मुख्यमंत्री को भी चुनाव में हरा देता है, और जहाँ एक महिला पहली बार विधायक बनकर मंत्री बनती हैं और उन्हें दिल्ली के मुख्यमंत्री पद तक पहुँचने का अवसर मिलता है। यह सब केवल आम आदमी पार्टी में ही सम्भव है। आतिर हुसैन ने संभल विधानसभा का उदाहरण देते हुए कहा किसी पार्टी में कुछ प्रमुख दावेदार टिकट के लिए आपस में संघर्ष कर रहे हैं। लगता है उस पार्टी में टिकट के लिए कोई योग्यता नहीं परिवारवाद का प्रमाण पत्र होना ही काफी मान लिया जाता है। जो लोग वाह विधानसभा का टिकट मांग रहे हैं, वे खुद नगर पालिका का चुनाव हार चुके हैं या अपने परिवार के सदस्यों को भी नगर पालिका का चुनाव तक नहीं जिता पाए हैं। सम्भल में जो परिवार दशकों से राजनीति में हैं, वे बताएं कि पिछले 50 वर्षो में सम्भल को क्या मिला।



सम्भल- अपने निवास पर पंचायत चुनाव को सर्मथकों के साथ वार्ता करते आप नेता।

## दिव्यांगों की पेंशन बढ़ाकर की जाए पांच हज़ार

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय विकलांग एवं महिला सशक्तिकरण विकास फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में प्रदेश सरकार को दिव्यांग जनों को पेंशन राशि को एक हज़ार से बढ़ाकर पॉच हज़ार करने की मांग की। ज्ञापन में दिव्यांगों के लिए बिजली सरकार फी करने और मीटर भी फ्री करने तथा 2016 के एक्ट को केन्द्र सरकार द्वारा सरकार जमीनी स्तर लागू करने की मांग की। इसके अलावा दिव्यांग जनों को आयुष्मान कार्ड की राशि बढ़ाकर 10 लाख करनी चाहिये जबकि दिव्यांग बच्चों के आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनाए जाने और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए ट्रैन यात्रा में 70 प्रतिशत आरक्षण में छूट को बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने और राजधानी व वंदेमातरम ट्रैन यात्रा में 70 प्रतिशत आरक्षण में छूट को बड़ाकर 100 प्रतिशत करने की भी मांग की गई। इसके सज्ञथ ई रिक्शा चालक दिव्यांगों को आरक्षित कोटा बढ़ाकर 10 प्रतिशत किये जाने की मांग पर ज़ोर दिया।

# जल जीवन मिशन कार्य पूर्ण होने पर आयोजित हुआ जल अर्पण समारोह

○मलिकपुर में हुआ कार्य पूर्ण, जन जागरूकता प्रभात फेरी निकाली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विकास खंड रजपुरा की ग्राम पंचायत मलिकपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए गए कार्य का सफलतापूर्वक समापन हो गया। योजना के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम में जल अर्पण दिवस समारोह का आयोजन किया गया।
समारोह में राजपुरा ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि गिरेश यादव के नेतृत्व में जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता श्री चंद्रहास, सहायक अभियंता चर्चित चौधारी, जूनियर इंजीनियर रविंद्र सिंह, कार्यदायी संस्था पी एन सी एस पी एम एल जे वी मुरादाबाद के परियोजना प्रबंधक अभिषेक सिंह, ग्राम प्रधान, ग्रामीण। एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि ने बताया कि ग्राम पंचायत के सभी घरों में घरेलू जल कनेक्शन प्रदान कर दिए गए हैं और वर्तमान में ग्राम पंचायत में 100 प्रतिशत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यह पानी की टंकी शुद्व पेयजल आपूर्ति के लिए बनाई गई है, जिसकी देखरेख एवं संरक्षण की जिम्मेदारी सभी ग्रामवासियों की है। साथ ही उन्होंने कहा कि भोजन एवं पेय के लिए केवल टंकी के पानी का ही उपयोग करें, जिससे जलजनित बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। दौरे के दौरान सहायक अभियंता एवं अधिशासी अभियंता द्वारा ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि को पानी की टंकी के संचालन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के बच्चों को भी शुद्व पेयजल, जल संरक्षण तथा अशुद्व पानी से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही एक जन-जागरूकता रैली/प्रभात फेरी भी निकाली गई।

## एक नज़र इधर भी

### भारत की जीत पर हर्ष व्यक्त

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** भारत ने इंग्लैंड को अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में 100 रन से हराकर जीत अपने नाम की।जिस पर क्रिकेट प्रेमियों हर्ष व्यक्त किया।
भारत की अंडर 19 क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को हराकर विश्व कप ट्राफी अपने नाम कर ली। जिस पर सभी भारतवासियों को गर्व है।भारत टीम की खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाई। भारतीय क्रिकेट इतिहास के लिए बेहद ही खास बन गई। अंडर 19 विश्व कप भारत ने जीतकर सभी को गौरवान्वित किया है।इस दौरान केशव वार्ष्णेय,किशनपाल, विनय वार्ष्णेय, हर्षित वार्ष्णेय, ईशु वार्ष्णेय, कल्लू वार्ष्णेय, रविराज वार्ष्णेय, संजीव कुमार, बंटी, सुनील कुमार, एके शर्मा, आनन्द प्रकाश, हरवेंद्र शर्मा, अनुराग यादव, रिंकू आदि रहे।



### पीएम श्री विद्यालय के बच्चों ने किया भ्रमण

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय बहलोलपुर विकासखंड गुन्नौर के छात्र-छात्राओं ने बाबू राम सिंह भाय सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय बबराला में द्वितीय शैक्षिक भ्रमण किया। यह भ्रमण राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। जिसमें पीएम श्री विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में कंप्यूटर लैब, संगीत कक्ष, पुस्तकालय, रसायन विज्ञान,भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान प्रयोगशाला तथा कक्षा कक्षों का अवलोकन किया महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार की शैक्षिक जानकारी प्रदान की गई। शैक्षिक युग्मन भ्रमण कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सीखने का एक अवसर मिला इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक तथा पीएम श्री विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### भाजयुमो जिलाध्यक्ष की माता के निधन पर शोक

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिखर गोयल की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। नगर के निवासी भाजपा युवा मोर्चा सम्भल जिलाध्यक्ष शिखर गोयल की माता का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजघाट गंगा घाट पर किया गया। वह बीमार थी और उनका इलाज बरेली अस्पताल में चल रहा था। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार गंगा घाट राजघाट पर किया गया। उनके आवास पर जाकर लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय, सपा नेता अमित यादव, अतुल गोयल, सोनू गोयल, कार्तिक गोयल, लक्ष्मीकांत शर्मा, कुमोद वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### चिकित्सक के खिलाफ दी तहरीर

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** ऑपरेशन के बाद रोगी की हालत बिगड़ गयी। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगायी।
हयात नगर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर धतरा निवासी अब्दुल बारी ने हयातनगर थाना पहुँच कर पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि वह भगन्दर के उपचार को नई बस्ती सम्भल में डाक्टर बंगाली के यहां गया था। पीड़ित का आरोप है कि डाक्टर ने बिना जांच किये उससे बीस हजार रुपये लेकर उसका आप्रेशन कर दिया। जिस कारण तभी से उसकी हालत बिगड़ने लगी है, जिसके बाद उसने अपने आप को अन्य डाक्टरो को दिखाया जिन्होनें उसे नपास कर दिया,जिस कारण पीड़ित ने थक हार कर शनिवार को हयात नगर थाने पंहुचकर तहरीर दी है।

### गोवर्धन महाराज की महिमा का वर्णन

**सम्भल ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन प्रतिदिन दिवस की भांति गौरी गणेश पूजन नवग्रह देवी देवताओं का पूजन और ठाकुर जी का अभिषेक में हवन विधि विधान से यज्ञ परिक्षित रामसेवक शर्मा सपत्नी सहित के द्वारा कराया गया। तत्पश्चात कथा में गोवर्धन महाराज की पूजन कर गोवर्धन महाराज की महिमा का वर्णन किया गया। बृजवासी जब इंद्रदेव की पूजा नहीं करते हैं। इंद्र क्रोधित होकर ब्रज में भारी वर्षा करता है, लेकिन भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र का अभिमान दूर कर दिया और उंगली पर पर्वत उठाकर सभी बृजवासियों को रक्षा करते हैं। गोवर्धन महाराज की जयकारे लगाते हुए सभी भक्तों ने नृत्य किया। कथा श्रवण करने वालों में उमाकांत रामसेवक पाठक शर्मा अशोक शर्मा सत्यवान शर्मा बबलू शर्मा सौरभ दीक्षित कौशल पाठक मुलायम सिंह यादव विकास सिंह विकास सिंह दिनेश श्रीवास्तव दुर्गेश कुमार शर्मा दिनेश चंद्र शर्मा फूल सिंह यादव राजकुमारसिंह काफी संख्या एवं पुरुष और महिलाएं शामिल हुए

# पात्र ग्रहस्थी कार्ड धारकों को 26 तक होगा नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत माह फरवरी के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण आठ फरवरी से 26 तक वितरण किया जाना निर्धारित किया गया है।

आयुक्त खाद्य रसद विभाग के पत्रांक अनुसार माह फरवरी में उक्त निर्धारित वितरण तिथियों में अन्त्योदय अन्न योजना के लाभार्थियों को 11 किग्रा. गेहूॅ, 14 किग्रा. चावल एवं 10 किग्रा. बाजरा (35 किग्रा) नि:शुल्क वितरण कराया जाएगा। पात्र गृहस्थी योजना के लाभार्थियों को प्रति यूनिट 2.0 किग्रा. बाजरा, 01 किग्रा. चावल एवं 2.0 किग्रा. गेहूॅ (कुल 05 किग्रा) का नि:शुल्क वितरित किया जायेगा। खाद्यान्न के नि:शुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिसमें कोई भी उपभोक्ता किसी भी दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकता है। उक्त योजनान्तर्गत गेहूॅ, चावल एवं बाजरा के वितरण की अन्तिम तिथि 26 फरवरी 26 है। आधार प्रमाणी करण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को न लेने वाले उपभोक्ताओं के वितरण की अन्तिम तिथि 26 को मोवाईल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण सम्पन्न किया जायेगा। इसके अलावा जिले के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों से ई-केवाईसी नहीं करायी गयी है, वह निकटवर्ती उचित दर दुकान पर जाकर अपनी ई-केवाईसी अवश्य कराने की भी अपील की गई।

## मस्जिद में आत्मघाती हमले की निंदा

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद में मस्जिद में हुए आतमघाती हमले की निंदा करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की दुआ की।

कस्बे के अनेक धार्मिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने इस्लामाबाद की मस्जिद में आत्मघाती हमले में लोगों के मारे जाने व घायल होने पर गहरे दुख का इज़हार करते हुए कहा कि कोई भी धर्म किसी बेगुनाह इन्सान की जान लेने की इजाजत नहीं देता। इस्लाम अमन, भाईचारे व इंसानियत का पैगाम देता है। मस्जिद में आतमघाती हमले की जितनी निंदा की जाये कम है। संगठनों ने घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति गहरी हमदर्दी का इजहार कर हमले में घायलों के जल्द स्वस्थ होने व पाक सरकार से दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** जेकेटी व लोहिया कान्वेंट स्कूल में शनिवार को विद्यालय में एक ज्ञानवर्धक एवं रोचक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न हाउसों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रत्येक हाउस से 4 प्रतिभागियों को शामिल किया गया। प्रतियोगिता कुल 5 राउंड में आयोजित की गई, जिसमें प्रत्येक हाउस से प्रत्येक राउंड में एक-एक प्रश्न पूछा गया। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 मिनट का समय निर्धारित था। यदि कोई हाउस उत्तर देने में असमर्थ रहा, तो प्रश्न पास कर दिया जाता था, जिसके लिए 40 सेकंड का समय दिया गया।कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए पाठयक्रम विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान रखा गया था, जबकि कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए केवल विज्ञान विषय से प्रश्न पूछे गए। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान रेड हाउस, द्वितीय स्थान ग्रीन हाउस तथा तृतीय स्थान येलो हाउस ने प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान ग्रीन हाउस, द्वितीय स्थान रेड हाउस तथा तृतीय स्थान ब्लू हाउस ने प्राप्त किया। विद्यालय के डायरेक्टर उमेश यादव ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धान किया। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में ज्ञान के प्रति रुचि और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त शिक्षण वर्ग उपस्थित रहा।कार्यक्रम का समापन धान्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



बबराला- जेटी लोहिया कांवेंट के प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागी।

# गुन्नौर में सिविल जज की शीघ्र होगी तैनाती: प्रशासनिक न्यायमूर्ति

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** शनिवार को उच्च न्यायालय इलाहाबाद के प्रशासनिक न्यायमूर्ति अरुण कुमार देशवाल ने गुन्नौर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुन्नौर में सिविल जज की तैनाती जल्द की जायेगी। सिविल जज के बैठने का स्थान बहुत जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। ऐसे में न्यायिक अधिकारी को रिस्क में रखना सही नहीं है। उन्होने बताया कि स्वयं डीएम सम्भल से बातचीत की है। जल्द ही स्थायी जमीन देखकर उस पर कोर्ट बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि गुन्नौर में चार-पांच थाने हैं। न्यायिक प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए आप लोगों का सहयोग और सम्मान बराबर रखा जाएगा। आपकी समस्याएं जो होंगी उनका निस्तारण किया जाएगा। अधिवक्ता साथ न्याय की पहली सीढ़ी हैं। जो जन सामान्य को न्याय दिलाने का काम करते हैं। उन्होंने महिलाओं की अधिवक्ता महिलाओं की संख्या कम है। जिला जज सम्भल विदुषी सिंह ने कहा कि आप सभी अधिवक्तागणों की बात सुनने के लिए आज यहां आए हैं। प्रशासनिक न्यायमूर्ति को अपनी बात बता दें। जिनका निराकरण कराया जायेगा। सीजेएम दीपक कुमार जायसवाल ने कहा कि पहली बार मेरा गुन्नौर बार में आना हुआ है। उन्होने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, सुरेश यादव महासचिव एवं अधिवक्ताओं ने न्यायिक अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह ,शाल ओढ़ाकर और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह यादव, महासचिव सुरेश यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता अजयपाल गुप्ता, धानेश चंद गौड़, भगवान सिंह यादव, चंद्रपाल सिंह,तेजवीर सिंह पाल,रागिब उल्लाह ,वीरेश यादव,भानु प्रकाश यादव,भगवान सिंह यादव,श्रीकृष्ण भारद्वाज,कविता यादव, कार्यक्रम का संचालन सुमित शर्मा एडवोकेट ने किया।तत्पश्चात प्रशासनिक न्यायमूर्ति अरूण कुमार देशवाल ने गुन्नौर सिविल कोर्ट भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया। सिविल जज जूनियर डिवीजन के कार्यालय एवं जूनियर डिवीजन के चेंबर को देखा।



बबराला- गुन्नौर में बार वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यक्रम में अधिवक्ताओं को सम्बोधित करते प्रशासनित न्यायमूर्ति अरूण कुमार देशवान

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा सगा पुत्र समद गलत संगत में पड़ गया है और गलत प्रवृति के लोगों के साथ रहकर गलत कार्य करता है। आये दिन मेरे साथ गाली गलौंच करता है। मैने अपने पुत्र का बहुत समझाया मगर समद अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। मजबूर होकर मैने समद को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करके घर से निकाल दिया है। अब मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं रहा। बल्कि समद अपने किसी भी कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मौ. नफीस पुत्र मौ. इस्माईल**
नि. टंकी के पास कोट गर्बी तह. व जिला सम्भल।

शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर
तहसील रोड सम्भल

# नगर निगम के खिलाफ व्यापारियों का फूटा गुस्सा, बाजार बंद कर जताया विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर निगम द्वारा किराए में की गई भारी बढ़ोतरी के विरोध में नगर निगम की दुकानों के किराएदार व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा। महानगर में नगर निगम के पट्टे पर संचालित करीब 488 दुकानों के व्यापारियों ने एकजुट होकर अपनी दुकानें बंद रखीं और नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। टाउन हॉल, बुध बाजार सहित कई इलाकों में बाजार पूरी तरह बंद रहे, जिससे शहर की आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ा। व्यापारियों का कहना है कि नगर निगम की इन दुकानों का वार्षिक किराया अब तक लगभग 6100 से 6500 रुपये के बीच था, लेकिन नगर निगम प्रशासन ने इसे अचानक बढ़ाकर करीब 68 हजार रुपये सालाना कर दिया है। इतनी बड़ी बढ़ोतरी को व्यापारी पूरी तरह अनुचित और अव्यावहारिक बता रहे हैं। उनका कहना है कि यह फैसला छोटे और मध्यम व्यापारियों की कमर तोड़ने वाला है, जिनकी आजीविका पहले ही बाजार में मंदी के चलते प्रभावित है।प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम स्क्वायर फीट के आधार पर किराया तय करने की बात कह रहा है, लेकिन बिना किसी पूर्व सूचना और चरणबद्ध व्यवस्था के इतनी भारी बढ़ोतरी करना सरासर अन्याय है। व्यापारियों ने अपर नगर आयुक्त पर भी आरोप लगाया कि उनसे तत्काल बढ़ा हुआ किराया जमा कराने का दबाव बनाया जा रहा है, जिससे व्यापारियों में रोष है। हड़ताल के दौरान व्यापारियों ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबा. जी की और किराया बढ़ोतरी का फैसला वापस लेने की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि यदि नगर निगम ने अपना फैसला वापस नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। सैकड़ों परिवारों की रोजी-रोटी से जुड़ी इन दुकानों के बंद रहने से शहर की अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। फिलहाल नगर निगम और व्यापारियों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है।






# गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में केंद्रीय बजट पर परिचर्चा का हुआ आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में शनिवार को अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में केंद्रीय बजट 2026-27 पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर चारू मेहरोत्रा ने की। परिचर्चा का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, इसके पश्चात छात्राओं द्वारा अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया गया।परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कविता भटनागर, सीए आशीष रस्तोगी, सीए रजत रघुवंशी, आयकर अधिवक्ता संजीव भटनागर तथा कर सलाहकार एवं वित्त परामर्शदाता मोहम्मद जहीर मलिक उपस्थित रहे। प्राचार्या प्रो. चारू मेहरोत्रा ने बजट के प्रमुख प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बजट 2026-27 में शिक्षा को रोजगार से जोड़ने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग व कॉमिक्स जैसे क्षेत्रों में आधुनिक लैब्स की स्थापना प्रस्तावित है।पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. कविता भटनागर ने बजट को भविष्योन्मुख बताते हुए इसे दीर्घकालिक विकास और वित्तीय अनुशासन का प्रतीक कहा। सीए आशीष रस्तोगी ने ऑरेंज इकोनॉमी, जबकि सीए रजत रघुवंशी ने युवाओं के लिए फ्यूचर स्किल्स पर बजट की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया। आयकर अधिवक्ता संजीव भटनागर ने बताया कि 12.75 लाख रुपये तक की आय पर कोई आयकर नहीं है। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्षा डॉ. सीमा मलिक ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त प्रवक्ताएं उपस्थित रहीं।

# टिमिट में शैक्षणिक शोध के लिए एआई के मूल सिद्धांत पर ऑनलाइन गेस्ट लेक्चर आयोजित





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के एड टेक्नोलॉजी (टिनिट) कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एक ऑनलाइन गेस्ट लेक्चर का सफल एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आईएसटीडी (इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एड डेवलपमेंट), मुरादाबाद चौप्टर तथा टीएमयू एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपॉट रोल (ईडीसी) का सहयोग रहा।

यह कार्यक्रम विद्यार्थियों और शोधार्थियों को आधुनिक तकनीकी परिवर्तनों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा। इस ऑनलाइन गेस्ट लेक्चर का मुख्य उद्देश्य प्रबंधन के विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई) की बुनियादी अवधारणाओं, उसके शैक्षणिक शोध में बढ़ते उपयोग, बेटा विश्लेषण: साहित्य समीक्षा, रिसर्च डिजाइन, कंटेंट ऑर्गनाइजेशन तथा उब्ब गुणवत्ता वाले अकादमिक लेखन में एआई की भूमिका से अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि किस प्रकार एआई टूल्स शोध प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, तेज और विश्वसनीय बना सकते हैं। कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन के रूप में डिवेश चौहान, असिस्टेंट प्रोफेसर, आईसीएफएआई लॉ स्कूल ने अपने विस्तारपूर्ण याख्यान में एआई की मूल संरचना, विभिन्न एआई टूल्ला, रिसर्च ऑटोमेशन, प्लेजरिजम अवाँयडेस डेटा इंटरप्रिटेशन तथा शोध में एविकल कंसर्नुस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की। उन्होंने वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से यह भी समझाया कि शोधार्थी किस प्रकार एआई का जिम्मेदारीपूर्ण और नैतिक उपयोग कर सकते हैं। उनका सत्र अत्यंत इंटरएक्टिव रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर टिमिट के डीन, प्रो. (डॉ) विपिन जैन ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में एआई केवल एक तकनीक नहीं बल्कि शोध एवं शिक्षा का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने विद्यार्थियों को एआई को सीखने, समझने और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए उपयोग करने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि टिगिट भविष्य में भी इस प्रकार के नवाचार आधारित अकाद. मिक कार्यक्रमों का निस्तर आयोजन करता रहेगा। इन संस्थाओं के सहयोग से कार्यक्रम को अकादमिक के साथ-साथ व्यावसायिक और उद्यमिता दृष्टिकोण से भी विशेष मजबूती मिली।

इस ऑनलाइन गेस्ट लेक्चर में टिमिट के सभी प्रबंधन पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और विषय से संबंधित अपने जिज्ञासुओं प्रश्न पूछे ।कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें रिसोर्स पर्सन ने विद्यार्थियों की शकाओं का समाधान किया। समापन अवसर पर आयोजकों ने रिसोर्स पर्सन, सहयोगी संस्थाओं तथा सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों के आयोजन होता रहेगा।

# तहसील बार एसोसिएशन ने सात सूत्रीय ज्ञापन डीएम को सौंपकर उठाई समाधान की मांग



**कांठ( शाह टाइम्स )** तहसील बार एशोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा एवं महासचिव दीपक बिश्नोई के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल जिला अधिकारी से मिला और उन्हें 7 सूत्रीय ज्ञापन सोपा जिसमें राज मार्ग, लिक मार्ग आबादी आदि गाटों की सूची जारी न किए जाने की परेशानी से उन्हें रूबरू कराया और कहा कि इन गाटों की सूची तत्काल जारी की जाए और जब तक सूची जारी नहीं होती तब तक स्थलीय निरीक्षण कर पूर्व की भांति मालियत पर रजिस्ट्री कराई जाए। रजिस्ट्री कार्यालय में आधार कार्ड पैन कार्ड के सत्यापन की अनिवार्यता कर दी गई है लेकिन इसमें काफी दिक्कतें आ रही है कुछ लोगों के मोबाइल नंबर बंद हो गए हैं कुछ के बदल चुके हैं इसलिए आधार अपडेट करने में समय लगता है और इससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ऐसे मामलों में छूट प्रदान की जानी चाहिए। करोड़ों रुपए की लागत से सरकार द्वारा बनाए गए सरक. ारी बस स्टैंड पर बसे नहीं रुकती है यात्री खड़े रह जाते हैं और पुराने बस स्टैंड पर बसे सवारी बैठाने उतारने काम करती है इस समस्या का समाधान भी कराया जाए। तहसील की खतौनियों के समस्त गाटों में गलत तरीके से बोरिंग अंकित कर दिए गए हैं जिन गाटो में बोरिंग नहीं है उन्हें कटवाया जाए। इसके साथ-साथ खसरों में वर्णित पड़ताल होने के बाद ही खसरों में फसल अंकित की जाए ऐसा न करने पर बैंक द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के मामलों में परेशानी हो रही है। तहसील बार मे उपलब्ध भूमि पर अधिवक्ताओं के चेंबर निर्मित हो चुके हैं लेकिन काफी अधिवक्ता चेंबर नहीं बना पा रहे क्योंकि उनके पास जगह नहीं है। ज्ञापन के माध्यम से चौंबर निर्माण हेतु भूमि आवंटित कराई जाने की मांग की गई और सबसे बड़ी समस्या अधिवक्ताओं ने बताई कि उनके चेंबर पर विद्युत कनेक्शन लगे हैं जिसमें केवल पंखा या एक दो बल्ब का उपयोग होता है।

लेकिन उनका बिल कमर्शियल के हिसाब से आ रहा है एसडीओ को जानकारी दिए जाने के बाद भी इस पर कोई काम नहीं हो पाया अधिवक्ताओं ने इन समस्याओं का समाधान कराने के लिए जिला जिलाधिकारी से आग्रह किया इस मौके पर काफी अधिवक्ता मौजूद रहे।

# टीएमयू के कबड्डी मुकाबलों में नर्सिंग और इंजीनियरिंग के खिलाड़ियों ने मारा मैदान

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से इंटरकॉलिजिएट चैंपियनशिप

**खास बातें**

- कबड्डी प्रतियोगिता में नर्सिंग ने मैनेजमेंट को 39-38 से हराकर मैच किया अपने नाम
- आखिरी रेड में इंजीनियरिंग के खिलाड़ी राहुल दुबे ने प्वाइंट लेकर दिलाई विजय
- बैडमिंटन के मुकाबले में फिजिकल एजुकेशन 2-1 से फाइनल के लिए क्लाइफाई
- क्रिकेट के सेमीफाइनल में सीसीएसआईटी ने पैरामेडिकल को 39 रनों से दी मात



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबदा।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से इंटरकॉलिजिएट चैंपियनशिप- 2026 की ब्वायज कबड्डी प्रतियोगिता में नर्सिंग कॉलेज ने मैनेजमेंट कॉलेज को 39-38 से हराकर मैच अपने नाम किया। मेडिकल कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज के बीच मेडिकल कॉलेज ने टॉस जीतकर रेड करने का निर्णय लिया। फर्स्ट हॉफ के बाद दोनों ही टीमों का स्कोर 22-22 था। दूसरे हॉफ में भी दोनों टीमों ने आखिरी मिनट तक हार नहीं मानी और मैच में बने रहे। आखिरी रेड में इंजीनियरिंग के खिलाड़ी राहुल दुबे ने प्वाइंट लेकर अपनी टीम को 46-45 से जीता दिया। बैडमिंटन के मुकाबलों में मेडिकल कॉलेज और फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के बीच जोरदार टक्कर रही। बैडमिंटन मुकाबले के पुरुष एकल वर्ग में फिजिकल एजुकेशन के ताशू ने मेडिकल कॉलेज के कन्नू को दोनों सेटों में 21-14 और 21-17 से मात देते हुए अंतत: 2-0 से मुकाबला अपने नाम किया। महिला एकल वर्ग में मेडिकल की रागिणी जैन ने फिजिकल एजुकेशन की पाखी रक्षित पर पहले सेट में 21-9 और दूसरे सेट में 21 -4 से बढ़त बनाए रखी। अतं में रागिणी ने 2-0 से जीत दर्ज की। निर्णायक मिश्रित युगल में फिजिकल एजुकेशन ने पहला सेट 21 -16 और दूसरा सेट 21-19 से अपने नाम करते हुए 2-0 से मिश्रित युगल का मुकाबला भी अपने नाम कर लिया। फिजिकल एजुकेशन कॉलेज 2-1 से मैच जीतते हुए फाइनल के लिए क्लाइफाई किया। नर्सिंग कॉलेज ने टॉस जीतकर कोर्ट चुना। पहले हॉफ में दोनों ही टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्कोर 24-24 पर खत्म किया। दूसरे हॉफ में भी मैच आखिरी मिनट तक बराबरी पर रहा। अंत में नर्सिंग कॉलेज ने 39-38 से मैच अपने नाम किया। नर्सिंग की ओर से अमोल हर्ष ने सबसे ज्यादा रेड प्वाइंट, जबकि मैनेजमेंट की तरफ से मोहित कुमार ने सबसे ज्यादा टैकल प्वाइंट लिए। इंजीनियरिंग कॉलेज की तरफ से राहुल दुबे ने सबसे ज्यादा रेड प्वाइंट लिए। मुकाबलों में श्री विकास यादव, श्री अभिनव प्रज्ञान, श्री राहुल गौतम, श्री सोनू कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। क्रिकेट में 20-20 ओवरों का सेमीफाइनल सीसीएसआईटी और पैरामेडिकल के बीच खेला गया। सीसीएसआईटी ने ये मुकाबला 39 रनों से जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सीसीएसआईटी के सुशांत के नाम रहा। पैरामेडिकल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।सीसीएसआईटी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवरों में 149 रनों पर ऑल आउट हो गई। सीसीएसआईओटी की तरफ से सुशांत ने 25 गेंदों में 3 चौके और 1 छक्का की मदद से 34 रनों की पारी खेली।

पैरामेडिकल की तरफ से गेदबाज कैफ ने 3 विकेट अपने नाम किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पैरामेडिकल की टीम पूरे 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर महज 111 रन ही बना सकी। पैरामेडिकल के अमीर 29 गेंदों में 32 रन बनाकर सबसे बेहतरीन बल्लेबाज साबित हुए। इस दौरान अमीर ने 3 चौके लगाए। सीसीएसआईओटी के सूरज ने 3 ओवरों में 2 विकेट अपने नाम किए।

## एक नजर

### फायर बॉल निर्माण को लेकर आज कांठ की विद्युत सप्लाई 10 से दोपहर 2:00 बजे तक रहेगी बंद

**कांठ( शाह टाइम्स )** बिजली घर पर फायर बाल निर्माण को लेकर आज कांठ से जुड़ी सप्लाई सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 तक बंद रहेगी उक्त जानकारी उपखंड अधिकारी द्वारा प्रेस को दी गई। बताया गया कि रविवार को विद्युत उपकेंद्र कांठ पर पावर परिवर्तनों के मध्य फायर वाल का निर्माण किया जाएगा। जिससे भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी इस कारण सभी 11हजार की विद्युत सप्लाई को बंद रखा जाएगा और उपकेंद्र से जुड़े सभी उपभोक्ता और किसानो की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने इस असुविधा के लिए लोगों से सहयोग की अपील की है।

### जिला अधिकारी के तहसील समाधान दिवस में आई 43 शिकायतो में 4 का मौके पर निस्तारण



**कांठ( शाह टाइम्स )** तहसील सभागार में आज जिला अधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें शिकायतकर्ताओं की लंबी लाइन लग गई। बाहर भी लोग अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए लाइनों में खड़े हो गए इस दौरान लोगों ने बिजली विकास समाज कल्याण पैमाइश आदि विभागों की लगभग 43 शिकायतें दर्ज कराई जिनमें से 4 शिकायतो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जिला अधिकारी ने कहा कि इस समय गन्ना कटाई का समय चल रहा है इसलिए खेत खाली होने के कारण डोलमेंड से संबंधित ज्यादा शिकायतें आ रही हैं। शिकायतों के समाधान से किसान संतुष्ट होने में समय लगाते हैं इसलिए शिकायतें बार-बार आती हैं अन्यथा सभी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाता रहा है। उन्होंने तहसील दिवस में आई सभी शिकायतों का समय से निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। गैरहाजिर अधिकारियों के खिलाफ भी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर जिला एवं तहसील स्तर के लगभग सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### हबीबी इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन' गुरेर में ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण' कार्यक्रम का आयोजन




**कुंदरकी।** शनिवार को 'हबीबी इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन गुरेर डींगरपुर मुरादाबाद में ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर ऑफिसर 'रेहान अशरफ जी' उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने छात्र छात्राओं को कार्यक्रम में जीवन जीने के उद्देश्यों से अवगत कराया और महिलाओं को समाज में सशक्त करने हेतु अपने विचार व्यक्त किए। इसके अतिरिक्त संस्थान के डायरेक्टर 'मौ इमरान ने 'दहेज प्रथा' का दंश झेल रहे समाज को इससे उभरने का आहवान करते हुए अपने विचार व्यक्त कहा कि 'दहेज प्रथा से छुटकारा पाना ही वास्तविक महिला सशक्तिकरण है'। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं जुबी,सानिया,जैनब, शबनम,शरफराज आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर मंच पर अन्य अतिथि 'मौ नदीम',, महाविद्यालय प्रबंधक 'मौ जीशान' प्राचार्य डॉ सुनील कुमार, डॉ शहरोज आलम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अन्य शिक्षकगण ललित मिश्रा, सतीश कुमार, अवशेष कुमार जी, आद. श कुमार जी,मिस शाजिया नूर, मिस सना, अखिल शर्मा जी, सुभाष चंद्र रफीक, तथा अन्य कर्मचारी रामौतार सिंह, अनेस आदि शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन आदेश कुमार ने किया।

### सिख समाज ने आज फिर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर उठाई कार्रवाई की मांग और जांच टीम के समक्ष कराए बयान दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** सरदार जपन सिंह को कृपाण लेकर परीक्षा केंद्र में दाखिल न होने देने के मामले को लेकर आज फिर गुरुद्वारा सिंह साहिब में सिख समाज की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें गजरौला एवं हापुड से आए सिक्ख समाज के लोगो ने इस घटना पर नारा. जगी जताई इसके बाद सिख समाज के लोग बड़ी संख्या में तहसील पहुंचे और जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर घटना से अवगत कराया। जिला अधिकारी का कहना था की शिकायत मिलने के बाद उन्होंने यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर को टीम गठित कर इस प्रकरण की जांच कराए जाने के लिए निर्देशित किया था।

जिस पर आज जांच टीम डीएसएम डिग्री कॉलेज पहुंची जहां पर सिख समाज के लोगों ने इस घटना से संबंधित अपने बयान दर्ज कराए गुरुद्वारा सिंह साहब के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह ने बताया कि उन्होंने कॉलिज जाकर अपनी बात रखी और टीम के सामने बयान दर्ज कराते हुए इस मामले में कार्रवाई की मांग उठाई है।

### पशुशाला में लगी आग से लाखों का नुकसान, कई पशु झुलसे, एक की मौत



**कांठ( शाह टाइम्स )** पशु शाला में लगी आग से ग्रामीण का लाखों का नुकसान हो गया इसमें कई पशु झुलस गए जिनमे एक की मौके पर मौत हो गई। घटना शनिवार दोपहर बाद करीब 3:00 बजे की है चेतरामपुर गांव निवासी मुनीम के घर के पास उसकी पशु शाला है जहां पर उसके पशु बंधे हुए थे अचानक उसमें आग लग गई धुआं उठा तो लोगों को पता लगा जब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया तब तक उसमें कई पशु झुलस गए जिनमें एक छोटे पशु की मौके पर मौत हो गई। पशुशाला के पास खड़ी रिक्शा चारपाई एवं अन्य सामान भी जल कर राख हो गया। बताया गया कि मुनीम रिक्शा में सामान लगाकर गांव में फेरी करने का काम भी करता था इस आग में रिक्शा सहित उसका सामान भी जल गया लेकिन आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है।

# मां की डांट बेटी को गुजरी इतनी नागवार की ट्रेन से कटकर दे दी अपनी जान, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। जनपद के छजलैट थाना क्षेत्र में रहने वाली एक छात्रा ने मां की डांट से नाराज होकर आत्महत्या कर ली। इस हृदय विदारक घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्रा का शव देर रात रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला, जिससे इलाके में शोक की लहर फैल गई।जानकारी के अनुसार छजलैट थाना क्षेत्र के गांव नजराना निवासी शीतल बीएससी की पढ़ाई पूरी करने के बाद रेलवे में नौकरी की तैयारी कर रही थी। वह नियमित रूप से पढ़ाई के लिए अगवानपुर स्थित एक लाइब्रेरी जाती थी। परिजनों के मुताबिक, घरेलू कामकाज में हाथ बंटाने को लेकर मां ने शीतल को डांट दिया था, जिससे वह नाराज होकर घर से निकल गई। परिवार वालों को लगा कि वह रोज की तरह लाइब्रेरी पढ़ने गई है।जब देर शाम तक शीतल घर नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई और उसकी तलाश शुरू की गई। इसी बीच देर रात करीब दो बजे पाकबड़ा थाना क्षेत्र स्थित हकीमपुर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवती का शव पड़े होने की सूचना मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान शीतल के रूप में की। बताया गया कि शीतल के पिता इमरत सिंह का तीन साल पहले निधन हो चुका है। परिवार में मां सावित्री के साथ तीन बड़ी बहनें और एक बड़ा भाई है। शीतल परिवार में सबसे छोटी थी और पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर थी। परिजनों का कहना है कि वह अपने भविष्य को लेकर मेहनत कर रही थी और रेलवे की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटी हुई थी।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।इस दुखद घटना ने एक बार फिर मानसिक तनाव और पारिवारिक संवाद की अहमियत को उजागर कर दिया है।

## बीएलओ की हार्ट अटैक से मौत ,परिजनों में मचा कोहराम

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के गांव रामूवाला गणेश स्थित प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षामित्र एवं बीएलओ पद पर तैनात 55 वर्षीय कर्मचारी की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। अचानक हुए इस दुखद निधन से परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रामूवाला गणेश निवासी राम सिंह पुत्र बिहारी सिंह (55) प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र के रूप में कार्यरत थे और बीएलओ की जिम्मेदारी भी निभा रहे थे। बताया गया कि शनिवार को ड्यूटी पर तैनात शिक्षा मित्र की अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, । जिसपर घर पर दवाई लेने पहुंचा। जहां हालत बिगड़ती देखकर परिजन उन्हें चिकित्सकीय सहायता के लिए ले गए, । जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी मुकेश देवी, पुत्र अमित कुमार, अंकित और राजकुमार, पुत्रवधू नेहा सहित अन्य परिजनों को छोड़ गए हैं। अचानक हुए निधन से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पुत्र अमित कुमार ने बताया कि जब से एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) का कार्य शुरू हुआ था, तब से उनके पिता पर विभागीय कार्यों का अत्यधिक दबाव था। कार्यभार बढ़ने के कारण वह मानसिक तनाव में रहने लगे थे और कई बार रात में नींद भी नहीं आती थी। लगातार तनाव और बिगड़ती सेहत के चलते अचानक हार्ट अटैक से उनकी निधन हो गया।





## विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर बेरोजगार युवक से लाखों की ठगी

**ठाकुरद्वारा।** विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक बेरोजगार युवक से लाखों रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम करनपुर निवासी शाहनवाज पुत्र मोहम्मद हनीफ, जो पेशे से मजदूर है, रोजगार की तलाश में था। इसी दौरान उसकी मुलाकात एक ढाबे पर काम करने वाले युवक से हुई, जिसने उसे विदेश में अच्छी नौकरी और मोटी तनख्वाह दिलाने का भरोसा दिया। आरोप है कि उक्त युवक और उसके साथियों ने विदेश भेजने के नाम पर पीड़ित को अपने जाल में फंसा लिया। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने मेडिकल, पासपोर्ट, वीजा और सऊदी अरब भेजने के नाम पर उससे अलग-अलग तारीखों में दो लाख रुपये से अधिक की रकम वसूल ली। इसके बाद उसे दिल्ली ले जाकर एक कमरे में कई दिनों तक ठहराया गया, लेकिन न तो उसे विदेश भेजा गया और न ही उसकी रकम वापस की गई। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जब पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगनी शुरू की तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इसके बावजूद सऊदी अरब भेजने के नाम पर उससे 41 हजार रुपये और ले लिए गए, लेकिन फिर भी धोखाधड़ी की गई।

## प्रेम-प्रसंग के चलते युवती ने सारे रिश्तेनाते छोड़ कर दूसरे समाज के प्रेमी युवक का थामा दामन

**ठाकुरद्वारा।** प्रेस प्रसंग के चलते युवती अपने दूसरे समाज के प्रेमी युवक से शादी की जिद को लेकर उसकी चौखट पर जा बैठी। युवती प्रेमी के साथ रहने की जिद अड़ी रही। इसपर पुलिस ने युवती के बयान दर्ज कर उसके प्रेमी के साथ भेज दिया है। नगर के मोहल्ला जाटवान निवासी युवक का नगर के एक ही दूसरे समाज की युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमी युगल ने जीवन भर साथ रहने की कसमें खा ली। युवती के परिजनों को जब दूसरे समाज के युवक से प्रेम प्रसंग का पता चला तो उसपर पाबंदी लगा दी। प्रेमी के प्यार में पागल युवती सारे बंधन तोड़कर प्रेमी युवक से शादी करने के लिए उसकी चौखट पर जा बैठी। युवती ने परिजनों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस युवती व उसके प्रेमी को कोतवाली ले आयी । युवती और युवक के परिजन भी कोतवाली पहुंच गए।

युवती के परिजनों ने उसे काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन युवती ने सारे रिश्तेनाते छोड़कर प्रेमी के साथ रहने की जिद कर ली। इस पर कोतवाली पुलिस ने युवती के बयान दर्ज कर उसके प्रेमी के साथ भेज दिया है।

## 1200 ग्राम चरस के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार ,एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाए जा रहे अ अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1200 ग्राम चरस के साथ एक हिस्ट्रीशीटर युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदारपुर पंचायत सचिवालय से करीब 50 मीटर आगे, शरीफनगर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान अभियुक्त को पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जीशान उर्फ दिशान पुत्र नफीस उर्फ अमरिका (29 वर्ष) निवासी ग्राम शरीफनगर, के रूप में हुई है।

तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से कुल 1200 ग्राम चरस बरामद की गई। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है और वह थाना ठाकुरद्वारा का हिस्ट्रीशीटर संख्या-21 बताया गया है। उसके खिलाफ पूर्व में गोवध निवारण अधिनियम, आयुध अधिनियम एवं गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विजय देशवाल, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार, कांस्टेबल सन्नी कुमार एवं कांस्टेबल सुमित कुमार शामिल रहे। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** विद्यालय की टीसी (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) प्राप्त करने के एवज में धन मांगने तथा घर में घुसकर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने पर पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोप है कि टीसी हासिल करने के बाद अभियुक्त ने इसके एवज में पीड़ित से धन की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर अभियुक्त ने जान से मारने के इरादे से पीड़ित के घर में घुसकर गाली-गलौज की और धमकी दी। पीड़ित द्वारा मामला दर्ज कराए जाने पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

## न्यायमूर्ति अरुण कुमार देशवाल ने थानों व चन्दौसी कोतवाली का किया औचक निरीक्षण

**चन्दौसी।** जिले के प्रशासनिक अधिकारी एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने शनिवार को जनपद संभल के दौरे के तीसरे दिन जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार के साथ थाना गुन्नौर, थाना धनारी तथा थाना चन्दौसी का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति ने थानों में लगे सीसीटीवी कैमरों, ऑनलाइन ई-समन, वारंट, यक्ष एप तथा सीसीटीएनएस से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली और प्रचलित अभिलेखों की गहन समीक्षा की। इसके साथ ही महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र और बालकक्ष का निरीक्षण कर महिलाओं एवं बालिक. ाओं से जुड़ी शिकायतों की स्थिति जानी गई। हवालात की दशा, साफ-सफाई एवं सुरक्षा मानकों का अवलोकन करते हुए बैरक और थाना कार्यालय की स्वच्छता, अनुशासन व व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा सुव्यवस्थित रख-रखाव के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।


**कृषक भारती कॉआपरेटिव लिमिटेड**
**क्षेत्रीय कार्यालय-मेरठ**

**उर्वरक परिवहन हेतू निविदा-सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान PCF/SWC/SKVS/ रैक पाइन्ट-मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल, चन्दौसी एवं गजरौला से कृषक भारती सेवा केन्द्र-बिलारी, कॉठ, स्योंडारा, सम्भल, बहजोई एवं जोया को अनुमा. नित 15,000 मैट्रिकटन उर्वरक परिवहन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक सेवा केन्द्रों की माँग के अनुसार किया जायेगा। उक्त परिवहन कार्य हेतू परिवहन पार्टियों से सीलबन्द निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। सीलबन्द निविदाएं क्षेत्रीय प्रभारी, कृभको-मेरठ को सम्बोधित करते हुये कृभको, क्षेत्रीय कार्यालय, F-103, शास्त्री नगर, मेरठ मे दिनांक 27.02.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। पार्टियों द्वारा न्यूनतम 01 वर्ष का कार्य अनुभव प्रमाण पत्र, रूपये 25,000 जमानत धनराशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट (कृभको के पक्ष में लखनऊ पर देय), विगत 03 वर्षो की आई0टी0आर0 की प्रति, पैन कार्ड एवं जी0एस0टी0 नम्बर की छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न की जानी आवश्यक है। निविदाएं दिनाँक 27.02.2026 को कमेटी द्वारा अपरान्ह 3:00 बजे कृभको, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ मे खोली जायेगी। निविदा प्रारुप एवं नियम शर्तो की प्रति विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में कृभको, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ से प्राप्त की जा सकती है। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कृभको के पास सुरक्षित रहेगा।

**क्षेत्रीय प्रभारी कृभको-मेरठ**
**email: aomeerut@kribhco.net**


# संपूर्ण समाधान दिवस में 35 शिकायतें दर्ज , मौके पर मात्र 4 का निस्तारण

**ठाकुरद्वारा।** शनिवार को तहसील परिसर स्थित सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र के कुल 35 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें से मात्र चार शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए एसडीएम प्रीति सिंह ने संबंधित विभागों की टीम गठित कर समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस में ग्राम रहटा माफी निवासी विधवा महिला कौशल्या देवी पत्नी स्व. सुरेंद्र सिंह ने अपनी आवासीय भूमि पर जाने वाले रास्ते को जबरन बंद किए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। महिला का आरोप है कि कुछ लोगों ने दबंगई के बल पर रास्ता बंद कर दिया है, जिससे उसे घर तक पहुंचने में भारी परेशानी हो रही है। विरोध करने पर गाली-गलौज व धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।



पीड़िता ने प्रशासन से रास्ता खुलवाने व आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसी क्रम में ग्राम मिलक हुजरा निवासी कल्लो देवी पत्नी चरण सिंह ने सरकारी सड़क की भूमि पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। महिला का कहना है कि कुछ लोग सड़क किनारे कूड़ा, लकड़ी व अन्य सामान डालकर रास्ता बाधित कर रहे हैं, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है। विरोध करने पर गाली-गलौज व धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है।

अधिकारियों ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं ग्राम गोप. ेवाला निवासी मोहम्मद यूसुफ पुत्र हबीबुर्रहमान ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराते हुए अपने मकान तक जाने वाले रास्ते को बंद किए जाने का आरोप लगाया। शिकायत के अनुसार पड़ोसी द्वारा पुलिया के पास मिट्टी डालकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया है,

जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली व कृषि कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार प्रवीण सिंह, खंड विकास अधिकारी उमाशंकर मुद्गल, कानूनगो बाहीद, सर्वेश कुमार, लेखपाल हिमांशु सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## तमंचे के बल पर भाई-बहन से लूट, बदमाश फरार

**कुन्दरकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम सील. पुर-ढकिया मार्ग पर शुक्रवार रात हथियारबंद बदमाशों ने महिला और उसके चचेरे भाई के साथ तमंचे के बल पर लूट की वारदात को अंजाम देकर क्षेत्र में दहशत फैला दी। जानकारी के अनुसार संभल के गांव चिमयावली निवासी महिला अपने मायके गांव सीलपुर में शादी समारोह में शामिल होने आई थी।

शादी का कार्यक्रम कुंदरकी स्थित बिग स्टार मैरिज हॉल में था। खाना खाने के बाद महिला अपने चचेरे भाई फिरोज के साथ स्कूटी से गांव लौट रही थी। रास्ते में बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी और फिरोज के सिर पर तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया। इसके बाद बदमाश महिला के कानों के सोने के झाले, अंगूठी, नोजवीन और गले का हार समेत लाखों के आभूषण लूटकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है।

# महानगर के सत्यम सिनेमा में हिंदू संगठनों ने गो-माता पर आधारित 'गोदान' मूवी देखी

**मुरादाबाद।** महानगर के सत्यम सिनेमा में भाजपा महानगर इकाई एवं विभिन्न हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने गो माता पर आधारित फिल्म गोदान का सामूहिक रूप से अवलोकन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व गो सेवा आयोग सदस्य दीपक गोयल, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के मार्गदर्शन में तथा आयोजनकर्ता महेंद्र सिंह बब्बू द्वारा किया गया।कार्यक्रम से पूर्व मिगलानी सिनेमा परिसर में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी रामबालक दास जी महाराज (अयोध्या), श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी संजय नंद गिरी महाराज एवं दिगंबर गौरव गिरी महाराज (श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा, हरिद्वार) द्वारा गो माता व गो बछड़े का तिलक, माल्यार्पण व नारियल फोड़कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई तथा आशीर्वाद लिया गया।स्वामी रामबालक दास महाराज ने कहा कि गो माता हमारी राष्ट्रीय माता हैं और सनातन परंपरा में उनका विशेष स्थान है। स्वामी संजय नंद गिरी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं गाय को कामधेनु कहा है, जो सभी प्राणियों का पोषण करती है। दिगंबर गौरव गिरी महाराज ने गाय की सेवा को धर्म बताते हुए कहा कि गोबर व गोमूत्र सहित सभी गो उत्पाद शुद्ध व उपयोगी हैं।कार्यक्रम में विभाग प्रचारक बृज मोहन, विभाग संचालक सुरेंद्र, भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता सहित अनेक समाजसेवी, भाजपा पदाधिकारी व सैकड़ों की संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# ईंट भट्टे पर कार्यरत श्रमिकों को कुष्ठ रोग के प्रति किया जागरूक नि:शुल्क

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम शहवा. जपुर कला स्थित ईंट भट्टे पर कार्य करने वाले श्रमिकों एवं उनके परिजनों के लिए कुष्ठ रोग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने कुष्ठ रोग के लक्षण, कारण, उपचार एवं इससे जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि कुष्ठ रोग कोई अभिशाप या पापों का परिणाम नहीं, बल्कि यह एक सामान्य जीवाणु जनित बीमारी है, जिसका समय पर उपचार कराने से पूर्ण रूप से इलाज संभव है। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों में कुष्ठ रोग की जांच एवं इलाज पूरी तरह नि:शुल्क किया जाता है। एमडीटी (मल्टी ड्रग थेरेपी) के माध्यम से कुष्ठ रोग पूरी तरह ठीक हो जाता है और रोगी सामान्य जीवन जी सकता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरुण कुमार ने कहा कि समाज में फैली भ्रांतियों के कारण कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों के साथ भेदभाव किया जाता है, जो पूर्णत: गलत है। कुष्ठ रोगी से किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। हर व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का दमूेअधिकार है। इस अवसर पर कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि कुष्ठ विकलांग पेंशन योजना के अंतर्गत पात्र मरीजों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा कुष्ठ रोग से उत्पन्न विकृति के ऑपरेशन के बाद सरकार की ओर से अनुदान भी दिया जाता है, जिससे मरीजों को राहत मिल सके। कार्यक्रम के अंत में श्रमिकों एवं उनके परिवारों से अपील की गई कि यदि किसी व्यक्ति में कुष्ठ रोग के लक्षण दिखाई दें तो तत्काल नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच कराएं और इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। जागरूकता एवं समय पर उपचार से कुष्ठ रोग को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**बेदखली सूचना**

मैनें तथा मेरे बाकि परिवार वालों ने अपनी पुत्री सोमा कौर के अमर्यादित आचरण के कारण अपने सभी प्रकार के आपसी सम्बंध विच्छेद कर अपनी चल अंचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। सोमा कौर के किसी भी अच्छे बुरे कार्यों से मेरा तथा मेरे बाकि परिवार का कोई मतलब वास्ता नही है। **गुरनाम कौर पत्नी स्व. परमजीत सिंह निवासी ग्राम कुआंखेड़ा खदरी थाना बढ़ापुर तह० नगीना जिला बिजनौर।**

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान किराया प्राधिकारी/एडीएम सिटी महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**वाद संख्या:** 28 सन् 2026
**D202613540000028**
**तारीख पेशी:** 18.2.2026
**धारा:** 21(2) उ.प्र.किराया नगरीय परिसर अधिनियम 2021
**शम्भू दत्त तिवारी बनाम श्रीमती मोनी शर्मा उर्फ मोनिका शर्मा आदि।**

शम्भू दत्त तिवारी उम्र 65 वर्ष लगभग पुत्र नरोत्तम तिवारी निवासी मीरपुर निकट पेप्सी गोदाम बर्फानी ट्रेडर्स ऋण मुक्तेश्वर मंदिर के पीछे उत्तरांचल कालौनी मझौली थाना मझौला जिला मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

1. श्रीमती मोनी शर्मा उर्फ मोनिका शर्मा पत्नी मोनू शर्मा, 2. मोनू शर्मा उर्फ रविन्द्र शर्मा पुत्र श्री रामदास शर्मा निवासीगण मीरपुर निकट पेप्सी गोदाम बर्फानी ट्रेडर्स ऋण मुक्तेश्वर मंदिर के पीछे उत्तरांचल कालौनी मझौली थाना मझौला जिला मुरादाबाद, मो. नं0 8534959967

चूंकि उपरिनामांकित **उपर्युक्त** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि **धारा:** 21(2) उ.प्र.किराया नगरीय परिसर अधिनियम 2021 अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 02 के दिवस 18 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता आपके विरूद्व एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 02 के दिवस 06 को निकाली गयी है।

**न्यायालय**
**अपर जिलाधिकारी/मजिस्ट्रेट (नगर), मुरादाबाद।**


## मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप, एसपी से की शिकायत

चन्दौसी। ग्राम टिकटा बहरौली निवासी भोला पुत्र रतनलाल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ लोगों ने उसके और उसके परिवार के साथ झगड़ा कर मारपीट की। उसका कहना है कि आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। भोला ने मामले में पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**टेन्डर नं. Sr. DEN-IV/Publication/25-26** **दिनांक 06.02.2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 301-DRM-MB-25-26 Dt. 30.01.2026 |
| कार्य का नाम | Provision of cover shed at LHS No. 48 & 49 between HPU-MTC in the section of SSE/W/B/HPU under ADEN/HPU |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 05.03.2026 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 2,33,20,546.10 |
| धरोहर राशि | 2,66,600.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 8 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 19.02.2026 |

432/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## एक नजर

### वीनस शुगर मिल में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर



**चन्दौसी।** वीनस शुगर मिल मझावली में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सम्भल की ओर से शनिवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सामान्य स्वास्थ्य, हेपेटाइटिस बी एवं सी, शुगर, रक्तचाप एवं नेत्र जांच की गई। शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरूण पाठक एवं वीनस ग्रुप के सी.ई.ओ. अनुपम कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरूण पाठक ने कहा कि कई बीमारियां शुरूआती दौर में लक्षणविहीन होती हैं। ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच कराने से यह समय रहते पकड़ में आ जाती हैं और इनका इलाज आसान हो जाता है। नियमित जांच न कराए जाने के कारण यह बीमारियां भविष्य में गंभीर हो जाती हैं। वीनस ग्रुप की चीफ मेडिकल आफिसर डा. परमजीत कौर ने बताया कि आज की तनावपूर्ण जीवनशैली के कारण 40 की आयु तक शुगर एवं बी.पी. के मरीजों की संख्या में अधिक वृद्धि हो रही है। इस कारण हृदय रोगों का भी खतरा बढ़ रहा है। सी.ई.ओ. अनुपम कुमार सिंह ने कहा कि कम्पनी कर्मचारियों एवं किसानों के हित में इस तरह के जनकल्याणकारी कार्य निरंतर कराती रहती है, जिससे सभी को लाभ मिलता रहे। चिकित्सकों की टीम में जिला चिकित्सालय से डा. विश्वास, डा. जयकिशन, सी.एच.ओ. विकेन्द्र एवं अंकुर, लैब टैक्नीशियन अतुल, नेत्र रोग विशेषज्ञ विवेक तथा श्रीकांत आदि उपस्थित रहे। शिविर में लगभग 300 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई जिसमें कम्पनी के कर्मचारी, अधिकारी, किसान एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे। शिविर में उपाध्यक्ष वाई.पी. सिंह, सी.एफ.ओ. सचिन गुप्ता, दिवाकर सिंह, विकास बाबू, बी.पी. यादव, सुधाकर ओझा, एम.पी. वर्मा, दिवाकर पाण्डेय, विनोद यादव, जतिन गौतम, राहुल शर्मा, पृथ्वी चौधरी, सोनू कुमार आदि मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस गोवर्धन महाराज की महिमा का वर्णन

**चन्दौसी।** नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस कथा का शुभारंभ प्रतिदिन की भांति गौरी गणेश पूजन, नवग्रह व देवी-देवताओं के पूजन तथा ठाकुर जी के अभिषेक के साथ हुआ, जिसमें हवन विधि-विधान से यज्ञ परीक्षित रामसेवक शर्मा ने सपत्नी सहभागिता की। इसके पश्चात कथा में गोवर्धन महाराज की पूजा कर उनकी महिमा का विस्तार से वर्णन किया गया, जहां कथावाचक ने बताया कि जब ब्रजवासियों ने इंद्रदेव की पूजा से मना किया तो क्रोधित होकर इंद्र ने ब्रज में मूसलाधार वर्षा कर दी, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा कर इंद्र का अभिमान चूर कर दिया। कथा के दौरान गोवर्धन महाराज की जय-जयकार से वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भक्ति में झूमते हुए नृत्य करने लगे। कथा श्रवण करने वालों में उमाकांत, रामसेवक, अशोक शर्मा, सत्यवान शर्मा, बबलू शर्मा, सौरभ दीक्षित, कौशल पाठक, मुलायम सिंह यादव, विकास सिंह, दुर्गेश कुमार शर्मा, दिनेशचंद्र शर्मा, फूलसिंह यादव, राजकुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में 85 शिकायतें दर्ज लेखपाल पर ठगी का गंभीर आरोप

**चन्दौसी।** शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी व उपजिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं, जहां जिलाधिकारी के निर्देशन पर ग्राम बिसारु, अरिल नदी आदि से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में एक शिकायतकर्ता ने लेखपाल गब्बर सिंह पर दो लाख रुपये की ठगी का गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि वह पिछले तीन संपूर्ण समाधान दिवसों से रुपये वापस दिलाने की गुहार लगा रहा है, लेकिन अब तक शून्य प्रतिशत भी समाधान नहीं हो पाया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि लेखपाल ने षड्यंत्र के तहत न केवल उससे बल्कि अन्य लोगों व तहसील कर्मचारियों से भी एक करोड़ रुपये से अधिक की रकम झांसे में लेकर हड़प ली है और इस पूरे गोरखधंधे में तहसील के कुछ कर्मचारी व अधिकारी भी शामिल हैं, बावजूद इसके कार्रवाई के बजाय मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं जहांगीरपुर निवासी हरपाल ने गाटा संख्या 778 पर अवैध तारकसी, गुमथल निवासी हरवंश पुत्र टीकाराम ने गाटा संख्या 1771 व 1772 पर अवैध कब्जे, जबकि विलिकरन जहां ने घर पर बने पुराने मंदिर को हटाने की मांग की। दोपहर दो बजे तक कुल 85 शिकायतें दर्ज की गईं जिनमें से 08 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में सीडीओ, सीएमओ, उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी, सीओ मनोज कुमार, बीएसए अलका शर्मा, अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम, एडीओ नीरज सिंह, समाज कल्याण अधिकारी, एसओ बनियाठेर मनोज वर्मा, इंस्पेक्टर बहजोई सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## एसडीएम ने सुनीं समाधान दिवस में शिकायतें

**बिलारी।** संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम विनय कुमार सिंह ने जनता की शिकायतों को सुना। कुल 44 शिकायतों में से मात्र एक का ही निस्तारण हो पाया बाकी के निस्तारण की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को सौंपी गई। दिवस में तहसीलदार अंकित गिरी, सीओ अशोक कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजीव कुमार, एसडीओ अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में आयतों वाले पोस्टर को लेकर हंगामा, दो शिक्षक निलंबित

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव नगला पूर्वा स्थित प्राथमिक विद्यालय की दीवारों पर कुरान की आयतों वाले पोस्टर व तस्वीरें लगे होने की सूचना पर बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए, जहां इस बात को लेकर हंगामा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच नोंकझोंक भी हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय की इंचार्ज अध्यापिका और एक सहायक अध्यापक को निलंबित कर दिया है। बताया गया कि कार्यकर्ताओं ने मौके पर देखा कि विद्यालय की दीवारों पर आयतें और उनसे संबंधित तस्वीरें टंगी थीं, जबकि मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, मां सरस्वती, भारत माता, सुभाषचंद्र बोस, रविंद्रनाथ टैगोर सहित अन्य महापुरुषों की तस्वीरों को रस्सी से बांधकर एक कमरे में रख दिया गया था। इस पर कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने प्रधानाध्यापिका पुष्पा रानी और सहायक अध्यापक मोहम्मद नाजिम से महापुरुषों की तस्वीरें हटाकर धार्मिक पोस्टर लगाए जाने को लेकर जवाब मांगा, लेकिन कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिल सका।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्यकर्ताओं को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया, हालांकि संगठन के लोग संबंधित अध्यापकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इसी बीच विद्यालय की एक अध्यापिका ने एआरपी एवं सहायक अध्यापक मोहम्मद नाजिम पर आयतें लिखवाने का आरा. ेप लगाया, जबकि प्रधानाध्यापिका और सहायक अध्यापक एक-दूसरे पर आरा. ेप-प्रत्यारोप लगाते रहे। मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने इंचार्ज अध्यापिका पुष्पा रानी और सहायक अध्यापक मोहम्मद नाजिम को निलंबित करते हुए कहा कि प्रकरण की गहन जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सचिन, विराट व गंभीर ने अंडर-19 टीम को दी बधाई







● सचिन तेंदुलकर ने लिखा चैंपियंस, युवा ग्रुप और उनके निडर क्रिकेट पर बहुत गर्व, कोच व सपोर्ट स्टाफ समेत पूरी टीम को शाबाशी

● विराट कोहली ने लिखा कि अंडर-19 भारतीय टीम को एक बार फिर विश्व कप जीतने के लिए बधाई

● गौतम गंभीर ने कहा कि तुम लड़कों पर गर्व, तुम्हारा भविष्य उज्ज्वल है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-19 टीम को शुक्रवार को हरारे के हरारे स्पोर्ट्स क्लब में फाइनल में इंग्लैंड पर 100 रन की जबरदस्त जीत के साथ रिकॉर्ड छठा आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप टाइटल जीतने के बाद क्रिकेट जगत से बहुत तारीफ़ मिली। महान बैटिंग सचिन तेंदुलकर ने युवा टीम के निडर अप्रोच की तारीफ की और बैटर वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की। तेंदुलकर ने एक्स पर पोस्ट किया कि चैंपियंस! इस युवा ग्रुप और उनके निडर क्रिकेट पर बहुत गर्व है। कोच और सपोर्ट स्टाफ समेत पूरी टीम को शाबाशी। इस पल का आनंद लें! जब आपके पास एक सूर्यवंशी हो, तो एक टाइमलेस ब्लॉकबस्टर की उम्मीद होती है! शाबाश, वैभव! एज-ग्रुप लेवल पर भारत के लगातार दबदबे को हाईलाइट करते हुए, भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने लिखा कि अंडर-19 भारतीय टीम को एक बार फिर वर्ल्ड कप जीतने के लिए बधाई। एज-ग्रुप क्रिकेट और उससे आगे भी हमारा दबदबा जारी है। पूरी टीम और सपोर्ट स्टाफ को शाबाशी। भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने भी टीम की तारीफ करते हुए कहा कि तुम लड़कों पर गर्व है! तुम्हारा भविष्य उज्ज्वल है। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने भारतीय टीम को बधाई दी और साथ ही इंग्लैंड और टूर्नामेंट होस्ट की भी तारीफ की। शाह ने पोस्ट किया कि भारत को उनके छठे आईसीसी अंडर-19 मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप टाइटल के लिए बहुत-बहुत बधाई! वे इसके हकदार हैं, लेकिन फाइनल तक शानदार प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड भी अपना सिर ऊंचा रख सकता है और जिम्बाब्वे क्रिकेट और क्रिकेट नामीबिया को एक शानदार टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए शाबाशी, जिसने हमारे खेल के भविष्य के सितारों को दिखाया। भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया और 50 ओवर में 9 विकेट पर 411 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इंग्लैंड ने शुरुआत में ही एलेक्स ग्रीन के सेमी-फ़ाइनल सेंचुरी बनाने वाले एरॉन जॉर्ज को आउट करके बढ़त बना ली।

## ओम बिरला ने भारतीय टीम को दी शाबाशी

**नई दिल्ली, वार्ता।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है और इस जीत को देश के लिए गौरव का क्षण और भारत के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बताया है।



श्री बिरला ने बधाई संदेश में युवा क्रिकेटरों के वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन की सराहना की और पूरे टूर्नामेंट के दौरान उनके अनुशासन और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की। अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा कि युवा भारत, विश्व चैंपियन भारत। अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप चैंपियन बनने पर भारतीय क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि टीम की सफलता ने देश भर में लाखों लोगों को अपार खुशी दी है। श्री बिरला ने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए हमारी टीम ने लाखों भारतीयों को गौरवान्वित किया है। यह क्षण देश की युवा शक्ति को नई ऊर्जा और अपार प्रेरणा प्रदान करेगा। भारत ने शुक्रवार को हरारे में खेले गए अंडर-19 विश्व कप 2026 के फाइनल में इंग्लैंड को 100 रनों से हराकर रिकॉर्ड छठी बार अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप का खिताब जीता। भारत की अंडर-19 विश्व कप जीत ने आयु वर्ग क्रिकेट में देश के मजबूत रिकॉर्ड में एक और अध्याय जोड़ दिया है, जिससे युवा प्रतिभाओं के पोषण में वैश्विक शक्ति के रूप में इसकी प्रतिष्ठा और मजबूत हुई है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दे दनादन क्रिकेट को लेकर गूगल ने बनाया डूडल

**नई दिल्ली, वार्ता।** सोशल मीडिया सर्च इंजन गूगल ने भारत और श्रीलंका की सह मेजबानी में आज से शुरु हुए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए डूडल बनाया है। शनिवार से शुरू हुए विश्वकप को लेकर गूगल द्वारा बनाए गए इस खास डूडल में क्रिकेट की गेंद, बल्ले, स्टंप और रनों की आकृति को उकेरा है। इस बार के विश्वकप में तकनीक की भी विशेष भूमिका रहेगी। गूगल का जेमिनी मंच आधिकारिक 'एआई फैन कंपेनियन' के रूप में पेश किया गया है, जो दर्शकों को क्रिकेट के नियमों की सरल व्याख्या करेगा और 'क्रेजी फैन' अवतार कॉन्टेस्ट जैसे रोचक अनुभव उपलब्ध कराएगा। तकनीक और क्रिकेट के अनूठे संगम के साथ आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप न केवल खेल के मैदान पर, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी एक नई चमक बिखेरेगा।

### भारतीय अरबपति आरसीबी के लिए बोली लगाने वालों में शामिल

**बेंगलुरु, वार्ता।** आरसीबी 2025 में अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने के बाद लगभग 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की ग्लोबल बोली की जंग का केंद्र बन गया है, जिससे फेंचाइजी की छवि अंडरअचीवर से बदलकर लीग की सबसे कीमती संपत्तियों में से एक हो गई है। क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े सितारों के होने के बावजूद दिल टूटने और करीबी हार के लिए लंबे समय तक मजाक उड़ाए जाने के बाद, आरसीबी ने आखिरकार 2025 में अपना पहला इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतकर इस सिलसिले को तोड़ा। इस जीत के तुरंत बाद दूसरा महिला प्रीमियर लीग खिताब भी जीता, जिससे फ्रेंचाइजी को देखने का नजरिया नाटकीय रूप से बदल गया है।

## भारत की इलावेनिल ने जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की इलावेनिल वलारिवन ने शनिवार को एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल कॉन्टिनेंटल टाइटल का सफलतापूर्वक बचाव किया।

यहां 26 साल की वलारिवन ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 252-0 का स्कोर करके अपना तीसरा व्यक्तिगत कॉन्टिनेंटल निशानेबाजी खिताब जीता। वलारिवन ने 2019 में अपना पहला एशियन खिताब जीता था। भारतीय निशानेबाज ने छठी सीरीज में बढ़त बनाई और आखिर तक इसे बनाए रखा। वलारिवन की तरह ओलंपियन मिसाकी नोबाटा 251-5 के स्कोर के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पोडियम पर तीसरे स्थान पर 32 साल की मेघना सज्जनार (229-5) रहीं, जिन्होंने अपनी हमवतन आर्या बोरसे को फाइनल राउंड में हराकर अपना पहला कॉन्टिनेंटल कांस्य पदक जीता। इससे पहले दिन में, वलारिवन ने 633-7 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में टॉप किया था, जबकि बोरसे (630-3) और सज्जनार (628-6) क्रमशः तीनों ने मिलकर इस स्पर्धा में 1892-6 के कुल स्कोर के साथ भारत के लिए टीम स्वर्ण पदक भी जीता।



● वलारिवन ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 252-0 का स्कोर करने निशानेबाजी खिताब जीता

जापान और कजाकिस्तान ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। भारत की श्रेया अग्रवाल (632-0) और सोनम उत्तम मस्कर (631-9) क्वालिफायर में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं। मिले तीन पदकों के साथ चैंपियनशिप में भारत के पदकों की संख्या 11 हो गई है।

## A+ प्लस से B वर्ग में खिसके रोहित-विराट

● इस बार किसी भी खिलाड़ी का नाम ए प्लस वर्ग में नहीं, शुभमन गिल, बुमराह, रवींद्र अनुबंध के ए वर्ग में रखे गए हैं

**मुंबई, वार्ता।** टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अनुबंध सूची में ए प्लस से बी वर्ग में खिसक गए हैं। इस बार किसी भी खिलाड़ी का नाम ए प्लस वर्ग में नहीं है। टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और आलराउंडर रवींद्र जडेजा केंद्रीय अनुबंध के ए वर्ग में रखे गए हैं जबकि टी-20 कप्तान सूर्य कुमार यादव बी वर्ग में हैं। बीसीसीआई ने साल 2025-26 के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची को मंजूरी दी जिसमें कुल 30 पुरुष खिलाड़ियों को जगह दी गई है। पुरुष खिलाड़ियों की केंद्रीय अनुबंध सूची **ए वर्ग:** शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा। **बी वर्ग:** रोहित शर्मा, विराट, सूर्यकुमार, वाशिंगटन, केएल राहुल, हार्दिक, सिराज, पंत, कुलदीप, जायसवाल, अय्यर। **सी वर्ग:** अक्षर, तिलक, रिंकू, शिवम दुबे, संजू , अर्शदीप, प्रसिद्ध, आकाश, ध्रुव, हर्षित, वरुण नीतीश कुमार रेड्डी, अभिषेक शर्मा, साई सुदर्शन, रवि बिश्नोई, रुतुराज गायकवाड़।

## BCCI ने विश्व विजेता भारतीय अंडर-19 टीम को दिए 7.5 करोड़ रुपये

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंडर-19 विश्वकप 2026 का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम के लिए साढ़े सात करोड़ रूपए के नगद पुरस्कार की घोषणा की है। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने छठी बार अंडर-19 विश्वकप का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम, कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ और जूनियर क्रिकेट कमेटी के लिए साढ़े सात करोड़ रूपए के नगद पुरस्कार की घोषणा की। सोशल मीडिया मंच एक्स पर देवजीत सैकिया ने कहा कि भारत के इंग्लैंड को हराकर आईसीसी अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप जीतने के बाद पूरा देश खुश है। हमने विश्व कप जीतने वाली टीम के लिए 7-5 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को हरारे में खेले गए अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 100 रनों से हराकर छठी बार खिताब जीता था।

## चेन्नई सिंघम्स ने पहली बार जीता आईएसपीएल का खिताब

● खिताबी मुकाबला दर्शकों से खचाखच भरे सेलालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में खेला गया

**सूरत, वार्ता।** चेन्नई सिंघम्स ने शानदार और संतुलित प्रदर्शन करते हुए इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) सीजन 3 का अपना पहला खिताब जीत लिया। फाइनल मुकाबले में सिघम्स ने टाइगर्स ऑफ कोलकाता को 29 रनों से शिकस्त दी।

यह खिताबी मुकाबला शुक्रवार को लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में खचाखच भरे दर्शकों के बीच खेला गया। फाइनल के दौरान आईएसपीएल कोर कमेटी के सदस्य सचिन तेंदुलकर, आशीष शेलार, मिनल अमोल काले और सूरज समत के साथ-साथ लीग के ऑपरेशंस प्रेसिडेंट दीपक चौहान भी मौजूद रहे। चेन्नई ने शुरुआत से अंत तक मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा। टॉस जीतकर चेन्नई सिघम्स ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज केतन म्हात्रे और जगन्नाथ सरकार ने तेज शुरुआत दिलाई। शुरुआती ओवर में जगन्नाथ को जीवनदान मिला, जिसके बाद केतन ने दूसरे ओवर में 28 रन ठोकते हुए आक्रामक अंदाज अपनाया। जगन्नाथ 14 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन केतन ने रन गति बनाए रखी।

सरोज प्रमाणिक ने लगातार दो गेंदों पर विकेट लेकर चेन्नई की रफ्तार पर थोड़ी लगाम लगाई, हालांकि सरफराज खान के अहम छक्के ने स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। केतन म्हात्रे ने 16 गेंदों में 30 रनों की पारी खेली, जबकि सरफराज खान ने 11 गेंदों में तेज 20 रन जोड़े। अंत के ओवरों में गणेश और संभाजी की विस्फोटक बल्लेबाजी, जिसमें संभाजी का शानदार 'नाइनर' भी शामिल रहा, चेन्नई को 10 ओवर में 7 विकेट पर 103 रन तक ले गई। 104 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइगर्स ऑफ कोलकाता की टीम कभी लय में नहीं आ सकी। रजत मुंढे और सरोज प्रमाणिक की शुरुआत धीमी रही। इसके बाद जगन्नाथ सरकार ने सरोज (11 रन) को आउट किया।

## आरिफ मोहम्मद खान ने हाथों में तिरंगा उठाकर की शीतकालीन ओलंपिक्स में भारतीय दल की अगुवाई

**मिलान कोर्टिना, वार्ता।** आरिफ मोहम्मद खान ने लिविग्नो स्नो पार्क में आयोजित मिलानो कोर्टिना 2026 शीतकालीन ओलंपिक्स के उद्घाटन समारोह में तिरंगा उठाए हुए भारतीय दल की अगुवाई की। शुक्रवार को मिलानो कोर्टिना 2026 का उद्घाटन समारोह मिलान के सैन सिरो स्टेडियम में, कोर्टिना, लिविग्नो और प्रेडाजो में एक साथ आयोजित किया गया।

समारोह में परेड के दौरान आरिफ खान ने भारतीय तिरंगा उठाए हुए थे वहीं इस प्रतियोगिता में देश के एकमात्र दूसरे एथलीट, स्टैनजनि लुंडुप ने भारतीय प्लेकार्ड पकड़ा हुआ था। मिलानो कोर्टिना 2026 उद्घाटन समारोह में मारिया केरी, लौरा पौसिनी और एंड्रिया बोसेली जैसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। मिलानो कोर्टिना आरिफ खान का दूसरा शीतकालीन ओलंपिक्स है। उन्होंने बीजिग 2022 में शीतकालीन गेम्स में पदार्पण किया था, जहां उन्होंने स्लैलम और जायंट स्लैलम अल्पाइन स्कीइंग दोनों इवेंट्स में हिस्सा लिया था। आरिफ अकेले ऐसे भारतीय हैं जिन्होंने एक ही विटर ओलंपिक्स में दो अल्पाइन स्कीइंग इवेंट्स के लिए सीधे कोटा स्थान हासिल किया है। मिलानो कोर्टिना 2026 में आरिफ खान केवल स्लैलम इवेंट में हिस्सा लेंगे। आरिफ ने ओलंपिक एफआईएस पॉइंट्स सिस्टम के जरिए मिलानो कोर्टिना के लिए स्लैलम में भारत का कोटा स्थान हासिल किया है। टूर्नामेंट की स्लैलम रेस 16 फरवरी को होगी। क्रॉस-कंट्री स्कीयर स्टैनजिन लुंडुप दूसरे भारतीय एथलीट हैं जो मिलानो कोर्टिना में हिस्सा लेंगे। उनका नाम पुरुषों की 10 किमी इंटरवल स्टार्ट फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता की एंट्री लिस्ट में है। स्टैनजिन लुंडुप ने पिछले साल नॉर्वे में एफआईएच नॉर्डिक वर्ल्ड स्की चैंपियनशिप में भारत के लिए क्रॉस-कंट्री स्कीइंग कोटा हासिल किया था। उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने मिलानो कोर्टिना 2026 गेम्स के लिए चुना था।




● आरिफ खान अकेले ऐसे भारतीय हैं जिन्होंने एक ही विंटर ओलंपिक्स में दो उल्पाइन स्कीइंग इवेंट्स के लिए सीधे कोटा स्थान हासिल किया

## हर्षित राणा बाहर, मोहम्मद सिराज भारतीय टीम में शामिल

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह पर मोहम्मद सिराज को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। राणा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 फरवरी को नवी मुंबई में खेले गए अभ्यास मैच के दौरान घुटने में चोट लगी थी।

विशेषज्ञ से सलाह लेने और स्कैन के बाद बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए उन्हें अनफिट करार दिया। राणा ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी-20 की घरेलू सीरीज में तीन मैच खेले थे जिसे भारत ने 4-1 से अपने नाम किया था। राणा को विश्व कप दल में एक उपयोगी ऑलराउंडर के रूप में शामिल किया गया था और न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में उन्होंने अर्धशतकीय पारी भी खेली थी। राणा का विश्व कप से बाहर होने के बाद भारतीय दल में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे शामिल हैं। सिराज ने अब तक अपने टी-20 करियर में कुल 16 मुकाबले खेले हैं और 7.79 की इकॉनमी और 32.28 की औसत से उन्होंने 14 विकेट हासिल किए हैं। हालांकि सिराज ने जुलाई 2024 के बाद से एक भी टी-20 नहीं खेला है। उन्होंने अंतिम टी-20 30 जुलाई 2024 को पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। भारत अपने विश्व कप अभियान का आगाज 7 फरवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के खिलाफ करेगा।

भारतीय टीम : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, वॉशिगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज

## पाकिस्तान ने कड़े संघर्ष में नीदरलैंड को हराया



● पाक ने नीदरलैंड पर तीन गेंदें शेष रहते तीन विकेट से जीत दर्ज कर ली

**कोलंबो, वार्ता।** सलमान मिर्जा (तीन विकेट) की अगुवाई गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद साहिबजादा फरहान (47) और फहीम अशरफ (29) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने शनिवार को टी-20 विश्वकप के कड़े संघर्षपूर्ण मुकाबले में नीदरलैंड पर तीन गेंदे शेष रहते तीन विकेट से जीत दर्ज की। 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में सैम अयूब 13 गेंदों में (24) का विकेट गंवा दिया। उन्हें आर्यन दत्त ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान आगा सलमान ने साहिबजादा फरहान के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान पांचवें ओवर में आर्यन दत्त ने आगा सलमान (12) का शिकार कर लिया। एक समय जब ऐसा लगा रहा था कि पाकिस्तान यह मैच आसानी से जीत लेगा लेकिन 12वें ओवर में पॉल वैन मीकरेन ने पहली ही गेंद पर साहिबजादा फरहान को आउटकर पाकिस्तान को तीसरा झटका दिया। साहिबजादा फरहान ने 31 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 47 रनों की पारी खेली। इसी ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने उस्मान ख्वाजा (शून्य) को भी पवेलियन भेज दिया। अगले ओवर में रुलॉफ वैन डर मर्व ने बाबर आजम (15) का भी शिकार कर पाकिस्तान को संकट में डाल दिया। 16वें ओवर में में काइल क्लीन ने मोहम्मद नवाज (छह) को आउटकर दिया। अगले ही ओवर की पहली गेंद पर लोगन वैन बीक ने शादाब खान (आठ) को चलता कर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए फहीम अशरफ ने मोर्चा संभाला और 19वें ओवर में तीन छक्के और एक चौका लगाकर पाकिस्तान की जीत सुनिश्चित की। पाकिस्तान ने 19-3 ओवर में 148 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। फहीम अशरफ ने 11 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 29 रनों की पारी खेली। शाहीन शाह अफरीदी पांच रन बनाकर नाबाद रहे। नीदरलैंड के लिए आर्यन दत्त और पॉल वैन मीकरेन ने दो-दो विकेट लिए। लोगन वैन बीक, काइल क्लीन और रुलॉफ वैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां पाक ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी नीदरलैंड पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे 19.5 ओवरों में 147 रन के स्कोर पर सिमट गई। कप्तान स्कॉट ने 29 गेंदों में (37), बास डलीडे 25 गेंदों में (30) रन बनाए।

## चेतन और पुलकित ने जीते रजत पदक

● विश्व कुश्ती महासंघ रैंकिंग में भारत के पदकों की संख्या 11 हो गई है

**जागरेब, वार्ता।** भारत के चेतन और पुलकित ने जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में क्रमशः 63 किग्रा ग्रीको-रोमन और महिलाओं के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक जीते। शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में इसके अलावा अंजलि (62 किग्रा) और निशा दहिया (68 किग्रा) ने अपने-अपने वर्ग में कांस्य पदक जीते। साल की पहली विश्व कुश्ती महासंघ (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) रैंकिग सीरीज में भारत के पदकों की संख्या 11 हो गई है जिसमें एक स्वर्ण, चार रजत और छह कांस्य पदक शामिल हैं।

ग्रीको-रोमन वर्ग में चेतन ने 63 किग्रा में दमदार प्रदर्शन करते हुए भारत के अभियान की मजबूत शुरुआत कराई। क्वालीफायर में उन्होंने कजाकिस्तान के दस्तान जारलिखानोव को 7-6 से हराया। इसके बाद क्वार्टरफाइनल में सर्बिया के देजान बेरकेच को 9-0 से मात दी। सेमीफाइनल में चेतन ने ईरान के पूर्व विश्व चैंपियन मेयसम डालखानी को 14-5 से चौंकाते हुए फाइनल में जगह बनाई। हालांकि स्वर्ण मुकाबले में उन्हें ईरान के एरफान बेहनाम जारकानी से 8-4 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। महिलाओं के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल में अंडर-17 वर्ल्ड चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता पुलकित ने नॉर्डिक सिस्टम के तहत रजत पदक जीता।

उन्होंने स्वीडन की एग्नेस न्यग्रेन को 10-1 से और रोमानिया की यूरोपियन गेम्स कांस्य पदक विजेता क्रिस्टा इन्से को 2-0 से हराया। इसके बाद क्रोएशिया की मारियाना सुम्सकी के चोटिल होने के कारण उन्हें वॉकओवर मिला। हालांकि, दिन के अपने पहले मुकाबले में जापान की नाना इकेहाता से 3-1 से हार के चलते पुलकित रजत तक ही पहुंच सकीं। महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में अंजलि ने अपने अभियान की शुरुआत क्रोएशिया की लाना नोगिक पर 12-0 की शानदार जीत के साथ की। क्वार्टरफाइनल में उन्होंने ब्राजील की लाइस नून्स को 5-3 से हराया।

सेमीफाइनल में उन्हें स्वीडन की ओलंपियन और दो बार की यूरोपियन चैंपियनशिप पदक विजेता जोहाना लिडबॉर्ग से 10-0 से हार झेलनी पड़ी। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में अंजलि ने अपनी ही साथी भाग्यश्री फांड को 5-4 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई। भाग्यश्री फांड ने रेपेचेज के जरिए कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया था। क्वालीफायर में उन्होंने अमेरिका की अलारा बॉयड को हराया था, जबकि क्वार्टरफाइनल में उन्हें जोहाना लिडबॉर्ग से हार मिली थी।

महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में एशियन चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता निशा दहिया ने भी रेपेचेज के रास्ते कांस्य पदक तक का सफर तय किया।

# महानगर में पहले दिन 35 केंद्रों पर कड़ी निगरानी में संपन्न हुई सीटेट की परीक्षा



**मुरादाबाद।** महानगर में केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) का आयोजन 35 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। यह परीक्षा 7 व 8 फरवरी को दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली सुबह 9:30 बजे से 12:00 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की सघन जांच की गई और पहचान पत्रों का सत्यापन किया गया। परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। वहीं, परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी गई।प्रशासन द्वारा तकनीकी व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त रखा गया। बायोमेट्रिक सत्यापन, समय पर प्रश्नपत्र वितरण और परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की तकनीकी खामी सामने नहीं आई। अधिकारियों ने केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।परीक्षा देकर बाहर आए परीक्षार्थियों ने व्यवस्थाओं की सराहना की। कई अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र संतुलित था और पाठ्यक्रम के अनुरूप प्रश्न पूछे गए थे। उन्होंने परीक्षा माहौल को शांत और अनुशासित बताते हुए अच्छे परिणाम की उम्मीद जताई।कुल मिलाकर मुरादाबाद में ब्ज्म्ज् परीक्षा का आयोजन प्रशासनिक मुस्तैदी और बेहतर प्रबंधन के साथ सफलतापूर्वक किया गया, जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

# परीक्षा छूटने के बाद शहर के कई इलाकों में बनी जाम की समस्या से लोग हुए परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में 7 व 8 फरवरी को आयोजित हो रही केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (CTET) के चलते परीक्षा छूटने के बाद शहर के कई प्रमुख चौराहों पर जाम की स्थिति बन गई। परीक्षा केंद्रों से एक साथ बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के बाहर निकलने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई।दोपहर और शाम की पाली समाप्त होते ही रेलवे स्टेशन रोड, पीलीकोठी चौराहा, कांठ रोड, दिल्ली रोड , रामगंगा विहार, सहित कई प्रमुख मार्गों पर जाम की समस्या बन गई। ऑटो, ई-रिक्शा और निजी वाहनों की अधिक संख्या के कारण चौराहों पर दबाव बढ़ गया, जिससे आम लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। परीक्षार्थियों के साथ आए अभिभावकों और वाहनों के सड़क किनारे खड़े होने से जाम की स्थिति और गंभीर हो गई। कई स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस को स्थिति संभालने में मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारू करने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ अधिक होने के कारण कुछ समय तक जाम बना रहा। स्थानीय नागरिकों ने परीक्षा के दिनों में यातायात के बेहतर प्रबंधन की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि परीक्षा केंद्रों के आसपास पार्किंग और ट्रैफिक व्यवस्था को पहले से बेहतर ढंग से नियोजित किया जाए, तो जाम की समस्या से बचा जा सकता है।



## एक नजर

### कुत्तों से जान बचाकर घर में घुसा हिरण वन विभाग ने पकड़ा



**कांठ ( शाह टाइम्स )** कुत्तों से जान बचाकर एक हिरण नगर के रिहायशी इलाके में घुस गया लोगों ने वन विभाग को सूचना देकर हिरण उनके हवाले किया है।रात करीब 10 बजे वार्ड नंबर 9 निवासी मोहम्मद हाशिम पुत्र हाजी वकील के घर में हिरण घुस गया। इससे घर के लोग घबरा गए। जानकारी मिलते ही डॉ. नवील अहमद वहां पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर चौकी इंचार्ज संजीव कुमार ने वन विभाग से संपर्क कर वन रेंजर पुष्पेंद्र सिंह को मामले की जानकारी दी। वन रेंजर पुष्पेंद्र सिंह के निर्देश पर वनवाचर सरोज कुमार, मदन सिंह एवं चौकी इंचार्ज संजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने तत्परता दिखाते हुए रेस्क्यू किया और हिरण को पकड़ कर अपने साथ ले गए।

### भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत भवन में आयोजित हुई मंडलीय समीक्षा बैठक



**मुरादाबाद।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा पंचायत भवन में मुरादाबाद मंडल की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन की ओर से नामित राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने 16 बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की। इसमें पिछले छह माह के आंदोलनों, आगामी छह माह की कार्ययोजना, किसान हित में किए गए कार्यों, सदस्यता अभियान की प्रगति तथा ब्लॉक व ग्राम इकाइयों की स्थिति पर चर्चा की गई।बैठक में मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष सतीश चौधरी, युवा जिलाध्यक्ष अंकुर चौधरी, सम्भल के जिलाध्यक्ष शंकर सिंह, रामपुर के जिलाध्यक्ष भानु कुमार सिंह, बिजनौर के जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही और अमरोहा के जिलाध्यक्ष कामेंद्र सिंह अपनी-अपनी कार्यकारिणी के साथ मौजूद रहे। पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा ने जिलाध्यक्षों से संगठनात्मक कार्यों में तेजी लाने और किसानों के शोषण के खिलाफ आंदोलन तेज करने का आह्वान किया।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने कहा कि आज के समय में संगठन ही किसान की सबसे बड़ी ताकत है। वहीं राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने भारत अमेरिका ट्रेड डील पर चिंता जताते हुए कहा कि इस समझौते से किसान आशंकित हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस डील से कृषि और डेयरी क्षेत्र को बाहर रखा जाए, क्योंकि सस्ते अमेरिकी उत्पादों का मुकाबला भारतीय किसान नहीं कर पाएगा। यदि कम ड्यूटी पर आयात हुआ तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

### विद्यार्थियों को दिखाई गई देशभक्ति फिल्म 'बॉर्डर'

**मुरादाबाद।** गोविंद नगर स्थित शिशु वाटिका इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब मुरादाबाद ब्रास सिटी स्टार्स एवं शिशु वाटिका इंटरेक्ट क्लब के संयुक्त सहयोग से विद्यार्थियों को मिगलानी मूवी टाइम्स में देशभक्ति फिल्म "बॉर्डर" दिखाई गई।इस कार्यक्रम में कॉलेज के करीब 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। फिल्म के माध्यम से बच्चों ने देशप्रेम,कर्तव्यनिष्ठा, बलिदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश ग्रहण किया। सीमा पर तैनात सैनिकों के साहस और त्याग को दर्शाती फिल्म देखकर विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति का भाव जागृत हुआ और वे भावुक भी नजर आए।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए पॉपकॉर्न और कोल्ड ड्रिंक की भी व्यवस्था की गई, जिससे बच्चों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। फिल्म प्रदर्शन के उपरांत रोटरी क्लब मुरादाबाद ब्रास सिटी स्टार्स के सचिव भरत अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में सकारात्मक सोच, अनुशासन और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं।विद्यालय प्रशासन और रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने आयोजन को प्रेरणादायक और स्मरणीय बताया। उन्होंने भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे शिक्षाप्रद और प्रेरक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

### सपा की बैठक में भाजपा पर लगाए गए संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के आरोप




**मुरादाबाद।** जिला समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक शनिवार को सिविल लाइन्स स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव फुरकान अली ने किया। बैठक में वक्ताओं ने चुनाव आयोग की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाते हुए भाजपा पर संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि वर्तमान भाजपा शासनकाल में खुलेआम वोट काटने और बढ़ाने जैसी गतिविधियां हो रही हैं, जो लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने निष्पक्षता छोड़कर अपना काम भाजपा को ठेके पर दे दिया है, मानो उसे संविदा पर रख लिया गया हो। जयवीर सिंह यादव ने कहा कि सबसे बड़ा आश्चर्य यह नहीं है कि यह सब हो रहा है, बल्कि यह है कि संवैधानिक संस्थाओं को यह दिखाई नहीं दे रहा।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आज जो लोग जनता के वोट छीन रहे हैं, वह कल जनता के अधिकार और संसाधन भी छीनेंगे, जिसमें खुद भाजपाई भी शामिल होंगे। उन्होंने फॉर्म-7 के कथित दुरुपयोग के खिलाफ खड़े पीडीए प्रहरियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि समा. जवादी पार्टी लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ठगों का रिश्ता केवल ठगी से होता है, जनता से नहीं।बैठक में पूर्व विधायक हाजी रिजवान, पूर्व जिलाध्यक्ष अतहर हुसैन अंसारी, लाखन सिंह सैनी, मौ. उस्मान, वसीम कुरैशी, वेद प्रकाश सैनी, विक्रम सिंह यादव, सुनीता सिंह, राजेश्वरी यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे।

# दहेज के लिए परेशान करने पर 10 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**बिलारी।** दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में ससुराल पक्ष के 10 लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। रुस्तमनगर सहसपुर की रहने वाली शहरुल निशां ने मुकदमा दर्ज कराया कि अब से 4 साल पहले उसकी शादी जिला बदायूं के थाना उघैती के गांव ईखखेड़ा के रहने वाले इरफान पुत्र साबिर के साथ हुई थी। ससुराल पक्ष के लोग निकाह के बाद परेशान किया करते थे। 29 नवंबर को उसके पति इरफान, ससुर साबिर, सास दिलवरीस जेठ इकबाल, देवर दिलखुश, तौफीक व नंद तस्वीरन, नंदोई आरिफ आदि उसके कमरे में आ गए और ससुराल से दो लाख नगद लाने को कहने लगे। जब समझाने का प्रयास किया तो भड़क गए। उसे बुरी तरह से पीटा, जिसे उसके कपड़े फट गए। सभी लोगों ने जान से मारने की धमकी दी, पीटकर घर से भगा दिया। कोतवाली में तहरीर देने पर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# महदहा समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग, विधायक को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** महदहा समाज को संवैधानिक रूप से अनुसूचित जाति का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद के नेतृत्व में समाज के लोगों ने माननीय विधायक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उत्तर प्रदेश शासन व भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचनाओं और शासनादेशों का पूर्ण रूप से अनुपालन सुनिश्चित कराने की मांग की गई।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि कार्मिक अनुभाग-2 की अधिसूचना संख्या 4(1)/2002-का-2 दिनांक 31 दिसंबर 2016 तथा शासनादेश संख्या 117/2025/ 1543/ 26-3-2025- 1690967 दिनांक 16 जून 2025 के बावजूद जनपद व तहसील स्तर पर नियमों का पालन नहीं हो रहा है। इसके चलते महदहा समाज से संबंधित जातियों को गलत श्रेणी में प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं, जिससे समाज के लोगों को संवैधानिक अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है। निषाद पार्टी ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा 8 जनवरी 2022 को जारी निर्देशों का भी स्पष्ट उल्लंघन किया जा रहा है। जबकि नियमों के अनुसार महदहा समाज की जातियों की अनुसूचित जाति में गणना एवं प्रमाण पत्र जारी किया जाना अनिवार्य है। ज्ञापन में मांग की गई कि महदहा समाज की जातियों की अनुसूचित जाति में जनगणना कराई जाए, ओबीसी सूची से नाम हटाकर संशोधित अधिसूचना जारी की जाए तथा निषाद, केवट, मल्लाह, कश्यप, कहार, धीमर, बिंद, बाथम, तुरहा, गोंडिया, मांझी, महदहा आदि जातियों को अनुसूचित जाति की सभी संवैधानिक सुविधाएं प्रदान की जाएं।

ज्ञापन सौंपने वालों ने विधायक से आग्रह किया कि वे इस गंभीर विषय को विधानसभा में उठाकर शासन स्तर पर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित कराएं, जिससे महदहा समाज को उसका संवैधानिक अधिकार मिल सके।

ज्ञापन देने वालों में सवाली सिंह, मेहन्द्र सिंह, सुनील कुमार, बालेश, ओमप्रकाश, राम सिंह, भूरे सिंह, सलवीर सिंह, ब्रजवीर, भोला, ओमकार, रोहित कुमार, रंजीत कुमार,कमल इत्यादि शामिल रहे।



# भारतीय किसान यूनियन भानू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, समस्याओं के समाधान की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारी ने एसडीएम को सोपा ज्ञापन बिलारी तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांव की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला अध्यक्ष दानिश पाशा के नेतृत्व में पदाधिकारी एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने एसडीएम विनय सिंह को मांगों को लेकर एक ज्ञापन सोपा है जिसमें जिला अध्यक्ष दानिश पक्ष ने कहा कि कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम इंधनपुर हसनपुर रामपुर मगन में शमशान की तरफ एक रास्ता जाता है उसे रास्ते पर गांव की खेती की जमीन है गांव का मुख्य मार्ग है। उसे पर ग्रामीणों द्वारा काफी घूर डाल दिए गए हैं जिससे पूरा रास्ता ढक गया है बारिश होने के बाद रास्ते में भारी गंदगी जमा हो गई है तत्पुरा गांव में मुख्य सड़क काफी जर्जर है पिछले 2 दशकों से सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। सड़क खस्ता हाल है। जिससे जल भराव की समस्या बनी रहती है। इसके अलावा विभिन्न समस्याएं भी रखी। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने डीएम के सामने रखा कांवड़ियों की सुरक्षा का मुद्दा, कहा सड़क किनारे से हटाएं जाएं बिजली के खंबे

**कांठ ( शाह टाइम्स )** समाधान दिवस में आए जिला अधिकारी से आज नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी ने मुलाकात की और कॉबडियों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया उन्होंने कहा कि हरिद्वार हाईवे पर रेलवे क्रॉसिंग से स्वागत द्वार कासमपुर के बीच सड़क के चौड़ीकरण का काम हुआ है। जिसकी वजह से एक-एक स्थान पर लगे कई कई खंबे अब आवागमन में बाधक बन रहे हैं इनकी वजह से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है तथा जाम की समस्या बढ़ रही है 15 फरवरी को शिवरात्रि का पर्व है और इससे पहले इस हाइवे से बड़ी संख्या में काबड़िए निकलते हैं जिनकी सुरक्षा को भी इन खम्बो से खतरा पैदा हो गया है उन्होंने जिला अधिकारी से इन खम्बो को हटाने के लिए लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग को निर्देशित करने का आवाह्न किया इसके साथ-साथ मंडल आयुक्त को भेजे पत्र में उन्होंने कहा कि कुमार फिलिंग स्टेशन से जनता नर्सिंग होम तक सड़क के चौड़ीकरण का काम महीनों से रुका पड़ा है।

जिससे पैदल यात्रियों तथा बाइक सवारों को भारी परेशानी से गुजरना पड़ रहा है इससे आए दिन वाहन सवार चोटिल हो रहे हैं और किसी भी अप्रिय घटना की संभावना बनी हुई है। इस सड़क के चौड़ीकरण ना होने से कांवड़ियों को भी महा. शिवरात्रि के आने-जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है उन्होंने इस रुके हुए चौड़ीकरण के कार्य को तुरंत कराए जाने की भी मांग उठाई अधिकारियों ने इन समस्याओं के समाधान का भरोसा उन्हें दिलाया है।



# एमआईटी संस्थान में वार्डन व स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा दिन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निद. ेशालय नागरिक सुरक्षा उ0 प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार एम आई टी संस्थान में आयोजित वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के चतुर्थ सत्र के दूसरे दिन आज दिनांक 7/02/2026 को प्रशिक्षण से पूर्व श्री नीरज चक, उपनियंत्रक के साथ सभी उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों ने ष्इतनी शक्ति हमें देना दाताष सर्वधर्म समभाव की प्रार्थना गायी । तत्पश्चात सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार द्वारा पहले सेशन में ष्बचाव की आपातकालीन विधियांष के बारे में बताया गयाष और प्रशिक्षणार्थियों को अभ्यास कराया गया।

दूसरे सेशन में मास्टर योगा ट्रेनर आयुष विभाग गौरव त्यागी द्वारा ष्स्ट्रेस मैनेजमेटष के बारे समझाया गया और कार्यक्षेत्र में ब्रेक में किए जाने वाले योग भी कराए गए। दूसरे दिन के अंतिम सेशन में सतीश कुमार द्वारा आग का वर्गीकरण, लगने के कारण एवं बचाव ष पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल, स्टाफ अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, शरीफ अहमद, वसीम अख्तर, वसीम अंसारी, डॉ शफीक आदि ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया।

# एसआरएम टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं पीएचसी का स्थलीय पर्यवेक्षण




**बिलारी।** एसआरएम टीम द्वारा क्षेत्र के विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया। इस दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर ग्वारखेड़ा, अमरपुर काशी, मनक. ूला, बेहटा सरथल, चिड़िया भवन, जरगांव, बरौली रुस्तमपुर, नारायणपुर देवा, सतारन, धकिया नरु सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जरगांव का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी समय से अपनी-अपनी ड्यूटी पर उपस्थित पाए गए। स्वास्थ्य सेवाओं के संच. ालन की स्थिति का जायजा लिया गया, जिसमें सभी केंद्रों पर आवश्यक चिकित्सीय उपकरण एवं औषधियां मानक के अनुरूप उपलब्ध मिलीं। साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण तथा मरीजों को दी जा रही सेवाओं की भी जांच की गई। एसआरएम टीम द्वारा संबंधित स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए गए कि आमजन को बेहतर, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों पर शासन द्वारा निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। स्थलीय पर्यवेक्षण के दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव कुमार, एमएच कंसल्टेंट राजेंद्र सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल तथा डीईओ अमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने निरीक्षण के बाद व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए।



कोलकाता। केंद्र में मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन के तहत सुनवाई के दौरान इंतजार करते लोग।

## यूक्रेन के पास गतिविधि की रिपोर्ट, पोलैंड ने विमानों को अलर्ट किया

**वारसॉ।** यूक्रेन में युद्ध के संबंध में रूस की 'लंबी दूरी की हवाई गतिविधि' का हवाला देते हुए पोलैंड ने शनिवार को सैन्य विमानों को सतर्क किया और हवाई रक्षा प्रणालियों को हाई अलर्ट पर रखा। देश की सशस्त्र सेना परिचालन कमान ने यह जानकारी दी। कमान ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि यूक्रेन में लक्ष्यों पर किए गए हमलों के संबंध में संचालित रूस की लंबी दूरी की विमानन गतिविधि के कारण, पोलैंड के और सहयोगी विमानों ने पोलिश हवाई क्षेत्र में परिचालन शुरू कर दिया है।

## सेना प्रमुख ने पूंछ दौरे पर तैयारियों का जायजा लिया

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले में अग्रिम क्षेत्रों में तैनात जवानों से मुलाकात की और सेना की तैयारियों का जायजा लेने के साथ पड़ोस के गांव में अपने पुराने सहकर्मी सेवानिवृत सूबेदार परवेज अहमद से मुलाकात कर उनकी कुशल क्षेम भी पहुंची। सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्थानीय स्तर पर जवानों की मदद करने के लिए सूबेदार अहमद को सम्मानित भी किया। उन्होंने अग्रिम इलाकों में तैनात जवानों के मनोबल और सतर्कता की भी सराहना की। अग्रिम क्षेत्रों के दौरे के बाद जनरल द्विवेदी पूंछ के कामसर गांव भी गए। वहां उन्होंने 18 जम्मू-कश्मीर राइफल्स के सेवानिवृत्त सूबेदार (मानद कैप्टन) परवेज़ अहमद से मुलाकात की।

# मलेशिया में मोदी का गर्मजोशी से स्वागत

### रिसीव करने पहुंचे प्रधानमंत्री इब्राहिम, मोदी ने कहाः ये उनका भारतीयों के लिए प्रेम

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 8 साल बाद दो दिन के मलेशिया दौरे पर पहुंचे। उन्हें मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने एयरपोर्ट पर अपनी कार से रिसीव किया। इसके बाद पीएम मोदी कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम खुद एयरपोर्ट पर मेरा स्वागत करने आए।

वे मुझे अपनी कार से यहां लाए। इतना ही नहीं, उन्होंने मुझे अपनी सीट पर भी बैठाया। उन्होंने कहा यह खास सम्मान भारत और भारतीय समुदाय के प्रति उनके प्यार और सम्मान को दिखाता है। भारत जल्द यहां अपना पमेंट सिस्टम यूपीआई लॉन्च करेगा। मोदी ने कहाः पिछले साल मैं आसियान शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया नहीं आ सका था,



**मलेशियाई पीएम अनवर बोलेः हमारे भारत के साथ ऐतिहासिक रिश्ते**

लेकिन मैंने अपने दोस्त से वादा किया था कि मैं जल्द मलेशिया आऊंगा। आज मैं अपना वादा निभाने आया हूं। साल 2026 में यह मेरी पहली विदेश यात्रा है। पीएम मोदी और मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम एक ही कार से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। पीएम मोदी के स्वागत में भारतीय मूल के कलाकारों ने क्लासिकल डांस किया। पीएम मोदी के स्वागत में भारतीय मूल के कलाकारों ने क्लासिकल डांस किया। पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि आपने रोटी चनाई को मलाबार परोट्टा से जोड़ा है। नारियल, मसाले और चाय भी हमारे रिश्ते को जोड़ते हैं। चाहे कुआलालंपुर हो या कोच्चि, स्वाद एक जैसे लगते हैं। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं, शायद इसलिए क्योंकि हमारी भाषाओं और मलय भाषा में कई शब्द समान हैं। मोदी ने कहा कि मैंने सुना है कि मलेशिया में भारतीय संगीत और फिल्में काफी लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम बहुत अच्छा गाते हैं, लेकिन भारत में बहुत से लोगों को यह बात पहले नहीं पता थी। उनके पिछले भारत दौरे के दौरान जब उन्होंने एक पुराना हिंदी गीत गाया, तो उसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। भारतीय पीएम ने कहा कि यह जानकर खुशी होती है कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को महान अभिनेता और नेता एमजीआर के तमिल गीत बहुत पसंद हैं। मोदी ने कहा कि दुनिया भारत को सिर्फ एक बड़ा बाजार मानती थी, लेकिन अब भारत निवेश और व्यापार का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। आज भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जाता है। चाहे ब्रिटेन हो, यूएई, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ (ईयू) या अमेरिका, कई देशों ने भारत के साथ व्यापार समझौते किए हैं। भारत आपके दिलों में एक खास जगह रखता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी के बीच 45 लोगों की मौत

**टोक्यो।** जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी के कारण मरने वालों की संख्या 45 हो गई है, जबकि घायलों की संख्या 600 के करीब पहुंच रही है। देश की मुख्य अग्निशमन सेवा से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करने पर यह जानकारी सामने आई। बीस जनवरी से अब तक कुल 585 लोग अलग-अलग गंभीरता से घायल हुए हैं, इनमें से 187 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। कम से कम 45 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले सप्ताह, उत्तरी जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी की दूसरी लहर देखी गई।

### मिस्र के अबू फना मठ में दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत

**काहिरा।** मिस्र के मिस्रन्या प्रांत में स्थित प्राचीन कॉप्टिक ऑर्थोडॉक्स संत फना मठ (देइर अबू फना, जिसे क्रॉस मठ के नाम से भी जाना जाता है) में दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत हो गई। मिस्र के मीडिया ने यह जानकारी दी है। अल मसरी अल यौम अखबार के अनुसार, यह हादसा हुआ, जब चौथी शताब्दी के इस मठ की एक इमारत की भीतरी दीवार गिर गई। कॉप्टिक ईसाई संत फना के नाम पर बने इस मठ में इमारत की ईंटें और बड़े-बड़े पत्थर आगंतुकों पर गिर पड़े।


### 'अय्यावास्का' पेय का नए केंद्र बने स्पेन, पुर्तगाल

**बार्सिलोना/मैड्रिड।** अमेजन के घने जंगलों में तैयार होने वाला 'अय्यावास्का' पेय अब यूरोप के आलीशान होटलों तक पहुंच गया है और खासकर स्पेन, यूरोप के उन गिने-चुने देशों में शामिल हो गया है जहां कानूनी अस्पष्टता के कारण इसके सेवन संबंधी 'रिट्रीट' बड़े पैमाने पर आयोजित किए जा रहे हैं। यूरोप के देशों में हाल के वर्षों में 'अय्यावास्का' पेय का सेवन एक वेलनेस प्रैक्टिस के रूप में तेजी से लोकप्रिय हुआ है। यह अय्यावास्का पेय दक्षिण अमेरिका के अमेजन बेसिन में मिलने वाली औषधियों से बनने वाला विशेष काढ़ा है।

# एपस्टीन फाइल्सः अनिल अंबानी की चैट आई सामने

### दावाः सुनहरे बालों वाली स्वीडिश महिला की पेशकश हुई, अनिल बोलेः अरेंज करो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफी एपस्टीन ने जो दस्तावेज जारी किए हैं, उसमें अनिल अंबानी से जुड़े नए खुलासे सामने आए हैं। ये दस्तावेज एपस्टीन और उद्योगपति अनिल अंबानी के बीच 2017 से 2019 के दौरान हुई बातचीत से जुड़े हैं।



**ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें कारोबार, वैश्विक मामलों और महिलाओं को लेकर चर्चा हुई**


ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें कारोबार, वैश्विक मामलों और महिलाओं को लेकर चर्चा हुई। 9 मार्च 2017 की बातचीत में अनिल ने एपस्टीन से पूछा: क्या सुझाव है? इस पर एपस्टीन ने लिखा: मुलाकात 'मजेदार' बनाने के लिए 'लंबी स्वीडिश ब्लान्ड महिला' बेहतर होगी। इसके बाद अंबानी ने जवाब दिया, 'इसे अरेंज करो।' बातचीत तब की है। यौन अपराधी जेफी एपस्टीन की जेल में मौत हो गई थी। आधिकारिक रिपोर्ट्स के मुताबिक उसने आत्महत्या की थी। यह बातचीत उस समय की है, जब एप्सटीन को पहले ही 2008 में नाबालिगों से जुड़े यौन आपराध के मामले में सजा मिल चुकी थी। इसके बावजूद एप्सटीन दुनिया के कई प्रभावशाली और ताकतवर लोगों के संपर्क में बना हुआ था। रिकॉर्ड बताते हैं कि दोनों के बीच पेरिस और न्यूयॉर्क में मिलने की योजना बनीं। मई 2019 में अनिल अंबानी के न्यूयॉर्क दौरे के वक्त एपस्टीन ने उन्हें मैनहैटन स्थित अपने घर बुलाया, जहां दोनों मिले। दूसरे ईमेल्स से यह भी पता चलता है कि अंबानी और एपस्टीन के बीच अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं, बिजनेस मीटिंग्स और वैश्विक मंचों पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर बातचीत हुई थी। इनमें पेरिस, न्यूयॉर्क और वर्ल्ड इकोनामिक फोरम के कार्यक्रमों में संभावित मुलाकातों का जिक्र है। एप्सटीन को 2019 में संघीय स्तर पर सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में फिर से गिरफ्तार किया गया था, लेकिन मुकदमा शुरू होने से पहले ही उसकी हिरासत में मौत हो गई। इसके बाद दुनियाभर में विवाद खड़ा हुआ और उसके नेटवर्क को लेकर कई तरह की जांच शुरू हुई। चैट्स में डोनाल्ड ट्रम्प और हालीवुड से जुड़े संदर्भ भी हैं। एक बातचीत में एपस्टीन ने पसंदीदा महिला पर सवाल किया, जिस पर अंबानी ने हालीवुड अभिनेत्री स्कारलेट जोहानसन का जिक्र किया। तब रिलायंस एंटरटेनमेंट उनकी फिल्म 'घोस्ट इन द शेल' की सह-निर्माता थी। इसी अवधि में एपस्टीन ने अंबानी परिवार से जुड़ी किताबें मंगवाई थीं। ब्लूमबर्ग के मुताबिक अनिल अंबानी के प्रतिनिधि ने इस मामले पर किसी टिप्पणी से इनकार किया। अनिल अंबानी अनिल अंबानी रिलायंस एडीए ग्रुप के चेयरमैन हैं। साल 2008 में उनकी संपत्ति करीब 42 अरब डालर आंकी गई थी। उस समय फोर्ब्स की अमीरों की सूची में उनका छठा स्थान था। अंबानी के अलावा भी कई भारतीय और भारतीय मूल के सेलिब्रिटी एपस्टीन के संपर्क में थे। इनमें फिल्मकार मीरा नायर, डायरेक्टर अनुराग कश्यप, अभिनेत्री नंदिता दास, वेलनेस गुरु दीपक चोपड़ा का नाम शामिल है। हालांकि, फाइल में नाम होना किसी अपराध का सबूत नहीं है। ये सिर्फ सामाजिक या पेशेवर संपर्क दिखाते हैं। मीरा नायर से जुड़ा मेल अमेरिकी पब्लिसिटी मैनेजर पेगी सीगल ने एपस्टीन को 21 अक्टूबर 2009 को भेजा था। इसमें सीगल ने लिखा है कि वह गिस्लीन मैक्सवेल (एपस्टीन की गर्लफ्रेंड और अपराधी) के मैनहट्टन टाउनहाउस से एक आफ्टर-पार्टी से लौटी हैं। मीरा नायर न्यूयार्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी की मां हैं।

## ब्रिटेन में डॉक्टर को 24 साल जेल की सजा बच्चों के यौन शोषण मामले में दोषी

**लंदन।** ब्रिटेन में बच्चों के यौन शोषण के एक गंभीर मामले में 76 साल के रिटायर्ड वेटनरी डाक्टर जान रुबेन को 23 साल 10 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। आरोपी ने समर कैंप में बच्चों को दी जाने वाली कैंडी में नशीली दवाएं मिलाकर उनका यौन शोषण किया। यह मामला पिछले साल जुलाई का है, जब इंग्लैंड के एक समर कैंप से जुड़े 8 से 11 साल के 8 बच्चों और एक वयस्क को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। जांच के बाद पुलिस ने रुबेन को गिरफ्तार किया था। जान रुबेन ने नवम्बर में कोर्ट में 17 मामलों में दोष स्वीकार किया था। इनमें 13 साल से कम उम्र के दो बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न और 8 बच्चों के साथ क्रूरता के आरोप शामिल हैं। कोर्ट में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपनी पत्नी सूसन रुबेन को भी नशीली दवाई दी थी, ताकि वह सोती रहे और उसे पता न चले कि वह बच्चों के साथ यौन शोषण कर रहा है। बाद में आरोपी ने इस बात को भी स्वीकार किया। प्रासिक्यूटर मैरी प्रायर ने कोर्ट को बताया कि आरोपी ने अपने धार्मिक छवि का इस्तेमाल कर बच्चों का यौन शोषण किया। साथ ही, उसने वेटनरी सर्जन के तौर पर अपने मेडिकल ज्ञान का इस्तेमाल बच्चों को बेहोश करने के लिए किया।

# इस्लामाबाद शिया मस्जिद धमाका मामला, तीन गिरफ्तार

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** पाकिस्तान में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो भाई और एक महिला शामिल है। ये तीनों लोग शुक्रवार को इस्लामाबाद के एक शिया मस्जिद में हुए आत्मघाती हमले से जुड़े बताए जा रहे हैं। इस हमले में 31 लोग मारे गए थे और 169 अन्य घायल हो गए थे। आत्मघाती हमलावर ने खदीजा अल-कुबरा मस्जिद (इमामबाड़ा) में खुद को उड़ा लिया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इन तीनों से पूछताछ जारी है और जांच एजेंसियां इस हमले के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने में जुटी हुई हैं।



**पाक ने भारत को जिम्मेदार बताया, विदेश मंत्रालय बोलाः पाकिस्तान खुद को धोखा दे रहा**

दूसरी ओर भारत ने हमले की निंदा करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय ने देर रात बयान जारी कर कहा कि हमले में भारत के शामिल होने का दावा निराधार है। विदेश मंत्रालय ने कहा-यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान इन मुद्दों का हल ढूंढने के बजाय, दूसरों को अपनी परेशानियों के लिए दोषी ठहरा रहा है। विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि पाकिस्तान खुद को ही धोखा दे रहा है। भारत का ये बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के उस दावे के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि हमले में भारत और अफगानिस्तान शामिल थे। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमाके में मारे गए लोगों के लिए शोक जताया है। उन्होंने कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना इंसानियत के खिलाफ है। जरदारी ने घायलों के जल्द ठीक होने की दुआ की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को हर संभव बेहतर इलाज की सुविधा दी जाए। पार्लियामेंट्री अफेयर्स के मंत्री डा. तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस्लामाबाद में हुए धमाके की मैं कड़ी निंदा करता हूं। इस हमले में मारे गए लोगों के लिए दुखी हूं। ऐसी आतंकी घटनाएं देश और लोगों का हौसला नहीं तोड़ सकती। जरूरत है कि हम सब मिलकर शांति के लिए एकजुट हों और कानून व्यवस्था संभालने वाली एजेंसियों के साथ मजबूती से खड़े रहें।

# ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर टैरिफ को मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान संबंधी एक खास कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह आदेश अमेरिका को उन देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की अनुमति देता है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ईरान से सामान या सेवाएं खरीदते हैं।

व्हाइट हाउस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह आदेश विशिष्ट टैरिफ स्तर तो निर्धारित नहीं करता है, लेकिन अधिकारियों को बदलती परिस्थितियों के आधार पर उन्हें तय करने और समायोजित करने के लिए अधिकृत करता है। इस आदेश में यह भी कहा गया है कि अगर हालात बदलते हैं, जवाबी कार्रवाई होती है, या यदि ईरान अथवा कोई प्रभावित देश राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति एवं आर्थिक मामलों पर

**यह आदेश विशिष्ट टैरिफ स्तर तो निर्धारित नहीं करता है**

संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ तालमेल बिठाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाता है, तो राष्ट्रपति इस आदेश में संशोधन कर सकते हैं। यह आदेश विदेश मंत्री, वाणिज्य मंत्री और व्यापार प्रतिनिधि को टैरिफ प्रणाली एवं संबंधित उपायों को लागू करने के लिए नियम और दिशा-निर्देश जारी करने सहित सभी आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अधिकृत करता है। इसका उद्देश्य ईरान के ऐसे कदमों का सामना करना है, जिसमें उसकी परमाणु क्षमता हासिल करने की कोशिश, आतंकवाद का समर्थन, बैलिस्टिक मिसाइल विकास और क्षेत्रीय अस्थिरता शामिल है।

## एआई शिखर सम्मेलन समावेशी, जिम्मेदार राष्ट्रों को एक मंच पर लाएगा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 16 से 20 फरवरी तक होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट' समिट का उद्देश्य वैश्विक एआई चर्चाओं को जमीनी स्तर पर लोगों, विशेष रूप से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं और वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए वास्तविक और उपयोगी परिणामों में बदलना है। यह बात इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट पर इंडिया एआई मिशन के सीईओ अभिषेक सिंह ने शुक्रवार को डिजिटल इंडिया-हमारे विशेषज्ञों से पूछो (आस्क अवर एक्सपर्ट्स) कार्यक्रम में कही। सिंह ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अब भविष्य की अवधारणा नहीं है। यह भारतीयों के सीखने, काम करने, सेवाओं तक पहुंचने और रोजमर्रा की समस्याओं को हल करने के तरीके को नया आकार दे रहा है।

# बांग्लादेश को 30 साल बाद नया पीएम मिलेगा

### चुनाव पर भारत-पाक व चीन की टिकी है नजर, बदल जाएगा साउथ एशिया का पावर बैलेंस

**ढाका।** बांग्लादेश में 12 फरवरी को संसदीय चुनाव होने जा रहे हैं। पूर्व पीएम शेख हसीना के देश छोड़ने और खालिदा जिया के निधन के बाद यह पहला चुनाव है। 1991 से 2024 तक बांग्लादेश की राजनीति में इन दो नेताओं का दबदबा रहा। ऐसे में 35 साल बाद देश को नया प्रधानमंत्री मिलेगा। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी गई है।

चुनाव आयोग का कहना है कि 2024 में हुए छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में पार्टी की भूमिका की वजह से यह फैसला लिया गया है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि बांग्लादेश के ये चुनाव सिर्फ देश की राजनीति ही नहीं, बल्कि पूरे साउथ एशिया की डिप्लोमेसी और पावर बैलेंस को बदल सकते हैं। इसलिए भारत, पाकिस्तान और चीन भी इन चुनाव पर नजर बनाए हुए हैं। बांग्लादेश में अगस्त 2024 से नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस की लीडरशिप में अंतरिम सरकार काम कर रही है। राजनीतिक



**शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी गई है**

जानकारों के मुताबिक, हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश की विदेश नीति में बड़ा बदलाव आया है। भारत के साथ रिश्ते अब अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं, जबकि पाकिस्तान के साथ संबंध बेहतर हुए हैं और चीन के साथ रणनीतिक रिश्ते और मजबूत हुए हैं। बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना को सत्ता छोड़नी पड़ी। वे भारत आ गईं, जिससे दोनों देशों में तनाव शुरू हुआ। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले, मंदिर तोड़ने और हिंसा की खबरें आने लगीं, जिस पर भारत ने चिंता जताई। बांग्लादेशी सोशल मीडिया पर 'ग्रेटर बांग्लादेश' के नक्शे और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर भड़काऊ बातें फैलीं। मोहम्मद यूनुस ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड-लाक बताया, जिससे विवाद छिड़ा। पाकिस्तान से संबंध बेहतर हुए तथा दोनों देशों के बड़े नेताओं और अधिकारियों ने आपस में सीधे बात करना शुरू किया, जिससे पुराने तनाव धीरे-धीरे कम होने लगे। 2025 में कराची और चटगांव के बीच कार्गो जहाज फिर से चलने लगे, जिससे समुद्री व्यापार आसान हो गया। 2026 की शुरुआत में ढाका और कराची के बीच कई साल बाद सीधी फ्लाइट्स शुरू हुईं। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने वीजा के नियम आसान करने पर बात की, खासकर सरकारी काम से आने-जाने वालों के लिए। अंतर्राष्ट्रीय बैठकों में पाकिस्तान और बांग्लादेश कई मुद्दों पर एक-दूसरे के साथ खड़े नजर आए, जिससे तालमेल बढ़ा।

# बराक और मिशेल ओबामा से माफी नही मांगूंगाः ट्रम्प

### कहाः स्टाफ की गलती से वीडियो शेयर हुआ, पूर्व राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को बंदर दिखाया था

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया से पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा का वीडियो डिलीट कर दिया है। इस वीडियो में ओबामा और उनकी पत्नी को जंगल में प्राइमेट्स (बंदर) के रूप में दिखाया गया था।

हालांकि, ट्रम्प ने सफाई देते हुए माफी मांगने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मैंने शुरुआत देखी, वो ठीक थी। इसके बाद उन्होंने इसे किसी स्टाफ को भेज दिया, जिन्हें पूरा वीडियो देखना चाहिए था।' ट्रम्प का दावा है कि स्टाफ ने वीडियो के अंतिम छोटे हिस्से को मिस कर दिया, जिसमें आपत्तिजनक सामग्री थी। उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्हें इसकी जानकारी हुई, वीडियो हटा दिया गया। ट्रम्प ने स्पष्ट रूप से माफी मांगने से इन्कार करते हुए कहा 'नहीं, मैंने कोई गलती नहीं की। हालांकि, उन्होंने नस्लवादी हिस्से



**वीडियो को लेकर ओबामा ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी यह वीडियो ट्रम्प के उन कई पोस्ट्स में से एक था**

की निंदा की। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह पोस्ट एक स्टाफ की गलती से शेयर हुई थी। कुछ घंटे पहले प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा था कि पोस्ट में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। वीडियो को लेकर ओबामा ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जाएगी। यह वीडियो ट्रम्प के उन कई पोस्ट्स में से एक था, जिनमें उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली का दावा किया। करीब एक मिनट के वीडियो में उन्होंने कहा किया कि 2020 के चुनाव में बैलेट गिनने वाली कंपनी डोमिनियन वोटिंग सिस्टम्स ने ट्रम्प के खिलाफ गड़बड़ी की थी। वीडियो के आखिर में कुछ सेकंड के लिए ओबामा दंपती के चेहरे बंदरों के शरीर पर दिखाए जाते हैं। उसी दौरान बैकग्राउंड में 'द लायन स्लीप्स टुनाइट' गाना बजता है। यह सीन एक अलग इंटरनेट मीम वीडियो से लिया गया था, जिसे पहले भी एक प्रभावशाली कंजर्वेटिव मीम मेकर ने फैलाया था। उस वीडियो में ट्रम्प को 'जंगल का राजा' और डेमोक्रेट नेताओं को जानवरों के रूप में दिखाया गया था। बराक ओबामा के करीबी और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बेन रोड्स ने इसे लेकर ट्रम्प के इतिहास का काला धब्बा बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अमेरिकी लोग ओबामा दंपती को सम्मानित शख्सियतों के तौर पर याद करेंगे, जबकि ट्रम्प को इतिहास के एक काले अध्याय की तरह पढ़ा जाएगा। यह विवाद ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका में ब्लैक हिस्ट्री मंथ चल रहा है। कुछ दिन पहले ही ट्रम्प ने एक आधिकारिक घोषणा में अश्वेत अमेरिकियों के योगदान और आजादी, न्याय और समानता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की बात कही थी। यह पहली बार नहीं है जब ट्रम्प ने इस तरह का वीडियो पोस्ट किया हो। पिछले साल उन्होंने एक एआई वीडियो डाला था, जिसमें बराक ओबामा को ओवल ऑफिस में गिरफ्तार होते और जेल में दिखाया गया था। बाद में उन्होंने एक और एआई वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अश्वेत नेता हकीम जेफीज को नकली मूंछ और सोमब्रेरो पहने दिखाया गया था।

# अमेरिका ने लागू की नई हथियार हस्तांतरण रणनीति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर 'अमेरिका फर्स्ट आर्म्स ट्रांसफर स्ट्रेटेजी' की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य विदेशी सैन्य बिक्री में अमेरिकी हितों को प्राथमिकता देना और घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना है।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व और तकनीकी बढ़त बनाए रखने के लिए अब समय आ गया है कि अमेरिका को आगे रखने वाली हथियार हस्तांतरण रणनीति को स्थापित, लागू और क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह रणनीति एक तकनीकी रूप से श्रेष्ठ, तैयार और लचीले राष्ट्रीय

**वाणिज्य विभागों को आपसी समन्वय से काम करने का निर्देश दिया गया**

सुरक्षा औद्योगिक उद्यम को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि यह पहल अमेरिकी रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करेगी, ताकि उसमें अमेरिकी सेना, उसके सहयोगियों और साझेदारों का समर्थन करने की पर्याप्त क्षमता बनी रहे, विशेष रूप से ऐसे समय में जब अमेरिका साझा रक्षा बोझ बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस आदेश के तहत युद्ध, विदेश और वाणिज्य विभागों को आपसी समन्वय से काम करने का निर्देश दिया गया है, ताकि अमेरिकी निर्मित सैन्य उपकरणों का उपयोग एक ओर विदेश नीति के साधन के रूप में किया जा सके और दूसरी ओर देश के रक्षा औद्योगिक आधार को सशक्त बनाया जा सके। आदेश में कहा गया है, अमेरिका में निर्मित सैन्य उपकरण दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं। आदेश में कहा गया है कि यह रणनीति सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में होने वाले हथियार हस्तांतरण घरेलू उत्पादन, तकनीकी श्रेष्ठता और राष्ट्रीय सुरक्षा को समर्थन दें। रणनीति के तहत संघीय एजेंसियों के लिए समय-सीमा तय की गई है, जिसके भीतर उन्हें विदेशी बिक्री के लिए प्राथमिक हथियारों और प्रणालियों की पहचान करनी होगी।

# रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती है शाहिद-रश्मिका की जोड़ी





**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना की जोड़ी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती है। शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना बहुत जल्द कॉकटेल 2 में नजर आने वाले हैं। फिल्म इसी साल सितम्बर के महीने में रिलीज होगी।इस जोड़ी को एक नया प्रोजेक्ट भी मिल गया है। बॉलीवुड में चर्चा है कि निर्देशक अमित शर्मा शाहिद और रश्मिका को लेकर रोमांटिक कॉमेडी फिल्म बना रहे है। इस फिल्म का जियो स्टूडियोज के सहयोग से किया जाएगा। फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं किया गया है। चर्चा है कि शाहिद और रश्मिका अपने मौजूदा प्रोजेक्ट्स पूरे करने के बाद

# दो दीवाने सहर में के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी बने भंसाली के आइकॉनिक हीरो



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी, संजय लीला भंसाली की फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का सिर्फ हिस्सा नहीं बने हैं, बल्कि इस फिल्म के घरिए उन्होंने अपने दमदार अभिनय, भावनात्मक समझ और मजबूत स्क्रीन प्रेजेंस के साथ अपने करियर को एक अहम और नया मोड़ दिया है। संजय लीला भंसाली ने अपने करियर में सिर्फ फिल्में नहीं बनाई हैं, बल्कि सिनेमा की एक अलग ही दुनिया रची है। उनकी फिल्मों में एक खास तरह की भव्यता और भावनात्मक गहराई होती है, जो दर्शकों के दिलों में लंबे समय तक बस जाती है। भंसाली के सिनेमा में नायक सिर्फ कहानी का हिस्सा नहीं होते, बल्कि ऐसे किरदार बन जाते हैं जिन्हें लोग सालों तक याद रखते हैं। उनके नायकों में जुनून होता है, तो दर्द भी, मजबूती होती है, तो नाजुकपन भी। फिलहाल 'दो दीवाने शहर में' के जरिए सिद्धांत चतुर्वेदी ने भंसाली यूनिवर्स में कदम रखा है। संजय लीला भंसाली की फिल्मों के नायक हमेशा खास होते हैं। वे ताक़तवर होने के साथ, भीतर से टूटे हुए भी होते हैं। प्रेम उनके जीवन का केंद्र भले हो, लेकिन कर्तव्य और संघर्ष उनकी पहचान होते हैं। ए किरदार सिर्फ परदे तक सीमित नहीं रहते, बल्कि फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के जहन में बने रहते हैं। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान का समीर आज भी याद किया जाता है।

वह एक भावुक, जल्दबाज और सच्चे प्रेम में डूबा हुआ इंसान है। इस किरदार ने भंसाली के आधुनिक नायकों की नींव रखी, जो अपनी कमजोरियों के साथ भी बेहद सच्चा लगता है। फिल्म गुजारिश में ऋतिक रोशन ने बेहद संयमित और गहराई भरा अभिनय किया है। दर्द और गरिमा के बीच संतुलन बनाते हुए उन्होंने साबित किया कि खामोशी भी उतनी ही असरदार हो सकती है जितनी भव्यता। बाजीराव मस्तानी और पद्मावत में भंसाली के साथ रणवीर सिंह का सफर बेहद दमदार रहा है। बाजीराव मस्तानी में बाजीराव और पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के किरदारों में उन्होंने जुनून, पागलपन और त्रासदी को पूरी शिद्दत से जिया। यही वजह है कि उनकी ए भूमिकाएं उन्हें भंसाली के सबसे यादगार अभिनेताओं में शामिल करती हैं। भंसाली की आगामी फिल्म लव एंड वॉर में रणबीर कपूर एक ऐसे नायक के रूप में नजर आनेवाले हैं, जो भीतर से उलझा हुआ है। सांवरिया के बाद इस फिल्म में भी रणबीर कपूर की संजीदा और भावनात्मक अभिनय शैली, भंसाली के सिनेमा से अच्छी तरह मिलकर दर्शकों का मनोरंजन करेगी। इसी फिल्म में विक्की कौशल भी नजर आएंगे। विक्की कौशल के किरदारों में सादगी, सच्चाई और भावनात्मक ताक़त दिखाई देती है, जो भव्य कहानियों को और ज्यादा जमीन से जोड़ती है। दो दीवाने सहर में के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी, भंसाली सिनेमा में एक ऐसे नायक के रूप में उभरे हैं, जो अपनी आंखों से ही सारी बातें बयान करने का हुनर रखता है। फिल्म की झलकियों में वह एक संवेदनशील और भावुक प्रेमी के रूप में दिखाई देते हैं, जो शांत भी है और भीतर से गहराई से महसूस करने वाला भी। उनकी आंखों में एक अलग सी बेचैनी और सच्चाई दिखती है, जो भंसाली के नायकों की पहचान रही है।



# माधुरी दीक्षित ने देवदास में भंसाली संग काम करने के अनुभव पर की बात

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार माधुरी दीक्षित ने संजय लीला भंसाली की सुपरहिट फिल्म देवदास में उनके साथ काम करने के अपने अनुभव को याद किया है। यह फिल्म आज भी हिंदी सिनेमा की सबसे विजुअली रिच और भव्य क्लासिक्स में गिनी जाती है।

अपनी ग्रैंड सिनेमैटिक विजन के लिए अक्सर गुरु दत्त और राज कपूर जैसे दिग्गज फिल्ममेकर्स से तुलना किए जाने वाले भंसाली के बारे में माधुरी का कहना है कि उन्होंने सिर्फ पर्दे पर ही नहीं, बल्कि फिल्ममेकिंग की पूरी प्रक्रिया में भी कविता घोल दी थी।

माधुरी दीक्षित ने फिल्म देवदास में चंद्रमुखी के अपने किरदार के बारे में बात करते हुए इसे बेहद लेयर्ड और इमोशनली रिच बताया। उन्होंने कहा, ष्मुझे भंसाली जी के साथ काम करके बहुत मजा आया। चंद्रमुखी फिल्म का एक बेहद अहम किरदार था। सिर्फ डांस मूव्स ही नहीं, बल्कि फिल्म का हर सीन कविता जैसा लगता है। माधुरी दीक्षित ने बताया कि चंद्रमुखी की जर्नी उन्हें मीरा बाई की याद दिलाती है। माधुरी ने साझा किया, ष्उसके भीतर एक जन्मजात मासूमियत है। वह बिल्कुल मीरा जैसी है, क्योंकि वह ऐसे इंसान से प्यार करती है जिसे वह जानती है कि वह उसे कभी वापस प्यार नहीं कर पाएगा। इसलिए हम उस पैशन को, उन छोटे-छोटे एक्सप्रेशंस को कैप्चर करना चाहते थे, जो भाषा और भावनाओं के जरिए सामने आते हैं।

उन्होंने कहा कि उनका और भंसाली का साथ काम करने का अनुभव ष्बेहद खूबसूरत रहा। माधुरी दीक्षित ने भंसाली की बारीकी से गढ़ी गई सीक्वेंस की फिजकिल डिमांड्स पर भी विस्तार से बात की, खासतौर पर आइकॉनिक गाने काहे छेड़ छेड़ मुझे के दौरान। उस भारी-भरकम कॉस्ट्यूम को याद करते हुए माधुरी ने बताया कि उन्होंने जो घाघरा पहना था, वह बेहद वजनदार था। उन्होंने साझा किया, ष्वह असली वेलवेट से बना था और उस पर असली एम्ब्रॉयडरी का काम किया गया था। असली मोतियों के इस्तेमाल ने उसे और भी भारी बना दिया था। उन्होंने बताया कि कॉस्ट्यूम का वजन इतना ज्यादा था कि जब वह घूमना बंद भी कर देती थीं, तब भी घाघरा अपने आप उनके चारों ओर घूमता रहता था। इन तमाम चुनौतियों के बावजूद माधुरी मानती हैं कि सारी मेहनत पूरी तरह वाजिब थी।

उन्होंने कहा, जब आप उसे पर्दे पर देखते हैं डिटेल पर उनकी नजर, हर सीन को शूट करने का तरीका तो लगता है कि यह सब कुछ करना पूरी तरह सार्थक था। माधुरी दीक्षित ने कहा, लोग भंसाली को टास्कमास्टर कहते हैं, लेकिन जब हम साथ काम कर रहे थे तो वह सेट पर बहुत स्वीट थे। वह बस एक ही बात कहते थे, मुझे थोड़ा सा मैजिक दे दो। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी अगली डायरेक्टोरियल फिल्म लव एंड वॉर की शूटिग में व्यस्त हैं, जिसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।




# निर्माता हरमन और निर्देशक आरती फिर दिखेंगे साथ



**मुंबई।** बावेजा स्टूडियोज के निर्माता हरमन बावेजा और निर्देशक आरती कड़व आगामी फिल्म के लिए फिर से साथ आ रहे हैं। बावेजा स्टूडियोज के निर्माता हरमन बावेजा और निर्देशक आरती कड़व, जिन्होंने हाल के वर्षों की सबसे सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्मों में से एक दी, अब एक नए प्रोजेक्ट के लिए फिर से हाथ मिला रहे हैं। फिल्म 'मिसेज' की पहली सालगिरह के मौके पर हरमन और आरती दोनों ने इंस्टाग्राम के जरिए इस री-यूनियन की जानकारी दी।

'मिसेज' बावेजा स्टूडियोज और आरती कड़व के लिए एक माइलस्टोन साबित हुई। संवेदनशील निर्देशन, दमदार लेखन और सधे हुए प्रोडक्शन के लिए फिल्म को खूब सराहा गया। वहीं सान्या मल्होत्रा की दिल को छू लेने वाली परफॉर्मेंस ने उन्हें कई अवॉर्ड्स दिलाए। इस फिल्म ने हरमन बावेजा को सिर्फ सार्थक सिनेमा का समर्थन करने वाले निर्माता के रूप में ही नहीं, बल्कि एक कहानीकार के रूप में भी स्थापित किया, क्योंकि वह इस प्रोजेक्ट के सह-लेखक भी थे। हरमन बावेजा ने कहा, मिसेज उन गिनी-चुनी फिल्मों में से है, जो बनने के बाद भी लंबे समय तक आपके साथ रहती है। सिर्फ इसलिए नहीं कि इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, बल्कि इसलिए कि इसे पूरी ईमानदारी से बनाया गया। आरती के साथ काम करके मुझे फिर एहसास हुआ कि जब पूरी टीम एक ही सोच और संवे. दनशीलता के साथ काम करती है, तो सिनेमा कितना ताकतवर हो सकता है। पिछले एक साल में, जैसे-जैसे फिल्म ने अपना दर्शक और पहचान पाई, मेरा यह भरोसा और मजबूत हुआ कि यही वो कहानियां हैं, जिन्हें मैं आगे भी सपोर्ट करना चाहता हूं। दोबारा साथ आना किसी री-यूनियन जैसा नहीं, बल्कि उस क्रिएटिव सफर का अगला स्वाभाविक कदम लगता है, जिस पर हमें पूरा भरोसा है।

# नागबंधम से सामने आया ऋषभ साहनी का पावरफुल लुक

**मुंबई।** निर्देशक अभिषेक नामा की मोस्ट अवेटेड माइथोलॉजिकल एक्शन ड्रामा नागबंधम, जिसमें वीरत कर्णा लीड रोल में नजर आएंगे, इस समर ग्रैंड पैन-इंडिया रिलीज के लिए तैयार है। 15 घ्रवरी को महाशिवरात्रि के शुभ मौके पर फिल्म का टीजर रिलीज होने वाला है, जिससे पहले मेकर्स ने इस एपिक कहानी के एक अहम किरदार का फर्स्ट लुक भी सामने ला दिया है, जिसने एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। फाइटर में अपने दमदार अंदाज से पहचान बना चुके ऋषभ साहनी ने नागबंधम में भी जबरदस्त असर छोड़ा है। इस फिल्म में वह कुख्यात अफगान सुल्तान अब्दाली के रोल में नजर आएंगे। 1750 के दौर पर बनी यह कहानी भारत में अब्दाली के हमलों को दिखाती है, जहां मंदिरों की लूट, दौलत की भूख और उसकी बेरहम फितरत को सामने रखा गया है। फर्स्ट-लुक पोस्टर एक जबरदस्त और डरावने माहौल को दिखाता है, जहां बर्फ से ढका जंग का मैदान तूफानी हवाओं से घिरा है। ऋषभ मिड-चार्ज में नजर आते हैं, हाथ में खून से सना विशाल बैटल एक्स लिए हुए, आंखों में खौफ और जुनून साफ झलकता है। उनके पीछे विशाल सेना आगे बढ़ती दिखती है, ठंडी हवाओं में लहराते हरे जंगी झंडे, तीरंदाज, योद्धा और विशाल युद्ध हाथी इस हाई-वोल्टेज वॉर कैनवास को और भव्य बना देते हैं।

